# जागरूक टाइम्स

jagruktimes.co.in

जयपुर, शुक्रवार, 28 मार्च, 2025 | वर्ष 16 | अंक 326 | पृष्ठ 12 | मूल्य 1.50 रु.



सत्यमेव जयते
राजस्थान सरकार



श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री



श्री भजनलाल शर्मा
माननीय मुख्यमंत्री

## राजस्थान दिवस साप्ताहिक महोत्सव

# विकास एवं सुशासन उत्सव

**लगभग 10 हजार करोड़ रुपए के कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण**

मुख्य अतिथि

## श्री भजनलाल शर्मा

माननीय मुख्यमंत्री

**28 मार्च, 2025 | चित्रकूट धाम स्टेडियम, भीलवाड़ा | अपराह्न 12:00 बजे**

### शुभारंभ / विमोचन

- राजस्थान पत्रकार स्वास्थ्य योजना का शुभारम्भ
- सभी जिलों की पंच गौरव पुस्तिका का विमोचन
- ई-उपचार एप का लांच

### योजनाओं के दिशा निर्देश/आदेश

- स्थानीय निकायों का सशक्तिकरण
- फायर एन.ओ.सी. प्रक्रिया का सरलीकरण
- रजिस्ट्री अब सप्ताह में 2 दिन प्रातः 8 से रात्रि 8 बजे तक
- हरित अरावली विकास परियोजना
- नये जिलों में डी.एम.एफ.टी. गठन
- राशन दुकानों में अन्नपूर्णा भण्डार

**विकसित राजस्थान - समृद्ध राजस्थान**

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, राजस्थान

राजस्थान संवाद

# प्रदेश की जनता के कल्याण के लिए समर्पित है भजनलाल सरकार : अविनाश गहलोत

जागरूक टाइम्स संवाददाता




**चूरू।** राजस्थान स्थापना दिवस के उपलक्ष में आयोजित किया जा रहे सप्ताहिक समारोह अंतर्गत गुरुवार को अंत्योदय कल्याण समारोह आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मुख्य अतिथि में भरतपुर में आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम से जिला मुख्यालय पर मातुश्री कमला गोयनका टाउन हॉल में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम वीसी के जरिए जुड़ा रहा। इस अवसर पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग मंत्री तथा जिला प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत, विधायक हरलाल सहारण, जिला प्रमुख वंदना आर्य, जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा, जिला उप प्रमुख महेंद्र न्यौल सहित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों ने शिरकत की। सीईओ श्वेता कोचर, एसीईओ दुर्गा ढाका, एसजेईडी डीडी नगेंद्र सिंह राठौड़, बीडीओ महेन्द्र भार्गव, प्रेम सिंह चौहान, रामनिवास भुंवाल आदि ने अतिथियों का स्वागत किया। जनता के कल्याण के लिए समर्पित है भजनलाल सरकार इस अवसर पर संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा कि प्रदेश की भजनलाल सरकार प्रदेश की जनता के कल्याण के लिए समर्पित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन तथा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश निरंतर प्रगति पथ पर अग्रसर है। राजस्थान विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने अपनी बजट घोषणाओं से समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति तक सुविधाएं एवं संसाधन मुहैया करवाने की दृष्टि से सौगात दी है। सरकार की मंशा है कि गरीब एवं वंचित वर्ग को समाज की मुख्य धारा में लाया जाए और उनको समुचित सुविधाएं व संसाधन उपलब्ध करवाए जाएं। प्रभारी मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार के विशेष प्रयासों से भ्रष्टाचार और पेपर लेकर प्रकरणों पर रोक लगी है। सीएम शर्मा युवाओं के सुरक्षित भविष्य के लिए दृढ़ संकल्पित है। इसलिए बीते डेढ़ साल में प्रदेश में आयोजित विभिन्न भर्ती परीक्षाओं में एक भी पेपर लीक प्रकरण नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने जनता की मांग के अनुसार बजट घोषणाएं की है और अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों के समन्वय के साथ इन बजट घोषणाओं को शत- प्रतिशत और यथाशीघ्र धरातल पर उतारने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। गहलोत ने कहा कि प्रदेश सरकार राजस्थान की जनता के विकास के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगी। सभी को समान रूप से आगे बढ़ाने का काम प्रदेश सरकार कर रही है। तत्कालीन मुख्यमंत्री भैरोसिंह शेखावत और वसुंधरा राजे सिंधिया ने अंत्योदय की भावना को राजस्थान के जनमानस में मजबूत और सुदृढ़ करने का काम किया। प्रदेश मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जमीनी हकीकत से वास्ता रखते हुए जमीन स्तर पर बेहतरीन प्रयासों के लिए काम कर रहे हैं। बजट घोषणा के माध्यम से चूरू जिले में विभिन्न सौगात दी गई हैं। सड़क, नहरी क्षेत्र, पेयजल, युवा कल्याण व रोजगार, कृषक कल्याण आदि सभी क्षेत्रों को छूने का प्रयास किया गया है। इस अवसर पर संबोधित करते हुए विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि प्रदेश सरकार अंतिम छोर के व्यक्ति को लाभान्वित कर रही है।



## दादी जानकी की पांचवी पुण्य स्मृति दिवस मनाया

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सादुलपुर सेवा केंद्र पर संस्था की पूर्व मुख्य प्रसाशिका दादी जानकी की पाँचवी पुण्य स्मृति दिवस श्री मांगतूराम मोहता की अध्यक्षता में मनाया गया । सर्व प्रथम दादी की मूर्ति पर सभी ने श्रद्धा सुमन अर्पित किये ब्रह्मा कुमारी शोभा दीदी ने दादी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा की दादी जानकी जी ने ही 150 देशों में संगठन को मजबूती दी एडवोकेट बृजमोहन ने बताया की दादी का खास सलोगन था की मै कौन और मेरा कौन रतनजी ने विचार व्यक्त किये भाई सुरेंद्र एडवोकेट व सतवीर भाई ने भजन की प्रस्तुति दी श्रद्धांजलि सभा मे सभी ने दादी को नमन कर पुष्प अर्पित किए किया।

## तोला कॉलेज की छात्रा रेणू ने स्वर्ण पदक हासिल किया

**सादुलपुर।** तोला महिला पी.जी महाविद्यालय सादुलपुर की छात्रा रेनू पुत्री सुभाष चंद्र गांव पहाड़सर ने महाराजा गंगा सिंह



विश्वविद्यालय की सत्र-2023 की एम.ए संस्कृत की परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त कर स्वर्ण पदक हासिल किया। प्राचार्य ने बताया कि विश्वविद्यालय में माननीय राज्यपाल राजस्थान एवं कुलाधिपति की अध्यक्षता में आयोजित भव्य दीक्षांत समारोह में छात्रा रेनू को स्वर्ण पदक एवं मेरिट सर्टिफिकेट प्रदान किया गया है। जो महाविद्यालय के लिए गौरव की बात है । महाविद्यालय परिवार ने छात्रा को बधाई दी एवं उज्जवल भविष्य की कामना की।

## पशुपालन विभाग ने गौशाला में किया टीकाकरण



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**फुलेरा।** पशुपालन विभाग ओर से पाँचवें चरण के तहत गुरुवार को श्रीनारायण गौशाला मे गोवंश को खुरपका मुंहपका रोग का टीकाकरण किया गया । गौशाला के अध्यक्ष पवन कुमार कुमावत व कोषाध्यक्ष कैलाश ताला ने बताया कि पशुपालन विभाग के टीम प्रभारी व पशु चिकित्सा अधिकारी नरेंद्र चौधरी के निर्देशन में पशुधन प्रसार अधिकारी सीताराम नागा,पशुधन निरीक्षक पूरणमल वर्मा, पशुधन निरीक्षक गिरधारी वर्मा पशु चिकित्सा कर्मचारी महासंघ, राजस्थान के प्रदेश सचिव कमल चौधरी ने गौशाला के समस्त गोवंश का टीकाकरण किया। बहुउद्देशीय पशु चिकित्सालय प्रभारी व फुलेरा नॉडल अधिकारी डॉ.गणेश गर्ग ने बताया की खुरपका-मुँहपका रोग का टीकाकरण नहीं करवाने से पशुओं में खुरपका-मुँहपका रोग आने की संभावना रहती है जिससे पशुओं के खुरों व मुँह में छाले होते हैं व पशु खाना-पीना कम कर देता है जिससे पशुओं का उत्पादन प्रभावित होता हैं। पशुओं में खुरपका-मुँहपका रोग से बचाव के लिए समय-समय पर पशुओं के टीकाकरण करवाना चाहिए।



## सिधमुख ग्रामीणवासियों ने किया रोड जाम, मौके पर पहुंचे एसडीम

### पीडब्ल्यूडी व विद्युत विभाग के अधिकारी समस्या का समाधान किया

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** सिधमुख के वार्ड नंबर 13 में शिवानी रोड पर क्षतिग्रस्त विद्युत पोल पिछले पाच माह से टूटा हुआ था। जिससे आने जाने वालों के ऊपर संकट मंडराता रहता है। ग्रामीणों ने बताया कि विद्युत विभाग के सहायक अभियंता और कनिष्ठ अभियंता को कई बार अवगत करवाया गया है। लेकिन अभी तक पोल नहीं बदल गया है इस पोल के पास ही सीसी रोड का निर्माण कार्य अधर में पड़ा है। अटके हुए सडक़ निर्माण कार्य की वजह से 24 घंटे पानी भार रहता है। छोटे-मोटे वाहन पोल के बिल्कुल पास से गुजर रहे हैं। मुख्य सडक़ होने के कारण यहां पर हर समय यातायात भारी संख्या में आवाजाई करते रहते हैं। जिससे कभी भी विद्युत पोल गिर सकता था और जनहानी का खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों ने रोङ जामकर प्रदर्शन किया। मौके पर राजगढ़ उपखंड अधिकारी वीनू वर्मा, पीडब्ल्यूडी, विद्युत विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने विद्युत पोल बदलने की बात कही, अधिकारियों ने मौके पर ही बात को मंजूर करते हुए तुरंत विद्युत पोल को बदला । सडक़ का कार्य अधर में अटका हुआ होने की बात को लेकर के पीडब्ल्यूडी अधिकारी ने 7 दिन तक का समय मांगा, ग्रामीणों ने अधिकारियों से लिखित मे आश्वासन लिया।ग्रामीणों कि मांगी पूर्ण करने पर धरना प्रदर्शन को खत्म किया।

## नशे के विरुद्ध बकेट चैलेंज को किया स्वीकार नशा जीवन से करो बाहर



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** गुरुग्राम हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह, भापुसे के दिशानिर्देशों एवं पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा, भापुसे और पुलिस अधीक्षक पंखुड़ी कुमार के नेतृत्व में नशे के विरुद्ध निरंतर जागरूकता कार्यक्रम भी किये जा रहे हैं। इस कड़ी में आज ब्यूरो द्वारा एपीजे सत्या यूनिवर्सिटी में नशे के विरुद्ध एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में बकेट चैलेंज को मुख्य धारा में रखा गया। विश्वविद्यालय के उप कुलसचिव मोहसिन खान की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम हुआ जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ विजय कुमार के साथ मिलकर स्वयंसेवकों के साथ बकेट चैलेंज कार्यक्रम हुआ। जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी डॉ अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि ब्यूरो के पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह साहब की सकारात्मक सोच के अनुसार बकेट चैलेंज अभियान चलाया गया है।

इस अभियान से यह अभिप्राय है कि जिस प्रकार बाल्टी के दूषित जल को हम अपने दैनिक जीवन में किसी भी प्रयोग में नहीं लाते हैं, जैसे स्नान करना, बर्तन धोना, सेवन करना आदि। ठीक उसी प्रकार नशे की तुलना दूषित जल से करते हुए उसे जीवन से बाहर फेंक दें। डॉ विजय कुमार ने इस अभियान की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि वास्तव में आज नशे को समूल नष्ट करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि ब्यूरो के प्रयास निश्चित रूप से सफल होंगे और न केवल हरियाणा अपितु पूरा भारत नशा मुक्त होकर रहेगा। डॉ अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि नशा के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई इस बात का साक्ष्य है कि 2023 में 3823 अभियोग अंकित कर 5918 से अधिक अपराधियों को कारागार तक पहुँचाया गया है तो वर्ष 2024 में 3330 अभियोग अंकित कर 5201 नशा तस्करों को कारागार का मार्ग दिखाया है। डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि कोई भी व्यक्ति हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के हेल्पलाइन नंबर 9050891508 पर अथवा 1933 पर नशे के विरुद्ध गुप्त सूचनाएं दे सकते हैं।

## बाल मुकुंद ओझा लोकमत पत्रकारिता पुरस्कार से सम्मानित



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े, विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा, पूर्व सांसद डॉ.विजय दर्डा तथा एडिटर इन चीफ राजेंद्र दर्डा ने बुधवार को जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित एक भव्य समारोह में चूरू के मूल निवासी, वरिष्ठ लेखक, स्तम्भकार और स्वतंत्र पत्रकार बाल मुकुंद ओझा को राजस्थान की हिन्दी पत्रकारिता में उत्कृष्ट योगदान के लिए स्वतंत्रता सेनानी जवाहर लाल दर्डा स्मृति लोकमत पत्रकारिता पुरस्कार 2016 - 2017 से सम्मानित किया।बाल मुकुंद ओझा पिछले 55 से भी अधिक वर्षों से पत्रकारिता, साहित्य और जनसम्पर्क के क्षेत्र में सक्रिय है तथा सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग में संयुक्त निदेशक के पद से 2013 में सेवानिवृति के बाद दैनंदिन देशभर के समाचार पत्रों से स्तम्भकार के रूप में जुड़े है। समारोह में ओझा को 11 हजार की सम्मान राशि, सम्मान पत्र एवं ट्राफी प्रदान की गई।

## झाझड़िया खाप की पंचायत आयोजित



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** अखिल भारतीय सर्वजाति के प्रधान रायसिंह झाझड़िया की अध्यक्षता में तारानगर के झाझड़िया टायर रिसोल पर गुरुवार को सर्वजाति झाझड़िया खाप की पंचायत हुई।

पंचायत में प्रधान झाझड़िया ने कहा समाज में फैली कुरुतियों के खिलाफ 5 अप्रेल को 2025 को पंजाब के मौजगढ़ गाँव अबोहर में महापंचायत होने जा रही है जिसमें सभी झाझड़िया समाज के लोग ज्यादा से ज्यादा पहुंचे और आपसी भाई चारा बनाएं रखे। प्रधान झाझड़िया ने बताया कि लडक़ा लड़की को एक समान समझे, ज्यादा से ज्यादा शिक्षित बनाएं। अपने आसपास के क्षेरर में ज्यादा से ज्यादा पौधरोपण करें। गरीब परिवार की लडक़ी में सहयोग करें। इस मोके पर रामस्वरूप झाझडिया, सतवीर नानवास, प्रीतसिँह, मनोहर, संजय सिहाग, सुरेन्द्र, जिकुसिंह, रामकुमार, रामजीलाल, हवासिँह, नोपाराम, शिव कुमार, नरेन्द्र, श्री चंद, प्रहलाद सहित काफी लोग उपस्थित थे।

## घरों में सुबह-शाम गौर के गीत की गूंज और निकाले जा रहे है बंदौरे

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** कस्बे में गणगौर पूजन भी परवान चढऩे लगा है घरों में सुबह



शाम गौर के गीत की गूंज और बंदौरे निकालने की परंपराएं निभाई जा रही है । इसी अवसर पर महाराणा प्रताप चौक के पास वार्ड नं 03 में महिलाओं ने गणगौर के गीत गाए और गौर के पूजन किया गौर पूजन में सविता, ज्योति प्रियंका ,गोलू ,मोनिका आदि महिलाएं शामिल थी।

## राजगढ़ पुलिस ने भारी मात्रा में अवैध शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया

**सादुलपुर।** राजगढ़ पुलिस ने गुरुवार को भारी मात्रा में अवैध शराब जब्त करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी निकटवर्ती गांव भामासी का सुमेरसिंह जाट है। मिली जानकारी के अनुसार जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक किशोरी लाल तथा सहायक पुलिस अधीक्षक निश्चल प्रसाद एम के निर्देशन में राजगढ़ पुलिस थानाधिकारी सीआई राजेश कुमार सिहाग ने यह कार्रवाई की है। पुलिस ने भामासी गांव में सुमेर सिंह के यहां छापा मारा तो उसके घर मे हरियाणा निर्मित अवैध शराब के 17 कार्टून बरामद हुए हैं। जब्त की गई शराब में 624 पव्वे तथा 84 हाफ माल्टा शराब शामिल है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करते हुए बरामद शराब को जब्त कर लिया है। पुलिस टीम में सिपाही कुलदीप, सुरेश कुमार, धर्मपाल इंद्र कुमार तथा अनीता शामिल रही।

## संथारा एक महातप और समता आत्म बल का प्रतिरूपः साध्वी विद्यावती

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** संथारा महातप और समता एवं आत्म बल का प्रतिरूप होता है। उक्त विचार आचार्य महाश्रमण की वरिष्ठ शिष्या शासनश्री साध्वी विद्यावती ने बुधवार की रात्रि को अपने उद्बोधन में व्यक्त किया। सादुलपुर के स्वर्गीय झूमरमल



बैद की धर्मपत्नी सिरेकंवरी देवी उर्फ सरिया बाई के 56 दिवसीय संथारे की संपन्नता पर उक्त धर्म सभा हुई। सेठिया भवन में संथारा के मोक्ष गमन पर श्री जैन श्वेतांबर तेरापंथ सभा की ओर से आयोजित अध्यात्म स्मृति सभा में बड़ी संख्या में विभिन्न वर्गों के लोग शामिल हुए। साध्वी विद्यावती ने कहा कि सेवा त्याग और समर्पण का प्रतीक तेरापंथ धर्म संघ है। इसी धर्म संघ में सबसे ज्यादा स्वैच्छिक संलेखना संथारे होते हैं जो अध्यात्म के क्षेत्र में एक गौरवपूर्ण बात है। मुख्य वक्ता साध्वी सूर्य यशा ने संथारे के महातम्य का उल्लेख करते हुए आगामी नवरात्रा अनुष्ठान की भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सेठिया भवन में नवरात्रा के दौरान आध्यात्मिक अनुष्ठान चलेंगे। कार्यक्रम में श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथ सभा के अध्यक्ष अमरचंद कोठारी, मंत्री विनोद कोचर, युवक परिषद अध्यक्ष प्रमोद दुगड़, साध्वी दिव्या प्रभा, साध्वी प्रशस्त प्रभा एवं श्याम जैन ने सिरे कंवरी देवी के त्याग और तप विषय पर विचार व्यक्त किए।

साध्वी वृंद की अर्हत वंदना के साथ आरंभ हुए कार्यक्रम में जयपुर की निर्मला जूनिवाल, सिरसा के विमल नौलखा, भिवानी महिला मण्डल की सुनिता नाहटा, गोहाटी की ममता जैन सहित अरविंद कोठारी, दीपा जैन, मनीष बैद, किरणदेवी कोठारी, सुशील भगत सरावगी, किशन धाडेवा ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संयोजन उषा दूगड़ ने किया। कार्यक्रम में संथारा साधिका की पुत्र पुत्रियों पदम बैद, अमित, ललित एवं कंचन लुणावत, सम्पतदेवी कोचर, संतोष सिपाणी, मंजू डोसी, सुन्दरा नौखला, कांता श्रीमाल की भागीदारी रही। परिवार जनों ने भी श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए माता सिरे कंवरी देवी के संथारे कुल के लिए ही नहीं समाज और धर्म संघ के लिए एक गौरव बताया। इस अवसर पर उपस्थित सभी श्रद्धालुओं ने साध्वियों से एक-एक साल के लिए विभिन्न अध्यात्म संकल्प तथा त्याग प्रत्याख्यान किए। उल्लेखनीय है कि राजगढ़ सादुलपुर के इतिहास में पांच दशकों के बाद यह दूसरा सबसे बड़ा और ऐतिहासिक संथारा व्रत रहा है।

## सीनियर नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप (महिला वर्ग) में राजगढ़ को दो मैडल

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** राजगढ़ उपखण्ड क्षेत्र के बघेला गांव की दो बेटियों ने जीते दोनों मैडल। द्रोणाचार्य अवार्डी बॉक्सिंग कोच अनूप कुमार सहारन ने प्रेस को बताया कि 8वीं सीनियर नेशनल वीमेन बॉक्सिंग चैंपियनशिप जो कि दिनांक 21 से 27 मार्च 2025 तक ग्रेटर नोएडा,उत्तरप्रदेश में आयोजित हो रही थी,जिसमे राजस्थान राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए गांव बघेला की दो बेटियों ललिता 70 किलो भर वर्ग व सुनीता 51 किलो भार वर्ग ने ब्रॉन्ज मैडल जीतकर महिला सशक्तिकरण की मिशाल पेश की है। पूर्व में भी इन मुक्केबाजों द्वारा मैडल अर्जित किये गए हैं। मैडल आने पर सरपंच कृष्ण बघेला,प्रेमवीर गोदारा, एडवोकेट ओमप्रकाश, जग्गू सरपंच, मनोज पूनिया, मुस्ताक चौहान, प्राचार्य राजकुमार, राकेश लम्बोर,इस्तियाक खां,बलवन्त सिंह आदि ने बधाइयाँ दी व खुशी जताई।

## संविदा पर कार्यरत यशोदाओं ने की मानदेय बढ़ाने की मांग



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** संविदा पद पर कार्यरत यशोदाओ ने चूरू जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा के माध्यम से राजस्थान सरकार को मानदेय बढ़ाने की मांग की. सामाजिक संगठन चूरू एकता मंच के माध्यम से मातृ शक्ति के शोषण को खत्म कर आर्थिक संबल प्रदान करने बाबत मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को मानदेय में वृद्धि करने की मांग की। मंच के जिलाध्यक्ष सलीम खान और यशोदा पुष्पा वर्मा ने बताया कि यशोदा जननी सुरक्षा योजना के तहत कार्यरत महिलाओं को 9 माह तक महिलाओं को प्रसव की जानकारी और उसके बाद बेस्ट फीडिंग की जानकारी प्रदान करती है। यशोदाओं की अस्पताल में 24 घंटे ड्यूटी लगती है जिसमें दिन और रात शामिल है जबकि इनका मानदेय केवल ?6000 प्रतिमाह है जो बहुत कम है। पिछले 12 वर्षों से यशोदा के मानदेय में किसी भी प्रकार की कोई वृद्धि नहीं की गई है जिसके कारण इस आर्थिक युग में इन महिलाओं को अपने भरण पोषण और परिवार का पालन करने में बहुत कठिनाई आ रही है। एकता मंच के माध्यम से इनका प्रतिमाह 6000 से बढ़ाकर 15000 किया जाए और इन्हें संविदा रूल 2022 में शामिल किया जाए। इस अवसर पर सुनीता सोनी, सुमित्रा, विजय शर्मा, रेनू शर्मा, सरोज , सुनीता चौधरी ,संतोष शर्मा ,पुष्पा दर्जी ,बेबी दर्जी ,सुनीता सारस्वत ,सुमन सरोज रामपुरा,इंदिरा सैनी, जबकि एकता मंच के उपाध्यक्ष कपिल चंदेल, सेवाभावी विनोद राठी, न्यायालय रीडर रहे पुष्करणा समाजसेवी सत्यनारायण व्यास , पत्रकार प्रमोद शर्मा आत्मा राम गुरु, मुकेश निर्वाण, सुशील शर्मा, भानु प्रकाश सेवदा, राकेश वर्मा, डॉक्टर संगीता वर्मा आदि उपस्थित रहे।

## आमजन को पोषण एवं स्वास्थ के प्रति किया जा रहा है जागरूक

### स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी प्रश्नोत्तरी एवं पोस्टर प्रतियोगिता कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**धौलपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग उपनिदेशक धीरेंद्र सिंह के निर्देशन एवं सहायक निदेशक महिला अधिकारिता विभाग जयप्रकाश निराणियां, सीडीपीओ भूपेश गर्ग, सहायक लेखाधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग मांगीलाल आर्य की उपस्थिति में पोषण अभियान के अन्तर्गत पोषण एवं स्वास्थ प्रश्नोत्तरी एवं पोस्टर प्रतियोगिता कार्यक्रमों का आयोजन राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय धौलपुर में प्रधानाचार्य अर्चना मिश्रा की अध्यक्षता एवं व्याख्याता भगवान सिंह मीना की देखरेख में किया गया। उन्होंने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पोषण और स्वास्थ्य पर पोस्टर एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य समाज में पोषण और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

महिला एवं बाल विकास विभाग के उपनिदेशक ने बताया कि एक एकीकृत पोषण सहायता के अंतर्गत रणनीतिक बदलाव और स्वास्थ्य, कल्याण और प्रतिरक्षा को बढ़ावा देने वाली प्रथाओं को विकसित करने और बढ़ावा देने के लिए एक अभिसारी पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण पर केंद्रित है। इस अभियान का उद्देश्य किशोरियों, गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माताओं और 0-6 वर्ष की आयु के बच्चों की पोषण स्थिति पर जोर देना है।

पोषण अभियान के अन्तर्गत जिलेभर में स्कूलों एवं कॉलेजों में ज्यादा से ज्यादा विद्यार्थियों के माध्यम से प्रतियोगिताओं का आयोजन कर स्वास्थ्य एवं पोषण के प्रति आमजन को जागरूक करना विभाग का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने बताया कि पोषण अभियान की शुरुआत 8 मार्च, 2018 को राजस्थान के झुंझुनू जिले में माननीय प्रधानमंत्री द्वारा की गई थी। अभियान का फोकस किशोरियों, गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माताओं और 0-6 वर्ष की आयु के बच्चों की पोषण स्थिति पर जोर देना है। यह कार्यक्रम लक्षित दृष्टिकोण के साथ प्रौद्योगिकी, अभिसरण और सामुदायिक भागीदारी के उपयोग के माध्यम से बच्चों में अचेतनता, कुपोषण, एनीमिया और जन्म के समय कम वजन के स्तर को कम करने का प्रयास करता है, साथ ही किशोरियों, गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं पर भी ध्यान केंद्रित करता है। इसी प्रकार कुपोषण को समग्र रूप से संबोधित करता है। प्रतियोगिता प्रभारी भगवान सिंह मीना ने बताया कि प्रश्नोत्तरी एवं पोस्टर प्रतियोगिता में लगभग 100 से अधिक छात्राओं ने भाग लिया जिसमें विजेता विद्यार्थियों प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले का उचित पारितोषिक देकर सम्मान किया जाएगा। इस अवसर पर उप प्राचार्य बिंदुरानी,व्याख्याता सतीश कुमार मीणा, वरिष्ठ अध्यापक अनुपम पाराशर, आशु शर्मा, मनोज कुमार झा, वीर सिंह टांक, प्रवीण कुमार फौजदार, मोहित बघेल, विद्यार्थियों सहित अन्य मौजूद रहे।

जागरूक टाइम्स
YOUTUBE चैनल को सब्सक्राइब करने के लिए स्कैन करें

# जागरूक टाइम्स

jagruktimes.co.in

जयपुर, शुक्रवार, 28 मार्च, 2025 ▸▸ वर्ष 16 ▸▸ अंक 326 ▸▸ पृष्ठ 12 ▸▸ मूल्य 1.50 रु.



सारा को आलिया से जलन

पेज: 10

## राजस्थान दिवस कार्यक्रम

### भरतपुर में राज्यस्तरीय अन्त्योदय कल्याण समारोह

'गरीबी मुक्त राजस्थान' हमारा संकल्प | राजस्थान छू रहा विकास की नई ऊंचाइयां

# सीएम शर्मा बोले, अंतिम पायदान पर खड़ा व्यक्ति हो रहा सशक्त

**92 हजार से अधिक निर्माण श्रमिकों को 100 करोड़ रुपये की राशि हस्तांतरित**

**स्वामित्व योजना में 20 हजार पट्टे एवं माटी कलाकारों को विद्युत चालित चाक वितरित**









जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि हमारी सरकार पंडित दीन दयाल उपाध्याय के अंत्योदय के सिद्धान्त को लेकर आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारा संकल्प ''गरीबी मुक्त राजस्थान'' बनाना है।

इसी दिशा में हमारी सरकार ने इस वर्ष के बजट में 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव योजना' शुरू की है, जिसके माध्यम से हमारी सरकार पहले चरण में 5 हजार गांवों में सभी बीपीएल परिवारों को गरीबी रेखा से ऊपर लाएगी तथा इसके लिए 300 करोड़ रुपये का प्रावधान भी किया है। शर्मा गुरूवार को भरतपुर में राजस्थान दिवस कार्यक्रम के तहत आयोजित अन्त्योदय कल्याण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि संभावनाओं और सामर्थ्य से भरा राजस्थान विकास की नई ऊंचाइयां छू रहा है तथा इस प्रगति का लाभ प्रदेश में गरीब व्यक्ति को मिल रहा है। अब अंतिम पायदान पर खड़ा व्यक्ति सशक्त होने के साथ ही मुख्यधारा में आ रहा है।

### ब्रज की भूमि से अन्त्योदय का विचार पहुंचेगा देश-प्रदेश तक

मुख्यमंत्री ने देश के प्रथम गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल एवं राजस्थान के एकीकरण में योगदान देने वाली विभूतियों को नमन करते हुए कहा कि 30 मार्च 1949 को वृहद राजस्थान भारतीय नववर्ष की तिथि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर रेवती नक्षत्र इंद्रयोग की शुभ घड़ी में अस्तित्व में आया था। इसीलिए हमारी सरकार ने 30 मार्च के स्थान पर हर साल भारतीय नववर्ष की चैत्र शुक्ल प्रतिपदा की शुभ तिथि पर राजस्थान दिवस मनाने का निर्णय लिया है तथा राजस्थान दिवस उत्सव की श्रृंखला में आयोजित इस कार्यक्रम के माध्यम से अन्त्योदय का विचार ब्रज की भूमि से देश-प्रदेश तक पहुंचेगा।

### गरीब सशक्त तो देश सशक्त

शर्मा ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मानना है कि गरीब, युवा, किसान व महिला के सशक्त होने से ही देश और प्रदेश सशक्त होगा। इसी सोच के साथ हमने सरकार में आते ही गरीब परिवार की महिलाओं को 450 रुपये में एलपीजी सिलेंडर उपलब्ध कराकर राहत प्रदान की है तथाश्री अन्नपूर्णा रसोई योजनाके माध्यम से हर जरूरतमंद व्यक्ति को गुणवत्तायुक्त पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है।

### 8 योजनाओं के दिशा-निर्देश जारी

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव योजना', गुरू गोलवलकर आशान्वित ब्लॉक विकास योजना, पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में 150 यूनिट मुफ्त बिजली योजना की मार्गदर्शिकाओं एवं दिव्यांगजनों के लिए 'समान अवसर नीति 2025' का विमोचन भी किया। साथ ही, दादूदयाल घुमन्तू सशक्तीकरण योजना', मा नेत्र वाउचर योजना, मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के न्यू पैकेज व विधायक जनसुनवाई केंद्र स्थापित किए जाने के संबंध में भी दिशा-निर्देश जारी किए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने ग्रामीण विकास के ई-वर्क पोर्टल 2.0 एवं मोबाइल ऐप का भी शुभारंभ किया। ▸▸ शेष पृष्ठ 7 पर

## न्यूज ब्रीफ



### ओडिशा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस की झड़प

**भुवनेश्वर।** ओडिशा विधानसभा का घेराव करने पहुंचे कांग्रेस नेताओं पर गुरुवार को पुलिस ने लाठियां बरसाईं और वाटर कैनन चलाईं। दर्जनों कार्यकर्ता घायल हो गए। कांग्रेस 14 एमएलए के निलंबन का विरोध कर रही थी। दरअसल 25 मार्च को कांग्रेस के 12 विधायक निलंबित कर दिए गए थे। इसके बावजूद विधायक प्रदर्शन करते रहे और पूरी रात सदन में बिताई। विधानसभा के बाहर कांग्रेस कार्यकर्ता प्रदर्शन करते रहे। अगले दिन यानी 26 मार्च को कांग्रेस कार्यकर्ता और निलंबित विधायक विधानसभा के बाहर प्रदर्शन करते रहे। वे विधानसभा की बढ़े तो पुलिस ने उन्हें रोक दिया। इसके बाद जमकर धक्का-मुक्की हुई।

### डॉ. मोदी ने कार्यभार ग्रहण किया

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** राज्य सरकार ने आदेश जारी कर डॉ. जगदीश चन्द्र मोदी को राजस्थान मेडिकल कौंसिल के अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया है। इन्होंने अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया है।

### यूपी में सड़क पर नमाज पढ़ने पर रोक

**मेरठ पुलिस बोली आदेश नहीं माना तो पासपोर्ट-लाइसेंस रद्द होंगे**

**मुजफ्फरनगर।** यूपी सरकार ने सख्त हिदायत दी है कि ईद की नमाज सड़कों पर न पढ़ी जाए। इस आदेश का पालन करने के लिए पुलिस अलर्ट है। संभल, बलिया और मेरठ में पुलिस ने अलग से एडवाइजरी जारी की है। मेरठ पुलिस ने कहा, किसी भी स्थिति में सड़क पर नमाज बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पासपोर्ट जब्त कर लिए जाएंगे। लाइसेंस रद्द किया जाएगा। लेकिन, मेरठ पुलिस का यह आदेश एनडीए में सहयोगी और केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी को ठीक नहीं लगा।

## राष्ट्रपति पुतिन इस साल भारत आएंगे



*__नई दिल्ली।__ रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन इस साल भारत आएंगे। रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा कि राष्ट्पति के विजिट के लिए तैयारियां की जा रही हैं। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि यह यात्रा किस महीने या तारीख को हो सकती है। लावरोव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री चुने जाने के बाद रूस की अपनी पहली विदेश यात्रा की है। अब हमारी बारी है। राष्ट्पति व्लादिमीर पुतिन ने भारतीय सरकार का निमंत्रण स्वीकार कर लिया है। रूसी विदेश मंत्री ने यह बयान रूस और भारत-एक नए द्विपक्षीय एजेंडे की ओर समिट के दौरान दिया है। इस बैठक का आयोजन रूसी अंतरराष्ट्रीय मामलों की परिषद ने किया।*

# सीएम शर्मा ने 150 नए पुलिस वाहनों को हरी झंडी दिखाई





**नए वाहनों से कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने में मिलेगी और मजबूती**

**अपराधियों में भय-आमजन में विश्वास के ध्येय पर काम कर रही राज्य सरकार**

जागरूक टाइम्स संवाददाता

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरूवार को राजस्थान दिवस कार्यक्रम श्रृंखला के तहत जवाहर सर्किल पर आयोजित कार्यक्रम 'सुरक्षा एवं सुगमता का संकल्प समारोह' से 150 नए पुलिस वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। राज्य सरकार प्रदेश में कानून-व्यवस्था को और मजबूत बनाने की दिशा में निरंतर काम कर रही है। इसके लिए पुलिस बल को तमाम आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसी क्रम में पुलिस बल में शामिल हुए इन नए वाहनों से राज्य में आमजन के लिए सुरक्षा तंत्र को मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक यू. आर. साहू, अतिरिक्त मुख्य सचिव आनंद कुमार, महानिदेशक साइबर क्राइम हेमंत प्रियदर्शी, महानिदेशक इन्टेलिजेंस संजय अग्रवाल, महानिदेशक टी.एन.टी.अनिल पालीवाल सहित पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारीगण एवं पुलिस कार्मिक मौजूद रहे।

## सीएम ने पुलिसकर्मियों की हौसला अफजाई की



कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने पुलिसकर्मियों से मिलकर उनका हौसला अफजाई किया। उन्होंने प्रत्येक पुलिसकर्मी से व्यक्तिशः मुलाकात कर कुशलक्षेम पूछी। इस दौरान शर्मा ने पुलिस बेण्ड सहित सभी पुलिस बल के साथ सामूहिक फोटो भी खिंचवाई। पुलिस कार्मिकों का मुख्यमंत्री द्वारा हौसला अफजाई करने पर मनोबल बढ़ा तथा वे बेहद उत्साहित नजर आए।

# डिप्टी सीएम को धमकी देने वालों तीन बदमाशों को जेल से पकड़ा

**लोकेशन ट्रेस कर बदमाशों तक पहुंची पुलिस**

**डीजीपी बोले, मिलीभगत से अंदर जा रहे मोबाइल**

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** डिप्टी सीएम डॉ. प्रेमचंद बैरवा को जान से मारने की धमकी देने वाले 3 बदमाशों को पुलिस ने जयपुर सेंट्रल जेल से पकड़ा है। धमकी के बाद लालकोठी थाना पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। फोन की लोकेशन ट्रेस की तो सेंट्रल जेल की मिली। इस पर पुलिस टीम को जेल भेजा गया। पुलिस टीम ने बुधवार देर रात तक जेल की तलाशी ली। गुरुवार सुबह एक बार फिर तलाशी अभियान शुरू हुआ। इस दौरान पुलिस ने 3 बदमाशों को हिरासत में लिया और उनके पास से मोबाइल बरामद किया। इसी मोबाइल से पुलिस कंट्रोल रूम में फोन कर डिप्टी सीएम को मारने की धमकी दी गई थी।

### पुलिस टीम को जेल भेजा

जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया बुधवार शाम करीब 4.30 बजे पुलिस कंट्रोल रूम में एक कॉल आई थी। फोन करने वाले ने डिप्टी सीएम को जान से मारने की धमकी दी थी। इसके बाद फोन की लोकेशन निकाली गई तो जयपुर सेंट्रल जेल की आई। इस पर पुलिस टीम को जेल भेजा गया। आज तीन युवकों को डिटेन किया।

डीजीपी यूआर साहू ने कहा- जेल के अंदर मोबाइल जाना और मिलना एक सतत प्रक्रिया का हिस्सा है। जेल के अंदर मोबाइल जाते हैं। हम उनकी तलाश करते हैं। कई बार केस दर्ज होते हैं, अपराधी पकड़े जाते हैं। जेल में मोबाइल मिलने के पीछे मुख्य कारण जेल के अंदर के लोगों की मिलीभगत है। इसीलिए जेल के अंदर मोबाइल जा रहे हैं।

### फरवरी में सीएम भजनलाल शर्मा को भी मिली थी धमकी

गौरतलब है कि इससे पहले, 21 फरवरी की रात को सीएम भजनलाल शर्मा को दौसा जेल से जान से मारने की धमकी मिली थी। पॉक्सो के मामले में जेल में बंद आरोपी ने 12 बजकर 45 मिनट से लेकर 12 बजकर 55 मिनट के बीच 10 मिनट में दो कॉल किए थे। आरोपी ने श्यालवास स्थित सेंट्रल जेल से जयपुर पुलिस कंट्रोल रूम को कॉल किया था। श्यालावास जेल से 27 जुलाई 2024 को भी जयपुर पुलिस कंट्रोल रूम को कॉल कर मुख्यमंत्री भजनलाल को जान से मारने की धमकी दी गई थी। इसके बाद जयपुर पुलिस की स्पेशल टीम ने जेल में सर्च अभियान चलाकर मोबाइल जब्त किए थे। वहीं मुख्यमंत्री को धमकी देने वाले कैदी के खिलाफ पापड़दा थाने में मामला दर्ज किया था। जेल में सिम पहुंचने वाले एक व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार किया था।

### बलूचिस्तान में फिर खूनी खेल शुरू

**विद्रोहियों ने बस पर किया हमला, 6 लोगों की मौत**



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में मीडिया रिपोर्ट के अनुसार अज्ञात बंदूकधारियों ने एक यात्री बस से पंजाब के पांच लोगों को उतारकर गोली मारकर उनकी हत्या कर दी। हमले में घायल हुए एक अन्य यात्री ने बाद में दम तोड़ दिया। ग्वादर के डिप्टी कमिश्नर हमूदुर रहमान के हवाले से पाकिस्तान की एक न्यूज एजेंसी ने बताया कि यह हमला प्रांत के ग्वादर जिले में हुआ, जब हथियारबंद लोगों ने कलमत इलाके में रात को कराची जाने वाली बस के पांच यात्रियों की हत्या कर दी। बाद में एक घायल यात्री की मौत के साथ ही मरने वालों की संख्या छह हो गई।

# राज्य की 16 हजार खदानें बंद नहीं होंगी



## सुप्रीम कोर्ट ने पर्यावरण मंजूरी की समय सीमा दो माह बढ़ाई

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान के 16 हजार खदान संचालकों को राहत देते हुए खनन की वैधता अवधि को दो माह के लिए बढ़ा दिया है। पहले यह अवधि 31 मार्च तय थी। लेकिन प्रदेश में 23 हजार खदानों में से करीब 16 हजार खदान संचालकों को अभी तक राज्य स्तर पर पर्यावरण मंजूरी नहीं मिली हैं। ऐसे में राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में लंबित अपील में अंतरिम आवेदन दायर करके अतिरिक्त समय की मांग की थी। इस पर सुनवाई करते हुए सीजेआई संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार की पीठ ने पर्यावरण मंजूरी लेने के लिए दो माह का अतिरिक्त समय दिया है। दरअसल, इस मामले में राजस्थान सरकार को तब झटका लगा, जब एनजीटी ने पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की ओर से समय सीमा बढ़ाने के लिए किए गए अनुरोध को अस्विकार कर दिया था। इसके बाद सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में अपील की थी।

एनजीटी ने 7 नवम्बर 2024 तक पर्यावरण मंजूरी नहीं लेने वाली खदानों को बंद करने के आदेश दिए थे। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने 12 नवम्बर 2024 को एनजीटी की इस समय सीमा को 31 मार्च 2025 तक बढ़ा दिया था। सुप्रीम कोर्ट में अतिरिक्त महाधिवक्ता शिव मंगल शर्मा ने बताया कि प्रदेश में अभी तक 6,668 खानों को राज्य स्तर पर पर्यावरण मंजूरी मिल चुकी हैं। वहीं, 7,795 लीज धारकों ने अप्लाई कर रखा है। इनके आवेदन पेंडिंग हैं। साढ़े 8 हजार लीज धारकों ने आवेदन ही नहीं किया है।

### सुप्रीम कोर्ट को तय करना है बिंदू

एनजीटी ने अपने आदेश में कहा था कि जिला पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन प्राधिकरण द्वारा प्रदान की गई पर्यावरणीय स्वीकृति तब तक समाप्त मानी जाएंगी। जब तक कि उन्हें राज्य पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन प्राधिकरण द्वारा पुनः मूल्यांकित नहीं किया जाता है। लेकिन यह मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित है, अब सुप्रीम कोर्ट को यह बिंदू तय करना है कि जिला स्तरीय प्राधिकरण स्वतंत्र रूप से पर्यावरणीय मंजूरी प्रदान कर सकते हैं या फिर उन्हें राज्य स्तरीय मंजूरी की आवश्यकता होती है।

### विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बताया

**भारत-रूस के बीच रिश्ते से कैसे दुनिया का बदलेगा समीकरण**



**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भारत-रूस के मजबूत रिश्तों का जिक्र फिर से किया है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच दोस्ती और भी गहरी होगी। भारत हमेशा से रूस के साथ अपने संबंधों को बहुत महत्व देता है। खास और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को और बढ़ाना दोनों देशों की विदेश नीति का मुख्य लक्ष्य है। जयशंकर ने रूस और भारत एक नए द्विपक्षीय एजेंडे की ओर सम्मेलन में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बात की। विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि दोनों देशों का रिश्ता बहुत पुराना है। यह रिश्ता विश्वास और सम्मान पर आधारित है।



## देवी देवताओं के भजनों पर झूमे श्रद्धालु

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**चूरू।** अगुणा मोहल्ला के प्राचीन श्रीश्याम मंदिर में विशेष आयोजन के तहत श्रीश्याम बाबा का फूलों से भव्य श्रृंगार किया गया। इस अवसर पर पुजारी जगत नारायण ने बताया कि श्रद्धालुओं ने श्रीश्याम बाबा, श्रीगणेश वंदना, भगवान शिव, बालाजी महाराज व माताजी आदि के भजनों से वातावरण को आध्यात्मिक बना दिया। इस अवसर पर मंदिर में श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। भजन संध्या में महिलाएं व पुरुष आदि मौजूद रहे।

## विजेताओं को किया सम्मानित

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**चूरू।** वन विहार विकास समिति के सौजन्य से वन विहार कॉलोनी के सामुदायिक भवन में गौर बनौरा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम में वन विहार कॉलोनी की सभी महिलाओं ने तीन प्रतियोगिताओं में भाग लिया। इस अवसर पर बनी ठनी प्रतियोगिता में सोनू शर्मा प्रथम अनीता द्वितीय और मनोज कुमार तृतीय स्थान पर रही। चंद्र कोच गौरजा प्रतियोगिता में भूमि शर्मा, पूजा, प्रियंका, चंद्र गुर्जर लक्ष्मी, लक्ष्मी शर्मा और भूमि विजेता रही। कार्यक्रम में कार्यकर्ता समिति की ओर से महिलाओं के अखंड सौभाग्य की कामना की गई। कार्यकारिणी समिति के अध्यक्ष किशन लाल बाबल, उपाध्यक्ष श्रेया व मंत्री जसवंत सिंह राठौड़ आदि विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका इंदिरा सारण व शशि चंदेल ने निभाई। संचालन रेलवे के सीटीआई आनंद बाला ने किया।

## गार्गी ग्रुप द्वारा सरपंच सविता राठी का सम्मान

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**चूरू।** सहृदय व्यक्तित्वों द्वारा प्राप्त सम्मान ही वो जीवन का लक्ष्य है, जिसके लिए व्यक्ति जीवनपर्यंत शून्य से शिखर तक पहुंचना चाहता है। जो कि सौभाग्य का चिन्ह है ये उद्‌गार सरपंच सविता राठी ने गार्गी ग्रुप द्वारा सम्मानित किए जाने के उपलक्ष्य में कहे,देश की राजधानी दिल्ली के विज्ञान भवन में राजस्थान से एकमात्र सरपंच सविता राठी को राष्ट्रीय पंचायत नेत्री



पुरस्कार प्राप्त करने पर गार्गी ग्रुप द्वारा शॉल एवं माला पहना कर तथा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया, अध्यक्ष मंजू मूंधड़ा ने कहा कि हमारे लिए गौरव का विषय है, कि देश के सबसे बड़े मंच पर सविता राठी को सम्मानित किया गया है। प्रमिला राठी एवं रित्तम मूंधड़ा ने स्वरचित कविता का पठन किया। सुनीता रावतानी, कांता राठी, कांता सोमानी, बबीता मालपानी, मधु सोमानी, सुनीता तापड़िया ने गीत गाए, पुनीता, शशि लड्‌ढा, सरिता जाजू, सुधा मालानी, चित्रा जगवानी, सुमन बजाज, नीतू सोनी ने व्यवस्था संभाली, ईटिंग टाइम के हॉल में हुए स्वागत समारोह में सुषमा मूंधड़ा ने कार्यक्रम का संचालन किया, इससे पूर्व सुजानगढ़ के पूर्व सभापति सिकंदर अली खिलजी, पार्षद इकबाल खान, दाऊद खान, अमजद अली, दिनेश पीपलवा आदि कई पार्षद गण ने स्वागत किया, साथ ही गोपालपुरा के युवकों ने गोपालपुरा में भव्य स्वागत किया।

## माहे रमजान के मौके पर रफीक मंडेलिया ने मक्का व मदीना में की उमराह जियारत

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**चूरू।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष रफीक मंडेलिया ने उमराह हज यात्रा पर इस मुबारक महीने माहे रमज़ान के मौके पर गए। चूरू जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष जमील चौहान ने बताया कि रफीक मंडेलिया के साथ इरशाद, जावेद मंडेलिया, यायाह खान, दिलावर सहित ने मदीना एव मक्का में उमराह जियारत के दौरान काबा शरीफ की जियारत कर देश व प्रदेश और चूरू की आवाम अवाम के लिये दुआए खैर की। चौहान ने बताया कि मक्का व मदीना में इस दौरान चूरू जिले व प्रदेश भर के अनेक परवासीओ ने इनका इस्तकबाल किया।



## जिले में वार्ड परिसीमन एवं पुनर्गठन प्रस्ताव जारी, 17 अप्रैल तक आपत्तियां आमंत्रित

**धौलपुर।** राजस्थान सरकार के निर्देशानुसार जिले में नगरपरिषद व नगरपालिकाओं के वार्ड परिसीमन और पुनर्गठन का प्रस्ताव जारी किया गया है। यह प्रस्ताव स्वायत शासन विभाग, राजस्थान सरकार के आदेश के तहत 2011 की जनगणना के आधार पर तैयार किया गया है। धौलपुर, बाड़ी, राजाखेड़ा, बसेड़ी और सरमथुरा के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में वार्डों के पुनर्गठन संबंधी यह प्रस्ताव जारी किया गया है। यदि किसी नागरिक को इस प्रस्ताव पर कोई आपत्ति या दावा दर्ज कराना हो तो वे 17 अप्रैल 2025 तक संबंधित कार्यालय में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।

# महिलाओं को बताये सीवरेज परियोजना के फायदे

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**कुचामन सिटी।** नगरीय आधारभूत विकास परियोजना की सामुदायिक जागरूकता एवं जन सहभागिता इकाई के जागरूकता कार्यक्रम के तहत आरयूआईडीपी के अधीक्षण अभियंता नेमीचंद पंवार के निर्देशन में अधिशाषी अभियंता राजकुमार मीणा के मार्गदर्शन में सहायक अभियंता अनिल सैनी के सहयोग से बी.आर. खोखर रोड कुचामन में लक्षित समूह चर्चा कर महिलाओं को सीवरेज परियोजना के फायदे बताकर किया जागरूक साथ ही परियोजना कार्यों में सकारात्मक सहयोग की अपील की साथ ही परियोजना से संबधित सुझाव एवं शिकायत के लिए टोल फ्री नंम्बर 18001219400 एवं 8696000263 के बारे में जानकारी देकर किया जागरूक।

सामुदायिक जागरूकता एवं जन सहभागिता इकाई के सामाजिक विकास विशेषज्ञ देवेन्द्र सिंह ने महिलाओं को सीवरेज से होने वाले लाभो के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि सीवरेज लाइन से आपके यहा गन्दगी नहीं होगी और नालियां भी सूखी रहेगी जिससे मच्छर मक्खी में कमी आयेगी गन्दगी से फैलने वाली बीमारियो से निजात मिलेगी शहर साफ सुथरा सुन्दर एवं स्वच्छ बनेगा जिससे पर्यावरण सही रहेगा। आपके घर के टॉयलेट, रसोई व बाथरूम को सीवरेज लाइन से जोडा जायेगा। सविता शर्मा ने कहा कि नई जलप्रदाय योजना से



होने वाले लाभों के बारे मे जानकारी देते हुए कहा कि कुचामन शहर में परियोजना कार्य प्रगति पर है साथ ही नई जल प्रदाय योजना से होने वाले लाभों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि नई पाईप के अन्तर्गत पानी पर्याप्त, जल मीटर युक्त एवं पूर्ण प्रेशर के साथ मिलेगा और आमजन से अपील कि पानी को किसी भी तरह बर्बाद नहीं करें आवश्यकतानुसार ही जल का उपयोग करें पानी की एक-एक बून्द बचाए आज की बचत कल का भविष्य है जल जीवन का आधार है।

एल एण्ड टी के किशन सिंह ने घरों से निकलने वाले कचरे को इधर उधर ना डालें नगर परिषद द्वारा आने वाले कचरा संग्रहण वाहन में ही डालें एवं शहर को साफ सुथरा सुन्दर स्वच्छ रखने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें साथ ही स्वच्छता का महत्व बताते हुए कहा कि स्वच्छता के बिना समृद्धि संभव नहीं है इसलिए आप सभी महिलाओं से अपील है कि अपने शहर को स्वच्छ बनाये रखने में अपना सहयोग प्रदान करें। स्थानीय आमजन राधा देवी, सुगना देवी, कान्ता देवी, भगवती देवी, चन्दा देवी लिक्षमा देवी आदि का कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया।

## मकराना पुलिस द्वारा डोडा, अफीम और एमडी ड्रग्स सहित आरोपी गिरफ्तार

**कुचामन सिटी।** डीडवाना-कुचामन जिले की मकराना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए मकराना थाना क्षेत्र से एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से डोडा पोस्त छिलका, अफीम और एमडीएमए जैसे नशीले पदार्थ भी बरामद किए हैं। पुलिस ने मादक पदार्थों के साथ तस्कर मल्लाराम विश्नोई को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी सुरेश कुमार सोनी ने बताया कि पुलिस उपाधीक्षक भवानी सिंह शेखावत के निर्देशन में अवैध मादक पदार्थों पर कार्रवाई करने के लिए पुलिस टीम मकराना कस्बे के नए बाईपास पहुंची थी। तभी आरोपी मल्लाराम विश्नोई (27) निवासी देशवाली ढाणी पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस ने पीछा कर उसे हिरासत में लिया। युवक की तलाशी लेने पर पुलिस ने उसके पास से 730 ग्राम डोडा पोस्त छिलका, 22 ग्राम अफीम और 5 ग्राम मादक पदार्थ एमडीएमए बरामद किया है। आरोपी को गिरफ्तार कर मामला दर्ज कर लिया गया।



## गणगौर मेला एवं तारा छाई रात सांस्कृतिक कार्यक्रम 31 को

**चूरू।** गणगौर चौक मेला कमेटी के तत्वावधान मे सोमवार को मेले का आयोजन होगा,जिसकी तैयारियां चल रही है। कमेटी अध्यक्ष वरिष्ठ एडवोकेट पवन कुमार शर्मा ने बताया कि मेले की तैयारियां शुरू कर दी गई है जिसमें कुआं मरम्मत रंग रोगन किया जा रहा है एवं कार्यकर्ताओं की टीम तैयार कर उनको मेला व्यवस्था का कार्य भार सौंपा गया है। गणगौर चौक विकास समिति के आयोजक विजय सारस्वत ने बताया कि सांस्कृतिक कार्यक्रम, तारा छाई रात, लगातार 42वर्षों से होता आ रहा है जिसमें लोककलाकारों द्वारा अपनी कला का प्रदर्शन एवम् राजलदेसर की पार्टी द्वारा ढफ, बांसुरी, ढोलक, राजस्थानी गानों पर कलाकार थिरकेंगे। सारस्वत ने बताया कि घूमर नृत्य वगैरह अनेक आयोजन रात्रि 8 बजे से शुरू हो जाएंगे।

# राजस्व मंत्री द्वारा नवीन पशु चिकित्सालय का लोकार्पण

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**कुचामन सिटी।** राजकीय पशु चिकित्सालय कुचामन सिटी के नवीन भवन का लोकार्पण राजस्व, उपनिवेशन एवं सैनिक कल्याण विभाग राज्यमंत्री एवं नावां विधायक विजय सिंह चौधरी ने 27 मार्च को फीता काटकर किया।



लोकार्पण से पहले पंडित मेघराज शास्त्री द्वारा विधिपूर्वक पूजा-अर्चना करवाई गई। भगवान का स्मरण कर विजय सिंह चौधरी ने इस अत्याधुनिक तकनीक से सुसज्जित पशु चिकित्सालय का शुभारंभ किया। लोकार्पण कार्यक्रम में मंत्री के साथ डॉ. वीके गुप्ता, पूर्व चेयरमैन राधेश्याम गट्टाणी, गोविंद कुमावत, डॉ. गोविंद राम चौधरी, मूलचंद बागड़ा उपस्थित रहे। इसके अलावा खारिया सरपंच देवीलाल दादरवाल, बाबूलाल कुमावत, सुरेश सिखवाल, बरखा रानी पाटनी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि और शहरवासी मौजूद रहे। उपनिदेशक डॉ. गोविंदराम चौधरी ने बताया कि यह पशु चिकित्सालय जिले का सबसे बड़ा और आधुनिक सुविधाओं से युक्त केंद्र होगा। इस बहुउद्देशीय पशु चिकित्सालय में पशुपालकों को विभिन्न आधुनिक सेवाएं मिलेंगी, जिनमें जटिल शल्य चिकित्सा के लिए आधुनिक सर्जरी कक्ष, पैथोलॉजी लैब, 24x7 आपातकालीन चिकित्सा सुविधा, समयबद्ध टीकाकरण, प्रसव सहायता, पशु पोषण और आहार परामर्श जैसी सेवाएं शामिल हैं। डॉ. चौधरी ने बताया कि इस पशु चिकित्सालय का उद्देश्य क्षेत्र के पशुपालकों को बेहतर और आधुनिक चिकित्सा सेवाएं प्रदान करना है। इसके शुरू होने से पशुपालन व्यवसाय को नई गति मिलेगी और पशुपालकों को घर के पास ही बहुआयामी सेवाएं मिल सकेंगी। लोकार्पण कार्यक्रम कन्या महाविद्यालय के पास, पदमपुरा रोड, कुचामन सिटी में आयोजित हुआ।

# ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक में वक्ताओं ने एकजुटता के साथ पार्टी को मजबूत करने का किया आह्वान

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नोहर।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक गुरुवार को अग्रसेन धर्मशाला में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बनवारी सुथार की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र दादरी व विशिष्ट अतिथि विधानसभा समन्वयक कुलदीप पूनिया थे।

बैठक में विधायक अमित चाचाण, पार्टी के जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र दादरी, पीसीसी सदस्य राजेन्द्र चाचाण, प्रधान सोहन ढिल सहित पार्टी के अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे। बैठक में कुलदीप पूनिया ने कहा कि संगठन को और अधिक गतिशील बनाने के लिये प्रदेश भर में पार्टी द्वारा बैठकों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी लगातार किसान व आमजन के मुद्दे को प्रमुखता से उठा रही है। उन्होंने



कार्यकर्ताओं से एक जुट होकर संगठन को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में कार्य करने का आह्वान किया।

उन्होंने बताया कि आगामी दिनों में कार्यकर्ता आमजन के बीच में जाकर उनसे जुड़े मुद्दों व समस्याओं की जानकारी लेगें। जिसके बाद इन समस्याओं को लेकर आन्दोलन की व्यापक रणनीति तय कि जाएगी। विधायक अमित चाचाण ने कहा कि राज्य में भाजपा कि सरकार को बने डेढ़ वर्ष होने को है, मगर आज तक आमजन के हित में सरकार ने कोई कार्य नही किया। उन्होंने कहा कि सडक से लेकर विधानसभा तक आमजन के मुद्दों को निरंतर उठाया जा रहा है। बैठक में विधायक अमित चाचाण ने कहा कि वे प्रत्येक कांग्रेस कार्यकर्ता के साथ कंधे से कंधा मिलकर हर संभव कार्य के लिये तैयार है। मगर कार्यकर्ताओं को भी दोहरी जिम्मेदारी समझते हुये आमजन की समस्याओं के संघर्ष के साथ-साथ पार्टी द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रमों में भी प्रमुखता से भाग लेना होगा। पार्टी के जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र दादरी ने कहा कि राज्य की भाजपा सरकार केवल और केवल पर्चो की सरकार बनकर रह गई है। भाजपा ने केवल और केवल कांग्रेस सरकार की चलाई गई योजनाओं का नाम बदलने का काम किया है। आज तक एक भी जन कल्याणकारी योजना शुरू नही की। दादरी ने बैठक में बताया कि संगठन में निष्क्रिय रहने वाले कार्यकर्ताओं की लगातार मॉनिटरिंग कि जा रही है। पार्टी में पद लेने के बावजूद भी कार्य न करने वाले पदाधिकारियों को संगठन से हटाया जाएगा।

## माही नूर जरा ने किया पहला रोजा

**चूरू।** जिला मुख्यालय पर माहे रमजान में छोटे बच्चों के लिए रोज़ा रखना एक महत्वपूर्ण धार्मिक अनुभव हो सकता है। लेकिन यह सुनिश्चित करना भी आवश्यक है कि वे स्वस्थ और सुरक्षित रहें। इस्लाम में बच्चों को रोज़ा रखने की उम्र आमतौर पर 7 साल मानी जाती है, लेकिन यह उम्र बच्चे की शारीरिक और मानसिक परिपक्वता पर निर्भर करती है। कुछ छोटे बच्चे जो रोजा रख रहे हैं। जैसे माही नूर जरा उम्र 6 वर्ष ने पहला रोजा रखा और खुश नजर आई। भांजी संजय भाटी ने बताया कि जब हम शाम को रोजा इफ्तार में एक साथ बैठकर रोजा खोलते हैं तो बच्चे भी साथ में इफ्तार करते हैं और खुशी महसूस करते है। और अल्लाह हमें रोजा रखने की ताकत प्रदान करता है। माही नूर जरा का पहला रोजा है इसने हमारे साथ उमरा हज यात्रा भी की है। और खुशी महसूस करती है बच्चों को रोज़ा के महत्व के बारे में शिक्षित करेंऔर इसके धार्मिक और नैतिक मूल्यों के बारे में जानकारी देवें । और बच्चे स्वस्थ हो तभी रोजा रखने कि सालाह देवे। संजय भाटी ने बताया कि माही नूर जरा ने उमराह हज भी किया है।



## हीरावत मिले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से

**चूरू।** रतननगर के भामाशाह बसंत हीरावत ने केन्द्रीय रक्षा मंत्री से शिष्टाचार भेंट की ओर उन्हें चूरू में नए रूप में बने वीरगति स्मारक के



लोकार्पण कार्यक्रम से संबंधित जानकारी दी। हीरावत ने राजनाथ सिंह को प्रतीक चिन्ह भेंट किया। रक्षा मंत्री सिंह ने कहा कि चूरू जिला वीरों के धरती रही है यहां के वीरों ने देश के लिए हर युद्ध में अपना योगदान दिया है। बसंत हीरावत के आर्थिक सहयोग से नए रूप में आया है वीरगति स्मारक। इस मौके पर जिले से अन्य गणमान्य जन भी मौजूद रहे।

## राधा बड़ी गागडवास सड़क पर खतरनाक घुमावदार मोड़ दुर्घटनाओं को दे रहा निमंत्रण

**सादुलपुर।** राजगढ़ तहसील के राधा बड़ी से गागडवास को जाने वाली सड़क पर एक खतरनाक घुमावदार मोड़ है, जिसके चारों ओर कटीली झाड़ियां और पेड़-पौधे होने के कारण सड़क पर मोड रास्ते जाने वाले राहगीरों को अच्छे से नहीं दिख रहा है।इस कारण से कई लोग चोटिल हो चुके हैं कृषि पर्यवेक्षक रमेश पूनिया ने बताया कि गत दिनों गांव का ही राजेश पटवारी का पैर टूट गया था एवं इसी सड़क के मोड पर एक अन्य भी घायल हो गया था दो दिन पहले वह खुद भी दुर्घटना के शिकार हो गए, जिसमें उनका हाथ फैक्चर हो गया ग्रामीणों ने बताया कि सार्वजनिक निर्माण विभाग पीडब्ल्यूडी की लापरवाही के कारण हर समय इस सड़क पर आए दिन हादसे हो रहे हैं राधा बड़ी सरपंच रामनिवास मितड ने बताया कि उन्होंने भी राधा बड़ी से गागडवास जाने वाली सड़क पर मौका निरीक्षण किया था और वहां पर सड़क पर मोड अच्छे से दिखाई नहीं दे रहा है। उन्होंने सार्वजनिक निर्माण विभाग पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों से अनुरोध किया है कि जल्दी से जल्दी सड़क के चारों ओर कटीली झाड़ियां और पेड़-पौधों को हटाया जाए और सड़क के दोनों तरफ स्पीड ब्रेकर बनाया जाए ताकि हर दिन होने वाले हादसों पर अंकुश लगा।



## सपा सासंद रामजीलाल सुमन का फूंका पुतला

### राणा सांगा जिंदाबाद के लगाए नारे

**सादुलपुर।** तारानगर तहसील कार्यालय गढ़ के आगे भाजपा कार्यकर्ताओं ने समाजवादी पार्टी सांसद रामजीलाल सुमन द्वारा पराक्रमी योद्धा राणा सांगा पर की गई अभद्र टिप्पणी का विरोध जताया गया तथा पुतला फूँककर नारेबाजी की गई। भाजपा नेता राकेश जांगिड़ ने कहा कि



महाराणा सांगा वीर पराक्रमी योद्धा थे उन्होंने सीने पर 80 घाव सहन किए थे लेकिन हार नहीं मानी थी अन्तिम क्षण तक वो मातृभूमि सेवार्थ लड़ते रहे,राणा सांगा का बलिदान सदैव स्मर्णीय रहेगा। जांगिड़ ने समाजवादी सांसद के निलंबन और क्षमा हेतु मांग की। शहर मंडल अध्यक्ष अनूप खंडेलवाल एवं क्षत्रिय संघ अध्यक्ष वीर बहादुर सिंह राठौड़ ने कहा कि महाराणा सांगा अत्यंत वीर योद्धा थे हम सब उनके विवादास्पद बयान से आहत हैं सांसद का निलंबन होना चाहिए तथा माफ़ी मांगनी चाहिए। इस मोके पर जिला उपाध्यक्ष नरेश सहारण,पार्षद सुशील सरावगी, मातु सिंह राठौड़, शंकरलाल महर्षि, अजीत सिंह राठौड़, मो.तैयब, भंवरलाल पुनियां, पार्षद शिवकुमार शर्मा, कुलदीपसिंह राठौड़, रमाकांत पेडीवाल, किशनसिंह राठौड़, साबिर हुसैन, लक्ष्मण सिंह खींची, प्रेम सिंह भाटी, दिलदार सिंह राठौड़, मो.फारूख, पुनीत राहड़, विजय सहित काफी लोग मौजूद रहे।

## भूमि विकास बैंक के अवधिपार ऋणियों के लिए खुशखबरी

**सीकर।** राजस्थान सरकार द्वारा बजट सत्र में भूमि विकास बैंक के सभी अवधिपार ऋणियों के लिए एकबार फिर ऋण चुकाने के लिए मुख्यमंत्री एकमुश्त समझौता योजना लागू किया जाना प्रस्तावित है। सीकर सहकारी भूमि विकास बैंक के सचिव विक्रम सिंह राठौड़ बताया कि मुख्यमंत्री एकमुश्त समझौता योजना की शर्तों के अनुसार योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए बैंक के समस्त अवधिपार ऋणियों को अपने जनाधार कार्ड की फोटो प्रति एवं ऋणी की मृत्यु होने की स्थिति में मृत्यु प्रमाण-पत्र एवं नोमिनी का जनआधार कार्ड की छाया प्रति बैंक में जमा कराना आवश्यक है। राज्य सरकार की मुख्यमंत्री एकमुश्त समझौता योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए आवश्यक दस्तावेज बैंक में जमा कराना सुनिश्चित करें।

## परिंडे बांधे, पानी डालने का भी लिया संकल्प

**झुंझुनूं।** महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता प्रशिक्षण केंद्र झुंझुनूं में पक्षियों के लिए पेड़ों पर परिंडे लगाए गए। गुरुवार को महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता प्रशिक्षण केंद्र (एएनएमटीसी) झुंझुनूं में गर्मी के मौसम को देखते हुए पक्षियों के



लिए पेड़ों पर परिंडे लगवाने का आयोजन किया गया। जिसमें संस्था प्रभारी सुरेंद्र डिग्रवाल, अनिता नर्सिंग ट्यूटर, वंदना बेनीवाल नर्सिंग ट्यूटर, बिना तेतरवाल नर्सिंग ट्यूटर, निधि टेलर नर्सिंग ऑफिसर, रवि सहायक प्रशासनिक अधिकारी एवं समस्त एएनएम प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।

## परीक्षा और प्रवेश के दौर में शिक्षकों पर बीएलओ का प्रभार स्वीकार करने की जोर आजमाईश जारी

# चूरू जिले में एसडीएम कार्यालयों द्वारा शिक्षकों को जारी किए जा रहे हैं 17 सीसीए के नोटिस

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** देश में मुफ्त व अनिवार्य शिक्षा का कानून लागू है जहाँ एक ओर इस दौर में सरकारी शिक्षकों व शिक्षण संस्थाओं को निजि शिक्षण संस्थाओं से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ रहा है वहीं समाज के ग्रामीण,गरीब व अशिक्षित पारिवारिक परिदृश्य के बच्चों को शिक्षण की कड़ी सामयिक चुनौती भी सरकारी शिक्षकों के समक्ष है।

अक्सर प्रत्येक रविवार को आरपीएससी एवं कर्मचारी चयन बोर्ड की परीक्षाओं को पारदर्शिता के साथ पूर्ण करवाने एवं इन दिनों स्कूली छात्रों की बोर्ड की वार्षिक परीक्षाओं की जिम्मेदारी भी सरकारी शिक्षकों के कंधों पर रही है इसी बीच शिक्षा विभाग के मंत्री द्वारा बोर्ड परीक्षाओं में लिखित पेपर्स में छात्रों के 50 प्रतिशत से कम प्राप्तांक आने की स्थिति में कार्यवाही की आशंका से भी गुरूजी बैचेन हैं इन सब चुनौतियों के बीच चूरू जिले के सरकारी शिक्षकों पर इन दिनों चुनाव विभाग के नाम से एसडीएम कार्यालयों द्वारा बीएलओ का प्रभार न सँभालने की एवज में कारण बताओ नोटिस व 17 सीसीए के नोटिस जारी किए जा रहे हैं रतनगढ़ एस डी एम कार्यालय इस मामले में कहीं ज्यादा सक्रिय है प्राइवेट विद्यालय जहाँ उपरोक्त सभी चुनौतियों से मुक्त रहकर छात्रों को अपने अपने विद्यालयों में छात्रों का प्रवेश बढ़ाने में लगे हुए हैं,वहीं अनेकों सरकारी अध्यापक परीक्षा सम्पन्न करवाने के साथ ही अपने खिलाफ स्थानीय चुनावी कार्यालयों से जारी नोटिसों का हल ढूंढने में लगे हुए हैं कौन बन सकता है बीएलओ केंद्रीय चुनाव आयोग की 04 अक्टूबर 2022 की गाइडलाइन्स के अनुसार संबंधित बूथ क्षेत्र में कार्यरत आंगनबाड़ी वर्कर,पटवारी,पंचायत सचिव, बिजली बिल रीडर,डाकिया,सहायक नर्स एवं दाई, स्वास्थ्यकर्मी,संविदाकर्मी सहित 12 श्रेणी के कार्मिकों को बीएलओ नियुक्त किया जाएगा संबंधित बूथ क्षेत्र में उपरोक्त श्रेणी के स्थानीय कार्मिक उपलब्ध न होने की स्थिति में ही शिक्षक को उक्त प्रभार दिया जा सकता है उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार चूरू जिले के लगभग सभी बूथ पर उपरोक्त 12 श्रेणी के कार्मिक मौजूद होने पर भी शिक्षकों को उक्त प्रभार दिए जाने की संबंधित एसडीएम कार्यालयों की जिद्द सीधे तौर पर सरकारी शिक्षकों और शिक्षण व्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव डाल रही है क्या हैं केंद्रीय चुनाव आयोग के नये दिशा निर्देश = मामले के नजदीकी जानकार शिक्षक वेदपाल धानोठी के अनुसार शिक्षकों को बीएलओ प्रभार से मुक्त करने के लिए भारतीय निर्वाचन आयोग ने हालिया समय में संशोधित दिशा निर्देश जारी किए हैं मुख्य निर्वाचन अधिकारी राजस्थान की अध्यक्षता में गठित राष्ट्रीय कमेटी ने बीएलओ की नियुक्ति एवं कार्यों के संबंध में भारतीय निर्वाचन आयोग को अगस्त 2022 में अपनी रिपोर्ट पेश कर दी थी भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा समिति की रिपोर्ट 04 अक्टूबर 2022 में पूरे देश में लागू किया जा चुका है रिपोर्ट के आधार पर आवश्यक दिशा निर्देश राजस्थान प्रदेश में भी लागू हैं।

बीकानेर हाउस परिसर में राजस्थान उत्सव-2025 का आयोजन

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया राजस्थान उत्सव का शुभारंभ

## लोकसभाध्यक्ष ओम बिड़ला सहित केन्द्रीय मंत्री और राजस्थान के सांसद हुए शामिल





**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली/जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को राजस्थान स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में नई दिल्ली के बीकानेर हाउस में आयोजित नौ दिवसीय राजस्थान उत्सव-2025 एवं राजीविका क्राफ्ट फेयर और फूड फेस्टिवल का उद्घाटन किया। इस अवसर पर लोकसभाध्यक्ष ओम बिड़ला, केन्द्रीय पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, सांसद सी.पी.जोशी, पी.पी.चौधरी, मदन राठौड़ सहित राजस्थान के एक दर्जन से अधिक सांसद मौजूद रहे। कार्यक्रम के आरंभ में मुख्यमंत्री ने गणेश जी की प्रतिमा की आराधना कर दीप प्रज्वलित करके राजस्थान उत्सव 2025 का विधिवत रूप से शुभारंभ किया। इसके उपरांत मुख्यमंत्री ने उत्सव में राजस्थान के विभिन्न अंचलों से आए लोक एवं हस्तकलाकारों द्वारा लगाए गए स्टॉल्स का अवलोकन किया। उन्होंने कलाकारों से बातचीत कर उनका मनोबल बढ़ाया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राजस्थान स्थापना दिवस की अग्रिम बधाई देते हुए कहा कि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के दिन पूर्व गृह मंत्रीसरदार वल्लभ भाई पटेल के मजबूत हाथों से ही राजस्थान की नींव रखी गई थी और आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राजस्थान एक विकसित और समृद्ध राज्य के रूप में प्रगति कर रहा है।उन्होंने कहा कि नौ दिवसीय इस राजस्थान उत्सव का मुख्य उद्देश्य दिल्ली एवं देश के अन्य हिस्सों से पधारे लोगों को राजस्थान की संस्कृति,लोक कला और खानपान से अवगत करवाना है।

इस अवसर पर राजस्थान पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। इसमें राजस्थान के लोक कलाकारों ने अपनी कला और नृत्य से समां बांधा। इस संध्या की शुरूआत भरतपुर से आए नवीन शर्मा और उनके कलाकारों ने 'गणेश वंदना' से की। इसके उपरांत उन्हीं के द्वारा मयूर नृत्य और प्रसिद्ध फूलों की होली की प्रस्तुति दी गई, जिसे देखकर उपस्थित सभी गणमान्यों ने करतल ध्वनि से कलाकारों का अभिवादन किया।

सांस्कृतिक संध्या में भरतपुर के अवधेश कुमार द्वारा चरकुला नृत्य की प्रस्तुति दी गई। इसके अतिरिक्त डीग से आए कफरूद्दीन मेवाती द्वारा भपंग वादन और सूरतगढ से आए अर्जुन सिंह जुलिया द्वारा मषक वादन की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के अंत में अनीसुदीन एवं उनके दल द्वारा चरी नृत्य तथा सुश्री कल्पना चौहान द्वारा प्रदेश के प्रसिद्ध घूमर नृत्य की प्रस्तुति दी गई। इस मौके पर राज्य के मुख्य सचिव और मुख्य आवासीय आयुक्त सुधांश पंत, प्रमुख आवासीय आयुक्त आलोक सहित राज्य सरकार के दिल्ली स्थित कार्यालयों के अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित थे।

लाभार्थियों को मिली सौगात...तो चेहरों पर खिली मुस्कान

# राजस्थान दिवस महोत्सव के तीसरे दिन हुआ अंत्योदय कल्याण समारोह

## शुक्रवार को जिला स्तरीय विकास एवं सुशासन उत्सव का होगा आयोजन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** किसी को अपने आशियाने का मालिकाना हक मिला तो किसी को मिली इलेक्ट्रॉनिक चाक और डेयरी बूथ के रूप में रोजगार की सौगात....किसी को सहायक उपकरण मिले तो किसी को ट्राइसाइकिल, पावर व्हील चेयर का संबल। जी हां, कुछ ऐसा ही नजारा था गुरुवार को हरिश्चंद्र माथुर राजस्थान लोक प्रशासन अकादमी के भगवत सिंह मेहता सभागार का।

जहां राजस्थान दिवस साप्ताहिक महोत्सव के तीसरे दिन जिला स्तरीय अंत्योदय कल्याण समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में विधायक महेन्द्र पाल मीणा एवं जिला प्रमुख रमा देवी चोपड़ा ने स्वामित्व योजना के तहत 10 लाभार्थियों को पट्टे प्रदान किये। श्रीयादे माटी कला बोर्ड की ओर से 19 लाभार्थियों को विद्युत चालित चाक एवं मिट्टी गूंथने की मशीन प्रदान की गई। वहीं, राजस्थान सहकारी डेयरी संघ की ओर से 20 लाभार्थियों को डेयरी बूथ का आवंटन पत्र प्रदान किया गया।

इसके पश्चात सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सौजन्य द्वारा विधायक एवं जिला प्रमुख ने 4 पात्र लाभार्थियों को सहायक उपकरण, 21 लाभार्थियों को पावर व्हील चेयर 16 लाभार्थियों को व्हील चेयर, 6 लाभार्थियों को ट्राई साइकिल एवं 13 लाभार्थियों को स्मार्ट फोन प्रदान किये। विधायक महेन्द्र पाल मीणा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि राजस्थान सरकार की गरीब को गणेश मानकर सेवा कर रही है। लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचे यही प्रदेश की सरकार का लक्ष्य है। वहीं, जिला प्रमुख रमा देवी चोपड़ा ने कहा कि अंत्योदय के सपने को साकार करने के लिए सरकार पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। यही कारण है कि डेढ साल से भी कम समय के कार्यकाल में प्रदेश सरकार ने समाज के प्रत्येक वर्ग तक राहत पहुंचाने के साथ-साथ हर क्षेत्र में सर्वांगीण विकास करने का काम किया है।

भरतपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने संबोधित किया, जिला स्तरीय कार्यक्रम में मौजूद किसानों और जनप्रतिनिधियों ने राज्य स्तरीय कार्यक्रम को वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के जरिए देखा। कार्यक्रम में जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रतिभा वर्मा, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी शेर सिंह लुहाड़िया के साथ-साथ सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, पंचायतीराज एवं ग्रामीण विकास विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों, लाभार्थियों ने शिरकत की।

# राज्यपाल से विधानसभा अध्यक्ष ने शिष्टाचार मुलाकात की



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से गुरुवार को विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने राजभवन में पहुंचकर मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने राज्यपाल को अहिल्याबाई होल्कर पर प्रकाशित पुस्तक भी भेंट स्वरूप प्रदान की। राज्यपाल बागडे से विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने विभिन्न विषयों पर संवाद भी किया। राज्यपाल से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी।

## 39 हजार रूपये का किया कैरिंग चार्ज वसूल, 4 केन्टर सामान जब्त

**जयपुर।** नगर निगम ग्रेटर आयुक्त रूकमणि रियाड़ के निर्देशानुसार उपायुक्त सतर्कता अजय कुमार शर्मा के नेतृत्व में गुरूवार को सतर्कता शाखा की टीम द्वारा नगर निगम जयपुर ग्रेटर के क्षेत्राधिकार में जेएलएन मार्ग, पत्रिका गेट, सांगानेर वार्ड नं. 95 में, सांगानेर गोविन्द विहार कॉलोनी एयरपोर्ट, नर्सरी सर्किल से 200 फीट बाईपास व नेशनल हैण्डलूम वैशाली नगर तक एवं महादेव नगर से अस्थाई अतिक्रमण को करने वालों के विरूद्ध 39 हजार रूपये का कैरिंग चार्ज कर 04 केन्टर सामान जब्त किया गया। उपायुक्त सतर्कता अजय कुमार ने बताया कि नगर निगम ग्रेटर क्षेत्राधिकार में जेएलएन मार्ग, पत्रिका गेट, सांगानेर वार्ड नं. 95 में, सांगानेर गोविन्द विहार कॉलोनी एयरपोर्ट, नर्सरी सर्किल से 200 फीट बाईपास व नेशनल हैण्डलूम वैशाली नगर तक एवं महादेव नगर से अस्थाई अतिक्रमण हटवाया गया। उपरोक्त कार्यवाही के दौरान 4 केन्टर सामान जब्त कर गोदाम में भिजवाया गया।

# डूबते को तिनके का सहारा ही काफी, लेकिन केन्द्र सरकार द्वारा आपदा प्रभावितों को तिनके तक का सहारा नहीं: सांसद नीरज डांगी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सांसद नीरज डांगी ने सदन में आपदा प्रबंधन (संशोधन) विधेयक, 2024 पर चर्चा के दौरान अपने भाषण में कहा कि 2014 और 2025 के बीच, भारत ने बाढ़, हीटवेव, चक्रवात और भूस्खलन सहित कई आपदाओं का अनुभव किया, लेकिन इन आपदाओं से प्रभावितों को राहत के लिये गठित राष्ट्रीय आपदा प्राधिकरण द्वारा कोई राहत नहीं दी गई, कहा जाता है कि 'डूबते को तिनके का सहारा ही काफी है, लेकिन केन्द्र की भाजपा सरकार आपदा प्रभावितों को तिनके की सहायता तक देने में असमर्थ रही है।'

नीरज डाँगी ने सदन में बोलते हुए कहा कि इस विधेयक का उद्देश्य आपदा प्रबंधन में शामिल विभिन्न हितधारकों के बीच 'स्पष्टता' और 'समन्वय' को बढाना है। प्रस्तावित संशोधन उन प्रयासों की कड़ी हैं जो यूपीए सरकार द्वारा शुरू किए गए थे, जब 2005 में आपदा प्रबंधन अधिनियम को पेश और लागू किया गया था। इस अधिनियम का उद्देश्य आपदा प्रबंधन के लिए एक सुदृढ और व्यापक ढांचा स्थापित करना था, जो रोकथाम, तैयारी, प्रतिक्रिया और पुनर्वास पर केंद्रित हो। उन्होंने कहा कि आपदा प्रबंधन (संशोधन) विधेयक, 2024 में संघवाद को कमजोर करने, स्थानीय समुदायों की उपेक्षा करने और जलवायु परिवर्तन अनुकूलन और पशु कल्याण सहित व्यापक आपदा जोखिम प्रबंधन की कमी की वजह से आलोचना का सामना करना पड़ेगा।

सांसद डांगी ने चर्चा के दौरान कहा कि इस विधेयक में राज्य सरकारों और स्थानीय निकायों की कीमत पर एक उच्च स्तरीय समिति और राष्ट्रीय संकट प्रबंधन समिति को सशक्त बनाने पर जोर दिया गया है। यह शीर्ष-से-नीचे का दृष्टिकोण महत्वपूर्ण आपदा प्रतिक्रिया प्रयासों में देरी का कारण बन सकता है, क्योंकि स्थानीय अधिकारी, जो अक्सर पहले प्रतिक्रिया देने वाले होते हैं, हाशिए पर हैं। जिला



अधिकारियों के लिए प्रदर्शन मूल्यांकन उपायों को हटाने से उनकी तैयारी और प्रतिक्रिया प्रभावशीलता का आंकलन करना कठिन हो जाता है। उन्होंने कहा कि इस विधेयक के माध्यम से नये प्राधिकरणों का निर्माण किया जाना है जो संभावित रूप से अनावश्यक नौकरशाही परतों का निर्माण करेगा और आपदा प्रभावितों और समुदायों को महत्वपूर्ण ऋण राहत को हटाना है।

नीरज डांगी ने बताया कि वायनाड भूस्खलन जैसी त्रासदियों से बचने और उनसे निपटने के लिए आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 की शुरुआत 2004 के हिंद महासागर भूकंप और सुनामी जैसी विनाशकारी आपदा के बाद हुई। इस अधिनियम को प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित लोगों को सहायता और पुनर्वास प्रदान करने और उनके जीवन के पुनर्निर्माण में मदद करने के लिए लागू किया गया था। इस अधिनियम के तहत यूपीए सरकार द्वारा राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की स्थापना, जो राष्ट्रीय स्तर पर आपदा प्रबंधन के लिए नीतियाँ, योजनाएँ और दिशा-निदेश तैयार करने के लिए जिम्मेदार एक सर्वोच्च निकाय है एवं राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की स्थापना की गई थी। आपातकालीन प्रतिक्रियाओं और आपदा शमन के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष और राष्ट्रीय आपदा शमन कोष की भी स्थापना की गई।

उन्होंने बताया कि कोविड-19 महामारी और अन्य आपदाओं के दौरान घोषित पीएम केयर्स फंड ने एनडीआरएफ और एनडीएमएफ की स्थापना के उद्देश्य को ही विफल कर दिया है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने आपदा प्रबंधन के लिए अहम इन निकायों के प्रभावी संचालन की ओर जरा भी ध्यान नहीं दिया है और गैर-भाजपा शासित राज्यों से राष्ट्रीय आपदा राहत कोष रोके हुए है, मानो आपदाएँ भी राजनीतिक निष्ठा देखकर आती हों। तमिलनाडु और कर्नाटक को आपदा राहत कोष की राशि जारी कराने के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ा है।

**जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर** **लोक सूचना**

क्रमांक : LU2012/JDA/2024-25/104143 दिनांक : 27.03.2025

मुरलीधर ओढरानी पुत्र श्री लेख राज ओढरानी जाति सिन्धी निवास फ्लेट न. 10-एस, रीजेन्सी टेरेस, 17th रोड, नीलम स्टोर के सामने खार वेस्ट, मुम्बई महाराष्ट्र-40052 ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का वाणिज्यिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारी के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात:

| क्र. सं. | ग्राम तहसील व जिले का नाम | खातेदार का नाम | खसरा सं. | क्षेत्रफल (वर्गमीटर) | क्षेत्रफल (हैक्ट.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बगरूकला सांगानेर, जयपुर | मुरलीधर ओढरानी पुत्र श्री लेख राज ओढरानी जाति सिन्धी निवासी फ्लेट न. 10-एस, रीजेन्सी टेरेस, 17th रोड, नीलम स्टोर के सामने खार वेस्ट, मुम्बई, महाराष्ट्र-400052 | 8541/260<br>8709/3643<br>8711/3644<br>782/662 | 4900<br>300<br>4500<br>400 | 0.49<br>0.03<br>0.45<br>0.04 |
| | | | | कुल | 1.01 |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर भीतर अपनी एसएसओ आईडी से लॉग इन कर 90-A For Development Authority (JDA) आईकॉन पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते है। उपयुक्त नियम समय के भीतर भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 27.03.2025 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी जोन-11

# जेडीए ने सैंतीस बीघा भूमि पर दो अवैध कॉलोनियों को किया ध्वस्त

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-11 में निजी खातेदारी करीब 05 बीघा कृषि भूमि पर नवीन अवैध कॉलोनी को पूर्णत: ध्वस्त किया गया। जोन-13 में निजी खातेदारी करीब 32 बीघा कृषि भूमि पर नवीन अवैध कॉलोनी को पूर्णत: ध्वस्त किया गया। ग्राम चौप में सरकारी आम रास्तें की भूमि को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया। जोन पीआरएन-नोर्थ माँ करणी नगर में रोड़ सीमा को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया।

महानिरीक्षक पुलिस कैलाश चन्द्र विश्नोई ने बताया कि जोन-11 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम नरोत्तमपुरा, जिला जयपुर में करीब 05 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर प्लाटों के लिए बनाई गई सीमेन्ट के ब्लॉक की सड़कें, बाउण्ड्रीवाल, मकान का ढ़ांचा, पिल्लर व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होने पर आज जोन-11 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मषीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। जोन-13 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित दौलतपुरा, जिला जयपुर में करीब 32 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर ''अक्षर एनक्लेव'' के नाम से बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सड़कें व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होने पर आज जोन-13 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मषीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया।

**मॉ करणी नगर में रोड़ सीमा को कराया अतिक्रमण मुक्त**



जेडीए द्वारा जोन-13 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम चौप के खसरा नं. 750/2169 में सरकारी आम रास्तें की भूमि पर कब्जा-अतिक्रमण कर बाउण्ड्रीवाल, लेटबाथ बनाकर, पानी की टंकियां रखकर रास्ता अवरूद्ध कर रखा था जिससे स्थानीय लोगो आमजन को रास्तें को लेकर भारी समस्या का सामना करना पड रहा था जिसकी सूचना प्राप्त होने पर आज जोन-13 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मषीन व मजदूरों की सहायता से हटवाया जाकर सरकारी आम रास्तें की भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया।

जोन-पीआरएन-नोर्थ के क्षेत्राधिकार में अवस्थित पृथ्वीराज नगर नोर्थ, माँ करणी नगर में रोड़ सीमा पर कब्जा-अतिक्रमण कर चबूतरा, बाउण्ड्रीवाल बनाकर, ईट रखकर रास्ता अवरूद्ध कर रखा था जिससे स्थानीय लोगो आमजन को रास्तें को लेकर भारी समस्या का सामना करना पड रहा था जिसकी सूचना प्राप्त होने पर आज जोन-पीआरएन-नोर्थ के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मषीन व मजदूरों की सहायता से हटवाया जाकर रोड़ सीमा को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। उक्त कार्यवाहियां मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन आदर्ष चौधरी के पर्यवेक्षण में उपनियंत्रक प्रवर्तन-प्रथम, द्वितीय, तृतीय, प्रवर्तन अधिकारी जोन-11, 13, जोन-पीआरएन-नोर्थ तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई।

प्रवर्तन प्रकोष्ठ जविप्रा द्वारा वर्ष 2024 में 383 व वर्ष 2025 में 95 आज तक कुल 478 नवीन अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त कर अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयासों को विफल किया गया। एवं वर्ष 2024 में 23 व वर्ष 2025 में 07 आज तक कुल 30 सरकारी आम रास्तें को अतिक्रमण मुक्त करवाया जा चुका है।

**कार्यालय सचिव राजस्थान मेडिकल रिलीफ सोसायटी**
**उपजिला चिकित्सालय आबूरोड जिला-सिरोही**

क्रमांक/लेखा/25/339 दिनांक:-20.03.2025

**निविदा सूचना-1/2025-26**

उपजिला चिकित्सालय आबूरोड में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए निम्नांकित सेवाओं हेतु पंजीकृत सेवा प्रदाता संस्थान/प्लेसमेन्ट एजेन्सी से मुहरबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र.सं. | कार्य/सेवा का विवरण | UBN No. |
|---|---|---|
| 1. | उपजिला चिकित्सालय आबूरोड में (24×7) साफ सफाई कार्य मय सामग्री | MHS2425SLOB05635 |
| 2. | कपडा धुलाई | MHS2425SSOB05639 |

निविदा संबंधित समस्त सुचनाऐ पोर्टल sppp.raj.nic.in पर भी देखी जा सकती है।

सचिव, राज. मेडीकेयर रीलीफ सोसायटी
आबूरोड ( राज. )

DIPR/C/4396/2025

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग, खण्ड फालना**
E-mail:- eephedfalna@yahoo.com, Ph.:- 02938-233684

**निलामी सूचना 01/2024-25**
**( SPPP UBN No.- PHE2425WSOB12123 )**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि समय-समय पर नकारा हुए खण्ड के विभागीय सामान की निलामी राजस्थान के राज्यपाल की ओर से दिनांक 24.04.2025 को प्रात: 10.30 बजे से सायं 1.00 बजे तक जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, खण्ड फालना के खण्डीय स्टोर में की जायेगी जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

1. एम.एस./सी.आई./जी.आई इत्यादि स्क्रेप।
2. सबमसिबल मोटर/पम्प/लोरिंग मशीन/मोनो ब्लॉक पम्प इत्यादि।

इच्छुक खरीददार उपरोक्त वर्णित सामान का निरीक्षण इस भण्डार में किसी भी कार्य दिवस में आकर देख सकते है। निलामी बोली में सम्मिलित होने वाले व्यक्ति को 50000/- रुपयें धरोहर राशि नकद जमा कराने होंगे तथा निलामी बोली छुटने पर बोली की राशि की चौथाई रकम उसी दिन नकद जमा करानी होगी अन्यथा उसकी धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी। उच्चतम बोली की स्वीकृति होने के पश्चात् 07 दिवस के भीतर-भीतर शेष राशि तथा टैक्स जमा कराने पर माल सपुर्द दिया जायेगा। अन्यथा उनकी जमा चौथाई राशि जब्त कर ली जायेगी। राज्य सरकार उच्चतम बोली स्वीकृत करने हेतु प्रतिबंधित अथवा बाध्य नहीं है उच्चतम बोली को बिना कारण बताए निरस्त किया जा सकता है। निलामी की अन्य शर्ते निलामी प्रारम्भ होने के पूर्व बता दी जायेगी। निलामी संबंधित पूर्ण अधिकार निलामी समिति में निहित है तथा समिति का निर्णय सर्वमान्य व अन्तिम होगा। निलामी की जाने वाली अनुपयोगी/अप्रचलित घोषित भण्डार सामान जिसका कुल पुस्तक मुल्य लगभग 82.54 लाख (बयासी लाख चौपन हजार रूपयें मात्र) है।

**निलामी स्थल**
जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग
खण्डीय स्टोर, फालना

( महेन्द्र सिंह राठौड )
अधिशाषी अभियन्ता
जन स्वा. अभि. विभाग, खण्ड-फालना

DIPR/C/4367/2025

'जल ही जीवन है, इसकी बचत कीजिए'

**जागरूक टाइम्स**

संपर्क करें

विज्ञापन देने के लिए
+91-9819170710
+91-9587022840
+91-8696111716

प्रति के लिए
9057203837

कार्यालय :- 0141-2743001

Email :- jtjaipur@gmail.com

# शनिवार को होगा करियर मार्गदर्शन एवं रोजगार मेले का आयोजन

## राजस्थान दिवस साप्ताहिक महोत्सव के तहत होगा आयोजन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राजस्थान दिवस साप्ताहिक महोत्सव के तहत उप प्रादेशिक रोजगार कार्यालय जयपुर द्वारा करियर मार्गदर्शन एवं रोजगार मेले का आयोजन 29 मार्च 2025 को प्रात: 8 बजे से 12 बजे तक यूथ हॉस्टल, जनपथ, विधानसभा रोड, जयपुर में किया जाएगा। उप प्रादेशिक रोजगार कार्यालय की उपनिदेशक नवरेखा जिला प्रशासन, जयपुर एवं युवा मामले एवं खेल विभाग तथा कौशल रोजगार एवं उद्यमिता विभाग के संयुक्त तत्वाधान में यह आयोजन किया जाएगा। जिसमें में निर्माण, लॉजिस्टिक, बैंकिंग, सूचना प्रौद्योगिकी, सिक्योरिटी, कॉल सेन्टर, बीमा आदि क्षेत्रों से संबंधित लगभग 30 निजी नियोजक अपनी 2000 रिक्तियों के साथ मौके पर ही युवा आशार्थियों का साक्षात्कार के पश्चात् प्राथमिक चयन कर लाभान्वित करेंगें। उन्होंने बताया कि विभिन्न सरकारी विभाग यथा-आईटीआई, आरएसएलडीसी एवं एनसीएस फोर एसटी/ एससीए आदि मेले में भाग ले कर अपनी विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान कर आशार्थियों को लाभांवित करेगें। सेना भर्ती कार्यालय भी मौके पर उपस्थित युवाओं को भारतीय सेना में भर्ती की प्रक्रिया की जानकारी प्रदान करेंगें।

उन्होंने बताया कि करियर मार्गदर्शन एवं रोजगार मेले में युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर दिये जाएँगे, उपस्थित युवाओं को करियर काउंसलर द्वारा उनकी योग्यता एवं रूचि के अनुसार उपयुक्त रोजगार संबंधी कैरियर मार्गदर्शन भी मौके पर ही प्रदान किया जाएगा। माध्यमिक, उच्च माध्यमिक स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा, आईटीआई पॉलिटेक्निक आदि सभी योग्यताधारी रोजगार के इच्छुक बेरोजगार युवाओं हेतु इस रोजगार मेले में रिक्तियां हैं, अत: सभी योग्यताधारी आशार्थी अपने शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की मूल व छाया प्रति एवं 02 पासपोर्ट फोटो के साथ उक्त रोजगार मेले का लाभ उठायें।

**राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम**
कोटपूतली आगार

क्रमांक :- संस्था./परि./अनु./कोट./2025/ दिनांक :-

**व्यक्तिगत सुनवाई हेतु नोटिस**

श्री राज कुमार नायक पुत्र श्री बाबू लाल नायक परिचालक (प्रो0ट्रैनी) कोटपूतली आगार की ड्यूटी दिनांक 05.01.2024 का कोटपूतली-देवता मार्ग पर सेवा संख्या 48-49 पर समय 06:00 बजे थी परन्तु उक्त परिचालक दिनांक 05.01.2024 को अपनी ड्यूटी से अनुपस्थित हो जाने के कारण इनको इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 113 दिनांक 28.02.2024 के द्वारा आरोप पत्र जारी किया गया जिसकी विधिवत जांच कार्यवाही श्री हनुमान सिंह गुर्जर सेवानिवृत आर.ए.एस. अनुबंधित जांच अधिकारी, मुख्यालय जयपुर से करवाई गई। जांच अधिकारी द्वारा श्री नायक को बार-बार सम्मन जारी कर पेशियों पर बुलाया गया और सफाई बयान पेश करने का अवसर दिया गया परन्तु परिचालक एक बार भी जांच में उपस्थित नही हुआ। जांच अधिकारी द्वारा पूर्ण जांच पत्रावली मय जांच प्रतिवेदन के इस कार्यालय को प्रेषित की गई। तत्पश्चात इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 13 दिनांक 17.01.2025 एवं 83 दिनांक 28.01.2025 के द्वारा इनके घर के पते पर आरोप पत्र 113 दिनांक 28.02.2024 के निर्णय हेतु व्यक्तिगत सुनवाई में उपस्थित होने के लिये पत्र भेजे गये लेकिन डाक विभाग द्वारा उक्त डाक के पुन: इस कार्यालय को इस आशय के साथ लौटा दिया कि पाने वाला अब इस पते पर नही रहता है। उक्त परिचालक दिनांक 05.01.2024 से लगातार आज दिनांक तक भी अनुपस्थित चल रहा है।

राज.संवाद/सी/24/14038 व्यक्तिगत नोटिस/2024-25 मुख्य प्रबन्धक

## सुविचार

जीवन में अगर ये समझ गए कि क्या याद रखना है और क्या भूलना, तो आप बहुत आगे निकल गए हो।

- अज्ञात

## जागरूक संपादकीय

### पाक फौज में बगावत

पाकिस्तान में इन दिनों बवाल मचा हुआ है। आतंकवादियों के पनाहगाह पड़ोसी देश में अभी तक लोकतांत्रिक तरीके से चुनी गई सरकारों का तख्तापलट होता रहा है। लेकिन इस बार के हालात बिल्कुल उलट हैं। अब पाकिस्तान के आर्मी चीफ जनरल असीम मुनीर का तख्तापलट होने की नौबत आ गई है। आर्मी के जूनियर अफसरों से लेकर जवानों तक ने जनरल असीम मुनीर को लेटर लिखकर कर स्टेप डाउन करने को कहा है। अफसरों और जवानों ने आर्मी चीफ पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने पाकिस्तान सेना की हनक और उसकी प्रतिष्ठा को गटर में पहुंचा दिया है। इस सनसनीखेज चिट्ठी में भारत के साथ साल 1971 में हुए युद्ध का भी जिक्र किया गया है, जब पाकिस्तान का बंटवारा हुआ था और बांग्लादेश नाम से नया देश दुनिया के मानचित्र पर सामने आया था। दरअसल, पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को सत्ता से हटाने, चुनाव में धांधली, जाफर एक्सप्रेस हाईजैक कांड और बलूचिस्तान में चलाए जा रहे दमनचक्र के खिलाफ पाकिस्तान में असंतोष के स्वर उभरने लगे थे। प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ के नेतृत्व क्षमता पर भी खुलेआम चर्चा होने लगी थी। अब यह चिंगारी वहां तक पहुंच गई है, जिसका अंदेशा शायद पाकिस्तान सरकार और आर्मी को भी नहीं होगा। पाकिस्तान आर्मी में कर्नल से लेकर मेजर और जवानों तक में जनरल असीम मुनीर को लेकर गंभीर असंतोष है। सामूहिक तौर पर लिखी गई चिट्ठी में जनरल मुनीर को साफ शब्दों में चीफ के पद से हटने को कहा गया है, नहीं तो अंजाम भुगतने के लिए तैयार रहने को कहा गया है। आर्मी के अंदर विद्रोह की ज्वाला भड़कने से पाकिस्तान के पूरे अमले में खलबली मच गई है। आर्मी के जूनियर अफसरों और जवानों की ओर से लिखी गई चिट्ठी में लिखा गया है, 'यह कोई दलील या अर्जी नहीं है। यह कोई नेगोशिएशन नहीं है। यह आपका (जनरल असीम मुनीर) 1971 है, जनरल और हम आपको इसकी छाया में दफन नहीं होने देंगे।' सैन्य अधिकारियों ने मुनीर पर राजनीतिक असहमति को दबाने, पत्रकारों को चुप कराने और लोकतांत्रिक ताकतों को कुचलने के जरिए सेना की प्रतिष्ठा और उसकी हनक को तबाह करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि अप्रेल 2022 में इमरान खान को हटाने के बाद की हिंसक कार्रवाई और 8 फरवरी 2024 के चुनावों में कथित धांधली के मामलों से सेना की छवि तार-तार हुई है। पत्र में आगे लिखा गया है कि, 'यह पाकिस्तान के सशस्त्र बलों की आवाज है-कर्नल, मेजर, कैप्टन और जवान, जिन्होंने आपको हमारी संस्था, हमारे राष्ट्र और हमारे सम्मान को गटर में डालते हुए देखा है। आपका समय समाप्त हो गया है। जल्द से जल्द इस्तीफा दें या आपने जो हमसे लिया है, उसे वापस लेंगे। जरूरत पड़ी तो बलपूर्वक उसे हासिल करेंगे।'

## 32 लाख मुसलमानों को ईदी

# सौहार्द्र की सियासत में बुराई ही क्या?



डा. अनिता राठौर

ईद के मौके पर भाजपा देशभर के 32 लाख गरीब मुसलमानों को, अपने अल्पसंख्यक मोर्चा के कार्यकर्ताओं के जरिये देशभर की 32 हजार मस्जिदों में चुने हुए 100 सबसे ज्यादा जरूरतमंद लोगों को 'सौगात-ए-मोदी' किट दे रही है। इसकी शुरुआत गुजरे 25 मार्च 2025 को नई दिल्ली की ग़ालिब अकादमी से हुई। इस सौगात-ए-मोदी किट में महिलाओं के लिए सूट, पुरुषों के लिए कुर्ता-पायजामा, दाल, चावल, सेवइयां, सरसों का तेल, चीनी, मेवा तथा खजूर शामिल हैं। हर किट की कीमत 600-700 के बीच है। भारतीय जनता पार्टी के अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी के मुताबिक़, 'रमजान के पवित्र मौके पर अल्पसंख्यक मोर्चा सौगात-ए-मोदी अभियान के जरिए जरूरतमंदों तक पहुंचेगा।

इमेज

साथ ही देश के करीब करीब सभी जिलों में ईद मिलन समारोह भी आयोजित किए जाएंगे।' भाजपा के इस कदम की विपक्षी पार्टियों द्वारा जबर्दस्त आलोचना होना पहले से ही तय थी। इसलिए सभी विरोधी पार्टियां एक स्वर में कह रही हैं कि भाजपा मदद के बहाने सियासत कर रही है। इनके मुताबिक़ यह सौहार्द की चासनी में लिपटी सियासत है। सवाल है कि सियासत के लिए भी अगर सौहार्द फैलाया जाए तो इसमें बुराई क्या है? आखिर भाजपा एक राजनीतिक पार्टी है इसलिए अगर वह राजनीति नहीं करेगी तो क्या करेगी?

भाजपा का दावा है कि यह कदम सामाजिक समावेश और गरीबी उन्मूलन की दिशा में एक बड़ा प्रयास साबित होगा। मगर चूंकि कुछ महीनों में ही बिहार में विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं तो विपक्षी राजनीतिक पार्टियों को यह समूची कवायद सिर्फ मुस्लिम वोट जुटाने का तरीका लग रही है। बिहार से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने पूछा है – आखिर भाजपा की यह राजनीति है या हृदय परिवर्तन? पप्पू यादव की पत्नी और कांग्रेस सांसद रंजीत रंजन ने कहा कि बिहार में चुनाव है। ऐसे में भाजपा सौगात नहीं दे रही, बल्कि मुसलमानों से वोट मांग रही है। इसमें सौ फीसदी सच्चाई हो सकती है। बिहार की जातिगत जनगणना के मुताबिक राज्य में 17.7% मुस्लिम और 14.26% यादव आबादी रहती है। इसलिए बिहार में सत्ता की चाह रखने वाली कोई भी पार्टी मुस्लिम और यादव वोट बैंक को नजरअंदाज नहीं कर सकती।

पिछली सदी के 90 के दशक में तो मौजूदा राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने सत्ता में काबिज होने के लिए यादवों और मुस्लिमों का एक सुव्यवस्थित फॉर्मूला ही ईजाद किया था, जिसे सियासी गलियारे में एमवाई फ़ॉर्मूला कहा गया था। मुस्लिम और यादव कम्युनिटी को मिलाकर बनने वाले इस समीकरण के इर्द-गिर्द दो दशकों तक राजनीति घूमी है और आने वाले दिनों में भी इस फ़ॉर्मूले को बिहार में कुछ अंदाज में लागू किए जाने की कोशिश हो रही है। क्योंकि लोकनीति संस्थान सीएसडीएस के मुताबिक़ पोस्ट-पोल सर्वे




2020 में राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस के महागठबंधन को 75% मुस्लिमों ने वोट दिया था। वहीं, भाजपा और जेडीयू वाले एनडीए को 5% और चिराग पासवान की लोकजनशक्ति पार्टी को 2% मुस्लिम वोट मिले थे। जिस प्रदेश में मुस्लिम सियासत में इतने निर्णायक हों वहां अगर मुसलामानों को पटाने के लिए भाजपा सियासत कर रही है तो इसमें आश्चर्य की क्या बात है आखिर बिहार विधानसभा की 243 में से 32 सीटें पूरी तरह से मुस्लिम मतदाताओं के दबदबे वाली हैं, जहां 30% से ज्यादा मुस्लिम वोटर हैं। इसलिए कोई भी राजनीतिक पार्टी चाहेगी कि बहुमत के जादुई आंकड़े के लिए जरूरी 122 सीटें पाने में उसे मुस्लिमों का मत और समर्थन मिले।

वरिष्ठ राजनीतिक पत्रकार रशीद किदवई के मुताबिक़ भाजपा इस किट राजनीति के जरिये बताने की कोशिश कर रही है कि वह सिर्फ हिंदुओं की पार्टी नहीं है सभी समुदायों की पार्टी है। अपनी इस पहल के जरिये वह विशेषकर पसमांदा मुसलमानों तक पहुंचने की कोशिश कर रही है। जिस तरह हाल के सालों में भाजपा ने मुस्लिम महिलाओं के बीच अपनी सकारात्मक छवि तीन तलाक जैसे मुद्दों में उनका साथ देकर बनाई है, कुछ वैसी ही पहुंच अब वह पसमांदा मुस्लिमों तक अपनी कल्याणकारी राजनीति की बदौलत बनाना चाह रही है। भाजपा देश ही दुनिया की शायद अकेली ऐसी राजनीतिक पार्टी है जो चौबीसों घंटे चुनाव जीतने के सकारात्मक ख्यालों में डूबी रहती है और अपनी हर असफलता से सबक लेती है। भाजपा को पता है कि मुस्लिम वोटों का एकमुश्त ध्रुवीकरण हमेशा उसके खिलाफ जाता है। भाजपा को यह भी पता है कि एक साथ सारे मुस्लिमों के दिल में तो वह अपनी जगह अपने को मिटाकर भी नहीं बना सकती। इसलिए वह पसमांदा जैसे मुट्ठीभर मुस्लिम वोट भी अपनी तरफ कर सकी तो कहीं न कहीं उसके विरुद्ध होने वाला मुस्लिम ध्रुवीकरण कमजोर होगा और इस तरह उसकी जीत की पहले से कहीं बेहतर संभावनाएं बनेंगी।

लोकनीति के ही एक और पोस्ट पोल सर्वे के मुताबिक 2014 और 2019 के आम चुनावों में भाजपा को करीब 8% मुस्लिम वोट मिला था, जो 2024 के आम चुनाव में घटकर 6% रह गया। भाजपा अब वंचित मुस्लिम समुदायों के जरिये अपने से छिटक गए कम से कम 2% मुस्लिम वोटर्स की भरपाई करना चाह रही है और जिस तरह से बड़े पैमाने पर गरीब मुस्लिम, मुफ्त की अनाज स्कीम से चलते मोदी सरकार का मन ही मन कृतज्ञता मसूस करता है उस पृष्ठभूमि में भाजपा की यह कोई गलत उम्मीद भी नहीं है। भाजपा नेता मुख्तार अब्बास नकवी कहते हैं, 'भापजा ने हमेशा समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को बिना किसी भेदभाव के साथ अपने साथ लिया है, यही हमारी सियासत का मूल मंत्र है - सबका साथ, सबका विकास। सौगात किट उसी का विस्तार है। प्रधानमंत्री मोदी का विकास एजेंडा कभी भी वोटों के लिए सौदा नहीं रहा है। पिछले 11 सालों में उन्होंने समाज के आखिरी पायदान पर खड़े लोगों के जीवन में खुशियां लाने का काम किया है।' सिर्फ भाजपा के ही नेता नहीं बल्कि सहयोगी केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान भी कहते हैं, 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 'सबका साथ, सबका विकास' में विश्वास करते हैं। इसी सोच के साथ केंद्र सरकार और बिहार सरकार विकास की दिशा में काम कर रही है।' सिर्फ विपक्षी राजनीतिक पार्टियां ही नहीं बल्कि करीब करीब मुस्लिम बुद्धिजीवी वर्ग भी भाजपा के इस कदम को शक और आलोचना की ही निगाहों से देख रहा है। लेकिन यह भी सच है कि मुस्लिमों का जो तबका इस सौगात से सीधे सीधे लाभान्वित हो रहा है वह इतना क्रिटिकल नहीं है न ही वह इस सबमें बहुत ज्यादा राजनीति देख रहा है।

## पंचांग

शुक्रवार, 28 मार्च 2025

| | |
|---|---|
| विक्रम संवत् | - 2081 |
| शक संवत् | - 1946 |
| ऋतु | - वसंत |
| माह | - चैत्र |
| पक्ष | - कृष्ण |
| तिथि | - चतुर्दशी 19.57 तक |
| वार | - शुक्रवार |
| नक्षत्र | - पूर्वाभाद्रपद 22.11 तक |
| योग | - शुक्ल 26.08 तक |
| करण | - विष्टि 09.34 तक |
| सूर्योदय | - 06.37 (मुंबई) |
| सूर्यास्त | - 06.49 (मुंबई) |
| सूर्योदय | - 06.36 (भीनमाल) |
| सूर्यास्त | - 06.55 (भीनमाल) |
| चंद्र राशि | - कुंभ 16.49 तक |
| अभिजित् मुहूर्त | - 12.19 से 13.08 |
| राहु काल | - 11.12 से 12.43 |
| व्रत, त्यौहार | - पंचक, भद्रा 09.34 तक, वैधृति महापात 13.07 से 16.35 |
| दिशा शूल | - पश्चिम |

शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी, भीनमाल



## पेड़ पुराण

### सेहत ही नहीं संपन्नता भी देता नाशपाती का पेड़

वीना गौतम

स्वास्थ्य के प्रति लोगों में बढ़ी सजगता के कारण, हाल के सालों में फाइबर की प्रचुर मात्रा वाले फल नाशपाती की बाजार में मांग बढ़ गई है, यही कारण है कि हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश में नाशपाती की अच्छीखासी खेती होने लगी है। सेहत के लिए नाशपाती फल इसलिए शानदार है क्योंकि इसमें यह पाचन तंत्र को मजबूत बनाने के लिए भरपूर फाइबर होता है। यह वजन को नियंत्रित करता है, इसमें प्राकृतिक शर्करा और फाइबर की मौजूदगी होने के कारण, इससे रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करने में मदद मिलती है, जो मधुमेह रोगियों के लिए लाभदायक है। साथ ही यह हृदय रोग के जोखिम को कम करने में मददगार होने के साथ साथ शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को भी मजबूत करता है। स्वास्थ्य संबंधी अपनी इन खूबियों के कारण आजकल नाशपाती की बाजार में काफी मांग है। आमतौर पर यह 60 से 100 रूपये प्रतिकिलो तक आसानी से बिक जाती है। यही वजह है कि हिमाचल और जम्मू-कश्मीर में किसान हाल के सालों में नाशपाती के पेड़ खूब लगा रहे हैं। नाशपाती का पेड़ एक मध्यम आकार का फलदार वृक्ष है, जो शीतोष्ण जलवायु में अच्छे से फलता-फूलता है। इसकी उंचाई करीब 4 से 12 मीटर तक हो सकती है। इसका तना मजबूत और थोड़ा खुरदरा होता है, जबकि पत्तियां हरी, चमकदार और अंडाकार होती हैं। यह समशीतोष्ण और उपोष्णकटिबंधीय जलवायु में बेहतर ढंग से फलता-फूलता है। इसके अच्छे से विकास के लिए बेहतर जलनिकासी वाली दोमट और गहरी मिट्टी सबसे उपयुक्त होती है। इसके फूल सफेद या हल्के गुलाबी रंग के होते हैं और इनका परागण मधुमक्खियों के द्वारा होता है। नाशपाती का पौधा लगभग 4-6 वर्षों में फल देने लगता है। यदि इसे ग्राफ्टिंग (कलम) तकनीक से उगाया गया हो तो, यह 3-4 वर्षों में ही फल देने लगता है।

## तारीख विशेष

### गोरख प्रसाद

गोरख प्रसाद गणितज्ञ, 'हिंदी विश्वकोश' के संपादक तथा हिंदी में वैज्ञानिक साहित्य के लब्धप्रतिष्ठ और बहुप्रतिभ लेखक थे। ज्योतिष और खगोल के वे प्रकांड विद्वान् थे। आप 'हिंदी साहित्य सम्मेलन' के परीक्षामंत्री भी कई वर्ष तक रहे। गोरख प्रसाद काशी (वर्तमान बनारस) में 'हिंदी सहित्य सम्मेलन' के 28वें अधिवेशन में विज्ञान परिषद के अध्यक्ष थे। 'बनारस मैथमैटिकल सोसायटी' के भी आप अध्यक्ष रहे थे। हिंदी साहित्य सम्मेलन द्वारा 1931 ई. में 'फोटोग्राफी' ग्रंथ पर इनको 'मंगलाप्रसाद पारितोषिक' मिला था। गोरख प्रसाद का जन्म 28 मार्च, 1896 ई. को गोरखपुर, उत्तर प्रदेश में हुआ था। सन 1918 में काशी हिंदू विश्वविद्यालय से इन्होंने एम.एस-सी. परीक्षा उत्तीर्ण की। ये डा. गणेश प्रसाद के प्रिय शिष्य थे। उनके साथ इन्होंने सन 1920 तक अनुसंधान कार्य किया। महामना पं. मदनमोहन मालवीय जी की प्रेरणा से ऐडिनबरा गए और सन 1924 में गणित की गवेषणाओं पर वहां के विश्वविद्यालय से डी.एस-सी. की उपाधि प्राप्त की। 21 जुलाई, 1925 ई. से प्रयाग विश्वविद्यालय के गणित विभाग में रीडर के पद पर कार्य किया। वहां से 20 दिसंबर, 1957 ई. को पदमुक्त होकर नागरी प्रचारिणी सभा द्वारा संयोजित 'हिंदी विश्वकोश' का संपादन भार ग्रहण किया। सन 1952 से 1959 तक विज्ञान परिषद (प्रयाग) के उपसभापति और सन 1960 से मृत्युपर्यंत उसके सभापति रहे। हिंदी साहित्य सम्मेलन के परीक्षामंत्री भी कई वर्ष तक रहे। काशी में हिंदी सहित्य सम्मेलन के 28वें अधिवेशन में विज्ञान परिषद के अध्यक्ष थे। बनारस मैथमैटिकल सोसायटी के भी आप अध्यक्ष रहे। गोरख प्रसाद का संबंध अनेक साहित्यिक एवं वैज्ञानिक संस्थाओं से था। हिंदी साहित्य सम्मेलन द्वारा 1931 ई. में 'फोटोग्राफी' ग्रंथ पर गोरख प्रसाद को 'मंगला प्रसाद पारितोषिक' मिला। संवत् 1989 (सन 1932-33 ई.) में काशी नागरी प्रचारिणी सभा से उनकी पुस्तक 'सौर परिवार' पर डा. छन्नूलाल पुरस्कार, ग्रीब्ज़ पदक तथा रेडिचे पदक मिले। गोरख प्रसाद जी की 5 मई, 1961 ई. को वाराणसी में अपने नौकर की प्राणरक्षा के प्रयत्न में जलसमाधि हो गई।

## भारत के लोकप्रिय लैंडमार्क

# अणुशक्ति और आध्यात्मिकता की नगरी 'रावतभाटा'

नयनतारा

रावतभाटा के अपने पर्यटन आकर्षण भी हैं। रावतभाटा में कई पर्यटन स्थल हैं जो पर्यटकों को विशेष रूप से आकर्षित करते हैं। बडौली मंदिर समूह में स्थित घाटेश्वर महादेव मंदिर की ख्याति दूर दूर तक है। यह प्राचीन मंदिर भारतीय वास्तुकला का उत्कृष्ट उदाहरण है।इसी तरह यहां स्थित चुलिया फॉल्स, जो कि चंबल नदी पर स्थित है, मानसून के दिनों में इस प्राकृतिक झरने की सुंदरता देखते ही बनती है। ऐसा ही आकर्षण का केंद्र पाड़ाझर झरना भी है। करीब 150 फीट ऊंचाई से गिरने वाला यह झरना प्राकृतिक सौंदर्य का अद्भुत दृश्य प्रस्तुत करता है। बारिश के मौसम में यह झरना भी विशेष रूप से आकर्षक हो जाता है। रावतभाटा से होकर बहने वाली चंबल नदी में बना राणा प्रताप सागर बांध और इसके आसपास का क्षेत्र पिकनिक और फोटोग्राफी के लिए दस्तावेजी हो जाता है। मगर यह बात सही है कि इस विशष्ट नगरी का सबसे बड़ा लैंडमार्क राजस्थान परमाणु ऊर्जा केंद्र ही है, जो भारत का प्रमुख परमाणु ऊर्जा संयंत्र है।

कोई शहर छोटा हो या बड़ा या चाहे कोई कस्बा ही क्यों न हो। हर शहर, हर महानगर और हर कस्बे की अपनी एक निजी पहचान, एक निजी विशेषता होती है, जो हर किसी से अलग होती है। भारत के लोकप्रिय लैंडमार्क में हम इन्हीं खूबियों को खोजकर आप तक पहुंचाते हैं। इस बार पढ़िए भारत की अणुशक्ति नगरी रावतभाटा की कहानी जो एक साथ अणुशक्ति और आध्यात्मिकता की पुण्यनगरी है। महज 52000 की जनसंख्या और राजनीतिक ताकत का कोई बड़ा केंद्र न होने के बावजूद राजस्थान के चित्तौड़गढ़ जिले में स्थित रावतभाटा शहर, दुनिया के नक्शे में अपनी एक अलग ही अहमियत रखता है। शिक्षा नगरी कोटा से महज 50 किमी दूर स्थित रावतभाटा वैश्विक स्तर पर जहां मुख्यतः परमाणु ऊर्जा और अनुसंधान से जुड़ी वजहों से प्रसिद्ध है, वहीं देश के भीतर इसकी ख्याति 9वीं शताब्दी में निर्मित बाड़ौली मंदिर समूह के कारण है। ये मंदिर इसे भारत की रहस्यमयी आध्यात्मिक नगरी होने का गौरव देते हैं। साथ ही यह छोटा सा खूबसूरत शहर चंबल नदी के किनारे बसा होने और चारों ओर से हरियाली व पहाड़ियों से घिरा होने के कारण 'राजस्थान का स्वर्ग' कहलाता है। अपनी प्राकृतिक सुंदरता और ऐतिहासिक धरोहरों के लिए विख्यात रावतभाटा शहर देश के सामरिक, वैज्ञानिक व औद्योगिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान देता है। भारत के शहरी एटलस में रावतभाटा का इसलिए भी विशेष स्थान है, क्योंकि यहां स्थित राजस्थान परमाणु ऊर्जा केंद्र और भारी पानी संयंत्र, अपनी तरह के विशिष्ट संस्थान हैं जो भारत की विश्व पटल पर हैसियत बनाते हैं। क्योंकि ये संयंत्र भारत की परमाणु ऊर्जा उत्पादन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और देश की ऊर्जा सुरक्षा में योगदान करते हैं। रावतभाटा परमाणु ऊर्जा, अनुसंधान और अपने औद्योगिक योगदान के कारण विश्वस्तर पर प्रसिद्ध है। यह भारत के सबसे बड़े और महत्वपूर्ण परमाणु ऊर्जा केंद्रों में से एक है। इन दिनों यह अपने पीएचडब्लूआर प्रेशराइज्ड हैवी वाटर रिएक्टर, संयंत्र, इसकी उन्नत टेक्नोलॉजी और फ्यूल उत्पादन के कारण अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लगातार चर्चा में है। क्योंकि रावतभाटा एक परमाणु ऊर्जा हब में तब्दील हो चुका है, जो विकसित भारत का ऊर्जा भविष्य है। समूचे देश में परमाणु ऊर्जा के भविष्यकालिक लक्ष्य यहीं होने वाले अनुसंधानों से पूरे होंगे। लेकिन रावतभाटा की पहचान सिर्फ इसका परमाणु ऊर्जा हब होना भर नहीं है, इसका प्राचीन इतिहास भी आकर्षक और गौरवशाली है। हालांकि शहर की सटीक स्थापना तिथि अज्ञात है। फिर भी सदियों पुरानी अपनी स्थापत्य धरोहरों के कारण यह शहर विशिष्ट है, विशेषकर यहां स्थित बाड़ौली मंदिर समूह के कारण,जिससे पता चलता है कि शहर 9वीं और 10वीं शताब्दी में शैव पूजा का केंद्र था। रावतभाटा के अपने पर्यटन आकर्षण भी हैं। रावतभाटा में कई पर्यटन स्थल हैं जो पर्यटकों को विशेष रूप से आकर्षित करते हैं। बडौली मंदिर समूह में स्थित घाटेश्वर महादेव मंदिर की ख्याति दूर दूर तक है। यह प्राचीन मंदिर भारतीय वास्तुकला का उत्कृष्ट उदाहरण है।इसी तरह यहां स्थित चुलिया फॉल्स, जो कि चंबल नदी पर स्थित है, मानसून के दिनों में इस प्राकृतिक झरने की सुंदरता देखते ही बनती है। ऐसा ही आकर्षण का केंद्र पाड़ाझर झरना भी है। करीब 150 फीट ऊंचाई से गिरने वाला यह झरना प्राकृतिक सौंदर्य का अद्भुत दृश्य प्रस्तुत करता है। बारिश के मौसम में यह झरना भी विशेष रूप से आकर्षक हो जाता है। रावतभाटा से होकर बहने वाली चंबल नदी में बना राणा प्रताप सागर बांध और इसके आसपास का क्षेत्र पिकनिक और फोटोग्राफी के लिए दस्तावेजी हो जाता है। मगर यह बात सही है कि इस विशष्ट नगरी का सबसे बड़ा लैंडमार्क राजस्थान परमाणु ऊर्जा केंद्र ही है, जो भारत का प्रमुख परमाणु ऊर्जा संयंत्र है। यह संयंत्र न केवल ऊर्जा उत्पादन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, बल्कि शहर की पहचान का भी एक प्रमुख हिस्सा है। भारत के परमाणु ऊर्जा उत्पादन में रावतभाटा का योगदान अकेले 30 फीसदी से ज्यादा है। भारत में परमाणु ऊर्जा की कुल स्थापित क्षमता 7,480 मेगावाट है। जो कि भारत के कुल परमाणु ऊर्जा उत्पादन के 30ः या उससे कुछ ज्यादा है। भविष्य में रिएक्टर विस्तार के साथ यह योगदान और बढ़ेगा। यह छोटा सा शहर राष्ट्रीय सुरक्षा और परमाणु नीति में भी अपनी ख़ास भूमिका निभाता है। इसकी भौगोलिक स्थिति भी इसे ख़ास बनाती है,खासकर सुरक्षा की दृष्टि से। यहां रक्षा अनुसंधान और परमाणु ऊर्जा आयोग की कुछ विशेष प्रयोगशालाएं भी हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि भारत के पीएचडब्लूआर आधारित परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम का देशभर में मुख्य केंद्र है। तेजस फाइटर जेट्स और पनडुब्बियों के लिए परमाणु फ्यूल अनुसंधान से भी इसका गहरा संबंध है। इस तरह देखा जाए तो रावतभाटा भारत के परमाणु ऊर्जा मानचित्र में एक 'स्पाइनश की तरह है।



## गीता सार

**तद्बुद्धयस्तदात्मानस् तन्निष्ठास्तत्परायणाः।**
**गच्छन्त्यपुनरावृत्तिं ज्ञाननिर्धूतकल्मषाः॥**
**विद्याविनयसंपन्ने ब्राह्मणे गवि हस्तिनि।**
**शुनि चैव श्वपाके च पण्डिताः समदर्शिनः॥**

**हिंदी अर्थ –**

जिनका मन तत (ब्रह्म या आत्म) रूप हो रहा है, जिनकी बुद्धि तत् (ब्रह्म) रूप हो रही है और जो निरंतर तत् (ब्रह्म) में ही निष्ठा वाले है, ऐसे ज्ञान द्वारा निष्पाप हुए पुरुष अपुनरावृत्ति को प्राप्त करते है। ऐसे ज्ञानी जन विद्या और विनययुक्त ब्राह्मण में, गाय में, हाथी, कुत्ते और चाण्डाल को समान देखते है।

## बोले तो...



गृह मंत्री ने कोई उल्लंघन नहीं किया है।उन्होंने अपने बयान को प्रमाणित करने के लिए 1948 की एक सरकारी प्रेस विज्ञप्ति का हवाला दिया था। इसमें कहा गया था कि एक कांग्रेस नेता प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष के प्रबंधन का हिस्सा थे।

- जगदीप धनखड़



भगवान, अल्लाह सब ऊपर हैं। जितनी उम्र लिखी है, उतनी लिखी है। कभी-कभी इतने लोगों को साथ में लेकर चलना पड़ता है। आप लोग बहुत अच्छे हो। इसलिए वो आपके साथ भी अच्छे हैं। मैं नहीं चाहता कि वे उन लोगों के साथ अच्छा व्यवहार करें, जो अच्छे नहीं हैं।

- सलमान खान



विपक्ष के सदस्य जेपीसी में मौजूद हैं। अपनी बात रखने का मौका भी विपक्ष को दिया गया। विपक्ष के कई नेता ऐसे हैं, जो यह माहौल बनाना चाहते हैं कि यह वक्फ संशोधन विधेयक मुसलमानों के खिलाफ है। हमारी सरकार की सोच है कि गरीब मुसलमानों को भी बराबरी का हक मिलना चाहिए।

- चिराग पासवान

## कुछ अलग | अजब गजब

# च्युइंग गम खाने वालों हो जाओ सावधान!, वैज्ञानिक ने जारी की खतरनाक चेतावनी

च्युइंग गम चबाने की आदत लगभग हर उम्र के लोगों में पाई जाती है, खासकर बच्चों और यंगस्टर्स में. लेकिन क्या आप जानते हैं कि यह आपकी सेहत के लिए कितना खतरनाक हो सकता है? जी हां, हाल ही में हुए एक रिसर्च में वैज्ञानिकों ने चौंकाने वाला खुलासा किया कि च्युइंग गम चबाना सेहत के लिए काफी खतरनाक हो सकता है। दरअसल, जिस च्युइंग गम को आप बड़े चाव से खाते हैं उस च्युइंग गम के जरिए हमारे शरीर में हर साल हजारों माइक्रोप्लास्टिक कण पहुंच रहे हैं। जिससे हमें कैंसर जैसी भयानक बीमारियां भी हो सकती हैं।

बता दें, च्युइंग गम में पाया जाने वाला माइक्रोप्लास्टिक्स सूक्ष्म प्लास्टिक कण होते हैं, जिनका आकार 5 मिलीमीटर से भी छोटा होता है। ये माइक्रोप्लास्टिक हवा, पानी, खाने-पीने की चीजों और अब च्युइंग गम में भी मौजूद होते हैं। रिसर्चर्स के अनुसार, जब से खतरनाक कण शरीर में प्रवेश करते हैं, तो ये कोशिकाओं और डीएनए को नुकसान पहुंचा सकते हैं, जिससे गंभीर बीमारियों के साथ-साथ कैंसर का खतरा भी बढ़ सकता है।ये रिसर्च अमेरिका के यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया, लॉस एंजेलेस (UCLA) ने की। जिसमे पाया गया कि च्युइंग गम चबाने से लार में माइक्रोप्लास्टिक कण घुल जाते हैं, जो निगलने के बाद हमारे पाचन तंत्र तक पहुंच जाते हैं। एक नॉर्मल इंसान हर साल लगभग 15 क्रेडिट



कार्ड के बराबर माइक्रोप्लास्टिक्स निगल जाता है। जो कि इस खतरे को कई गुना बढ़ा देता है। बता दें, च्युइंग गम मुख्य रूप से तीन चीजों से बनता है। एक रबर जैसा बेस (पॉलिमर), मीठे पदार्थ और फ्लेवरिंग एजेंट्स. वैज्ञानिकों ने पाया कि चाहे सिंथेटिक गम हो या नेचुरल गम, दोनों में बराबर पॉलिमर का इस्तेमाल किया जाता है. जो चबाने के दौरान समान मात्रा में माइक्रोप्लास्टिक्स छोड़ते हैं। जिसके लिए रिसर्चर्स ने बाजार में मिलने वाले पांच ब्रांड के सिंथेटिक गम और पांच ब्रांड के नेचुरल च्युइंग गम चबाने के बाद लार का टेस्ट किया। नतीजों ने सभी को चौंका के रख दिया। प्रत्येक ग्राम गम से 100 माइक्रोप्लास्टिक्स निकलते हैं, लेकिन कुछ ब्रांड्स में माइक्रोप्लास्टिक्स की संख्या 600 तक थी। शोधकर्ताओं के मुताबिक, एक व्यक्ति हर साल लगभग 160-180 गम स्टिक्स चबाता है। इसका मतलब वह केवल गम चबाने से ही सालाना 30,000 माइक्रोप्लास्टिक्स निगल जाता है।

## पाठक पाती

### कब समझेंगे प्लास्टिक के दुष्परिणाम...?

प्लास्टिक भले ही दैनिक दिनचर्या में सुविधाजनक और उपयोगी लगता है मगर लगातार हो रहे रिसर्च बताते है कि पालीथीन स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए कितना गंभीर खतरा बन चुका है? प्लास्टिक के जलने से डाइऑक्सिन, फ्यूरान और भारी धातुओं जैसे हानिकारक रसायन हवा में फैलते हैं। इससे निकलने वाली विषैली गैसें सांस और त्वचा संबंधी बीमारियों का कारण बनती हैं। इससे फेफड़ों की बीमारियों सहित स्वास्थ्य समस्याएं उभरती हैं। दशकों तक धरती में भी ज्यों का त्यों पड़ा रहने से उर्वरा शक्ति प्रभावित होना स्वाभाविक ही है। इसके अलावा भी सैकड़ों नुकसान इसमें भरे पड़े हैं। आसपास इससे होने वाली बीमारियों के मरीज भी नजर आते हैं मगर लोग है कि इससे सबक ही नहीं लेते। वैसे देखा जाए तो मुद्दा बड़ा गंभीर है मगर न तो सरकार और न ही जनता को चिंता हैं।

- अमृतलाल मारू 'रवि' इंदौर मप्र

**पाठकनामा के लिए आप भी हमें अपने विचार ई-मेल या फैक्स द्वारा भेज सकते हैं।**

ई-मेल jagruktimes@gmail.com

## फिर से जगमगाने लग गया आई लव झुंझुनूं

### विधायक भांबू के एक्शन के बाद कुछ घंटों बाद ही नगर परिषद ने सही करवाई लाइट

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** विधायक राजेंद्र भांबू सोशल मीडिया पर पूरे एक्टिव है। इसका उदाहरण मिला है सोशल मीडिया




प्लेटफॉर्म एक्स पर। दरअसल 26 मार्च को सुबह साढ़े आठ बजे एक सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर ने ट्वीट करते हुए शहर के गांधी पार्क में लगे आई लव झुंझुनूं लिखे स्ट्रेक्चर की फोटो साझा करते हुए विधायक भांबू को लिखा कि झुंझुनूं सिर्फ सेल्फी प्वाइंट ऐसा एक ही है। वो भी ठीक नहीं है। जिस पर विधायक भांबू ने तुरंत संज्ञान लेते हुए नगर परिषद को इसके लिए निर्देश दिए। आयुक्त दलीप पूनियां ने भी जरा सी देर किए बगैर कुछ घंटों बाद ही इस स्ट्रेक्चर की खराब लाइटों को बदलवा दिया। जिसकी जानकारी उन्होंने रात को फोटो सहित विधायक भांबू को भी दी। भांबू ने भी इस सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर को सोशल मीडिया एक्स पर ही रिप्लाई देते हुए आई लव झुंझुनूं के स्ट्रेक्चर की जगमगाती फोटो शेयर की और साथ ही एक सच्चे जनप्रतिनिधि का दायित्व निभाते हुए लिखा कि %ये आज ही ठीक करवा दी गई है और शाम की तस्वीर आपके साथ साझा कर रहा हूं, सदैव आपकी सेवा में%। जिसके बाद सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर ने भी भांबू का आभार जताया। विधायक भांबू की इस सक्रियता की ना केवल शहर और विधानसभा में, बल्कि पूरे सियासी गलियारों में प्रशंसा हो रही है।

## श्री संकट मोचन बालाजी मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव पर संपन्न होंगे विभिन्न कार्यक्रम

**झुंझुनूं।** श्री संकट मोचन बालाजी मंदिर प्रांगण में 47वें वार्षिक उत्सव के उपलक्ष में मिटिंग हुई। जिसमें



30 मार्च प्रथम नवरात्र से पूर्णिमा 12 अप्रेल तक श्री रामचरितमानस के अखंड पाठ उत्तर प्रदेश के विद्वान पंडितों द्वारा किया जाएगा। वहीं 11 अप्रेल रात्रि में नरेंद्र चौमाल नारु की पार्टी द्वारा भव्य जागरण तथा 12 अप्रेल को बालाजी महाराज का अलौकिक श्रृंगार, छप्पन भोग एक सतरंगी मेला तथा रात्रि में स्थानीय कलाकारों द्वारा भव्य जागरण का आयोजन किया जाना सुनिश्चित किया गया। मिटिंग में प्रमोद महमिया, कृष्ण गोपाल हलवाई, प्रमोद टीबड़ा, महेंद्र राणासरिया, शंभू पुरोहित, गोपीराम पुरोहित, शंभू वर्मा, महेंद्र शर्मा ढाणीवाले, अनिल बाक्यान, पवन शर्मा टाईपिस्ट, मनोज शर्मा, ऋषिकेश पुराहित एवं विनय रुंगटा उपस्थित थे।

## पूर्व सांसद संतोष अहलावत पीएम नरेंद्र मोदी से मिली

**झुंझुनूं।** पूर्व सांसद और भाजपा की प्रदेश महामंत्री संतोष अहलावत ने गुरूवार को दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। करीब 10 से 15 मिनट तक की इस मुलाकात में पूर्व सांसद संतोष अहलावत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने झुंझुनूं जिले की कई मांगों को रखा। अहलावत ने बताया कि उन्होंने



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से झुंझुनूं जिले समेत पूरी शेखावाटी को जल्द से जल्द यमुना का पानी दिलाने की मांग की है। ताकि ना केवल पीने का, बल्कि खेती के लिए और पशुपालकों को पशुओं के लिए भी समुचित जल मिल सके। इसके अलावा खेतड़ी कॉपर प्रोजेक्ट को पुनर्जीवित करने के साथ-साथ सूरजगढ़ और उदयपुरवाटी विधानसभा के लिए स्वीकृत कुंभाराम लिफ्ट कैनाल परियोजना का पानी जल्द पहुंचाने की मांग की। इसके अलावा उन्होंने झुंझुनूं जिले में एक आवासीय महिला महाविद्यालय की स्थापना, सैन्य अस्पताल खुलवाने की मांग भी प्रधानमंत्री से की है। अहलावत ने किसानों की आय और उनके जीवन स्तर को बढाने के लिए केवीके आबूसर को अपग्रेड करने की मांग की है।

# दो दिवसीय नेशनल कांफ्रेंस का समापन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नवलगढ़।** श्री राधेश्याम आर मोरारका राजकीय महाविद्यालय में दूसरी एससीवीपी एवं सेवा ज्योति के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित 'भारतीय ज्ञान परंपरा' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन हुआ। संगोष्ठी में पांच तकनीकी सत्र दो सिंपोजियम एक ऑनलाइन सत्र सहित कुल 10 सत्र आयोजित हुए। जिसमें 52 शोध पत्रों का वचन हुआ एवं 10 व्याख्यान हुए। संगोष्ठी में राजस्थान के अलावा देश के विभिन्न राज्यों से अनेक प्रतिभागी शामिल हुए। जिनमें हरियाणा से डॉ. भूपसिंह गौड़, चंडीगढ़ से प्रोफेसर देवराज शामिल हुए तथा भोपाल से प्रोफेसर प्रमिला तिवारी, वनस्थली विद्यापीठ से ऋतुराज शर्मा, राजस्थान विश्वविद्यालय से प्रोफेसर लोकेश्वरी, कोलकाता विश्वविद्यालय से प्रोफेसर अंतरा राय कार्यक्रम से ऑनलाइन मोड के द्वारा संगोष्ठी से जुड़े। संगोष्ठी के समापन के अवसर पर श्री राधेश्याम आर मोरारका स्मृति व्याख्यान का आयोजन



किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता राजस्थान के प्रख्यात लेखक एवं चिंतक प्रोफेसर सुरेंद्र सिंह कटारिया थे। जिन्होंने अपने व्याख्यान में भारतीय परिप्रेक्ष्य में श्रुति साहित्य का अर्थ समझाते हुए, परंपरा के स्थानांतरण की प्रक्रिया को समझाया। साथ ही शिक्षा एवं विद्या के अंतर को स्पष्ट करते हुए भारतीय ज्ञान परंपरा के विभिन्न आयामों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में सेवाज्योति ट्रस्ट को ओर से सुदर्शन शेखावत एवं सेवा ज्योति के प्रशासनिक अधिकारी संजय शर्मा उपस्थित थे। कार्यक्रम में सुदर्शन शेखावत ने महाविद्यालय के विकास के लिए सेवा ज्योति ट्रस्ट की प्रतिबद्धता को व्यक्त किया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर अरविंद कुमार महला ने राजस्थान और देश के विभिन्न प्रांतों से पधारे प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया और कॉन्फ्रेंस में आर्थिक सहयोग प्रदान करने के लिए गौतम मोरारका का आभार व्यक्त किया। समापन कार्यक्रम मे प्रोफेसर पुष्पा चौधरी, प्रोफेसर सुनिता पांडे, प्रोफेसर अनुपमा सक्सेना, प्रोफेसर अनिता झाझड़िया, डॉ. विकास भड़िया, डॉ. मुनेश कुमार, डॉ. रमेश पूनियां, डॉ. राजेश पूनियां, डॉ. हरिश कुमार, डॉ. प्रदीप पूनियां आदि अनेक शिक्षाविद् उपस्थित थे। महाविद्यालय के कपी मीणा, डॉ. श्रवण कुमार सैनी, डॉ. नरेश कुमार, डॉ. राजेश ढाका, प्रियंका भांबू, डॉ. अंजू चौधरी, ओमप्रकाश स्वामी, रविप्रकाश मुहाल, बजरंगलाल सैनी, मधुलता कुलश्रेष्ठ आदि उपस्थित थे। समापन में संगोष्ठी के संयोजक डॉ. संदीप शर्मा ने कॉन्फ्रेंस का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कॉन्फ्रेंस के आयोजन सचिव डॉ. छोटूराम और सुरेश कुमार सैनी सहयोग के लिए सभी का आभार व्यक्त किया।

## बाबा साहेब की 134वीं जयंती मनाएंगे

**झुंझुनूं।** 14 अप्रेल को बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर की 134वीं जयंती धूमधाम से मनाने का निर्णय किया गया। अंबेडकर वेलफेयर सोसाइटी संस्था संरक्षक महावीर सानेल की अध्यक्षता में आयोजित मीटिंग में संस्था पदाधिकारी व सदस्यों द्वारा मार्च महीने में संस्था को आर्थिक योगदान देने वाले दानदाताओं का सम्मान करने का निर्णय किया गया। समारोह में झुंझुनूं विधायक राजेंद्र भांबू, जिला कलेक्टर रामावतार मीणा, एसपी शरद चौधरी, एडीएम अजय आर्य, डिप्टी सीएमएचओ डॉ. भंवरलाल सर्वा ने शरीक होने की स्वीकृति दी है। समारोह सुबह 10 बजे प्रारंभ होगा। सभा में वीएन देशराज, रामनिवास जिनोलिया, रामस्वरूप सिंह, सुरेश गर्वा, सुखदेव सिरोवा, डॉ. संपत बारूपाल, सागरमल सर्वा, महावीर सिंह अलीपुर, घनश्याम आर्य, हरिराम सोढा, बजरंगलाल खारिया, दयाराम तानान एवं दुर्गेश रांगेरा उपस्थित रहे।

## झांझोत मामले ने पकड़ा तूल, निकाली आक्रोश रैली

### आरोपियों को नहीं पकड़ा तो आंदोलन तेज करने की चेतावनी

**चिड़ावा।** थाना इलाके के झांझोत गांव में पांच दिन पहले दीवारों पर हिंदू देवी देवताओं और गांव के बीसा दादा मंदिर के पुजारी को लेकर लिखी गई अश्लील, अभद्र और अपमानजनक टिप्पणियों के मामले ने अब तूल पकड़ लिया है। इस मामले में गुरूवार को झांझोत गांव में गिडानिया सरपंच प्रतिनिधि जंगशेर फौजी, मंदिर के पुजारी प्यारेलाल स्वामी तथा हिंदूवादी संगठनों के प्रतिनिधियों की बैठक हुई। जिसके बाद सैंकड़ों की संख्या में ग्रामीण रैली के रूप में पैदल ही गांव से बस स्टैंड तक पहुंचे। इसके बाद बस स्टैंड से चिड़ावा उपखंड कार्यालय तक दर्जनों वाहनों के जरिए पहुंचकर अपना विरोध दर्ज किया। इस मौके पर ग्रामीणों ने एसडीएम डॉ. नरेश सोनी तथा डीएसपी विकास धींधवाल को ज्ञापन देकर मांग की है कि जल्द से जल्द आरोपियों को गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। ग्रामीणों ने कहा कि पांच दिन बीत जाने के बाद भी अब तक पुलिस खाली हाथ है। उन्होंने कहा कि इस एक घटना से गांव के हिंदू—मुसलमानों के बीच दशकों पुराना भाईचारा और सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश की गई है। जिसे पकड़ने में पुलिस भी लापरवाही कर रही है। इधर, एसडीएम डॉ. नरेश सोनी ने बताया कि मामले को लेकर खुद वे और डीएसपी विकास धींधवाल मॉनिटरिंग कर रहे है। जल्द ही मामले का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा। इससे पहले बुधवार को ग्रामीणों ने श्री बीबा दास मंदिर प्रांगण में बैठक की। बैठक के बाद ग्रामीणों ने गांव में विरोध मार्च निकालते हुए घटना को अंजाम देने वालों की गिरफ्तारी की मांग की।

# अखिल राजस्थान मोती हिंदी वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** शहर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान सेठ मोतीलाल पीजी महाविद्यालय में स्व. सेठ मोतीलाल झुंझुनूंवाला की स्मृति में मोती हिंदी वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय के सभागार में किया गया। इस प्रतियोगिता का विषय राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का पूर्ण क्रियान्वयन भारत को ज्ञान शक्ति के श्रेष्ठ वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करेगा। यह प्रतियोगिता सेठ मोतीलाल शिक्षण संस्थान पूर्व छात्र परिषद् एवं महावीरप्रसाद गुप्ता नोएडा के द्वारा प्रायोजित की गई। इस प्रतियोगिता में राजस्थान प्रदेश के विभिन्न महाविद्यालयों के 50 से अधिक प्रतिभागियों ने विषय के पक्ष एवं विपक्ष में अपने विचार रखे।




कार्यक्रम का शुभारंभ मोतीलाल शिक्षण संस्थान पूर्व छात्र परिषद् के सचिव सीए पवन केडिया, सह सचिव डॉ.डीएन तुलस्यान, कोषाध्यक्ष सीए मनीष मित्तल एवं महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. आरएस निर्वाण, कार्यक्रम संयोजक डॉ. सुनिता कटेवा, विधि प्राचार्य डॉ. एनके वर्मा एवं प्रबुद्धजन निर्णायकों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. निर्वाण द्वारा सभी अतिथियों के लिए स्वागत उद्बोधन दिया एवं पूर्व छात्र परिषद् व महावीरप्रसाद गुप्ता नोएडा का आभार व्यक्त किया। परिषद सचिव सीए पवन केडिया ने अपने उद्बोधन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी प्रतिभागियों के विजेता बनने के लिए अग्रिम शुभकामनाएं दी।

इस प्रतियोगिता में निष्पक्ष निर्णायक की भूमिका डॉ. पूनम शर्मा, डॉ. विकास भड़िया एवं डॉ. शुभकरण ने निभाई। कार्यक्रम संयोजक डॉ. सुनित कटेवा ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रथम स्थान लीजा कटीरिया राजकीय महाविद्यालय अजमेर, द्वितीय स्थान सुनिल गुर्जर मरूधरा टीटी कॉलेज लक्ष्मणगढ़ व तृतीय स्थान पर जागृत कुमार सेठ मोतीलाल पीजी कॉलेज झुंझुनूं ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली सेठ नेतराम मघराज राजकीय महिला महाविद्यालय झुंझुनूं को चल वैजयंती प्रदान की गई। द्वितीय स्थान पर हेतमसर राजकीय महाविद्यालय हेतमसर की टीम को भी ट्रॉफी प्रदान की गई। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को 11 हजार रूपए नगद, द्वितीय पुरस्कार प्राप्तकर्ता को 7100 रूपए एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेता को 3100 रूपए नगद प्रदान किए गए। प्रतियोगिता के सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र एवं सांत्वना पुरस्कार 200 रूपए नगद प्रदान किया गया। सभी निर्णायक सदस्यों को प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया। सेठ मोतीलाल पीजी कॉलेज सचिव जीएल शर्मा ने कार्यक्रम की सफलता पर अपनी ओर से सभी को शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. डीएस रूहेला समेत सभी शैक्षणिक व अशैक्षणिक कर्मचारी तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



## धूमधाम से निकलेगी गणगौर की शाही सवारी 31 मार्च को

**झुंझुनूं।** श्री गोपाल गौशाला के तत्वाधान में 31 मार्च सोमवार को गणगौर की शाही सवारी धूमधाम से निकाली जाएगी। गणगौर की सवारी अपराह्न 3.30 बजे श्री गोपाल गौशाला से प्रारंभ होकर झुंझुनूं एकेडमी, लावरेश्वर एवं श्याम मंदिर, चूणा चौक, राणी सती रोड होते हुए शाम 5.30 बजे छावनी बाजार पहुंचेगी। जहां अतिथियों द्वारा अनिल शुक्ला के आचार्यत्व में वेद मंत्रों के साथ गणगौर माता की पूजा अर्चना संपन्न होगी। गणगौर की शाही सवारी रथ पर निकाली जाएगी। जो कि छावनी बाजार से जोशियों का गट्टा, गुदड़ी बाजार एवं कपड़ा बाजार होते हुए श्री शंकरदास जी महाराज के आश्रम समस तालाब जाकर पूजा अर्चना के पश्चात वापसी में कपड़ा बाजार, ढंढों का दरवाजा, खेतानों का मोहल्ला होते हुए वापस श्री गोपाल गौशाला पहुंचेगी। जानकारी देते हुए श्री गोपाल गौशाला अध्यक्ष प्रमोद खंडेलिया एवं मंत्री नेमी अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम संयोजक नारायणप्रसाद जालान के संयोजन में इस अवसर पर दिल्ली की टिन्नी रेखा एंड पार्टी द्वारा सजीव झांकिया एवं नृत्य नाटिका का मंचन मार्ग में जगह-जगह किया जाएगा। कार्यक्रम में उंट, घोड़ों का लवाजमा गाजे बाजे के साथ होगा। छावनी बाजार में विश्राम व्यवस्था एवं ठंडे पेय की व्यवस्था श्री गल्ला व्यापार संघ द्वारा की जाएगी।




# लाडो पढ़ेगी भी, आगे बढ़ेगी भी

### लाडो प्रोत्साहन योजना : 1.5 लाख रुपए का भुगतान 7 किश्तों में, हर साल लगभग 5 लाख बेटियां होंगी लाभान्वित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** विकसित राजस्थान की संकल्पना को साकार करने में महिलाओं की अहम भूमिका है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का ध्येय है कि महिलाएं शिक्षित हों, आत्मनिर्भर हों और सशक्त बनें। महिला सशक्तीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में सम्पूर्ण प्रदेश में लाडो प्रोत्साहन योजना 1 अगस्त, 2024 से लागू की है। इस योजना की शुरुआत बालिका जन्म और शिक्षा को प्रोत्साहित कर वयस्क होने तक बालिकाओं के समग्र विकास के लिए की गई है। बालिकाओं के प्रति समाज में सकारात्मक सोच विकसित करने एवं उनके स्वास्थ्य तथा शैक्षणिक स्तर में सुधार की दृष्टी से लाडो प्रोत्साहन योजना मील का पत्थर साबित होगी। वर्ष 2025-26 के राज्य बजट में इस योजना के अंतर्गत लाभ राशि 1 लाख रुपये से बढ़ाकर 1.5 लाख रुपये कर दी गई है। लाडो प्रोत्साहन योजना में बालिकाओं के जन्म पर 1.5 लाख रुपए का संकल्प पत्र राज्य सरकार द्वारा दिया जाता है। जिसमें राज्य सरकार ने बालिकाओं को उनके बढ़ते जीवनचक्र के आधार पर जीवन के हर मोड़ पर आर्थिक सम्बल प्रदान करने का संकल्प लिया है। बालिका के जन्म से लेकर 21 वर्ष आयु पूरी करने तक 1.5 लाख रुपए राशि का भुगतान 7 किस्तों में डीबीटी के माध्यम से ऑनलाइन किया जाएगा। पहली छः किस्तें बालिका के माता-पिता अथवा अभिभावक के बैंक खाते में तथा 7 वीं किस्त बालिका के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से ऑनलाइन हस्तांतरित की जाएगी।

## योजना से आएगा समाज में सकारात्मक बदलाव

घटते शिशु लिंगानुपात से भविष्य में परिस्थितियां प्रतिकूल हो सकती हैं। अक्सर मां-बाप के चेहरों पर गोदी में बेटी की किलकारी गूंजने से लालन-पालन और भविष्य के खर्चों की चिंता दिखाई देती है। इन सभी चिंताओं, प्रभावों को दूर करने के लिए ही मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने लाडो प्रोत्साहन योजना की परिकल्पना को साकार किया है। इस योजना से हर साल लगभग 5 लाख बेटियां लाभान्वित होंगी।

*■ योजना के उद्देश्य-बेहतर समाज की संकल्पना ■ बालिका के जन्म के प्रति सकारात्मक सोच व बालिका का समग्र विकास सुनिश्चित करना। ■ प्रदेश में संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देकर मातृ मृत्यु दर में कमी लाना। ■ बालिकाओं के पालन-पोषण, शिक्षण व स्वास्थ्य के मामले में होने वाले लिंग-भेद को रोकना एवं बालिकाओं का बेहतर शिक्षण व स्वास्थ्य सुनिश्चित करना। ■ बालिका शिशु मृत्यु दर में कमी लाना एवं घटते शिशु लिंगानुपात को सुधारना। ■ बालिकाओं का विद्यालयों में नामांकन एवं ठहराव सुनिश्चित करना। ■ बालिकाओं की उच्च शिक्षा सुनिश्चित करना एवं बाल विवाह में कमी लाना।*

## जानें क्या है पात्रता

प्रसूता राजस्थान की मूल निवासी होनी चाहिए। राजकीय चिकित्सा संस्थान या जननी सुरक्षा योजना के लिए अधिस्वीकृत निजी चिकित्सा संस्थान में जन्म लेने वाली बालिकाएं इसमें पात्र हैं।

## सरल प्रक्रिया से मिलेंगे प्रभावी परीणाम

गर्भवती महिला की एएनसी जांच के दौरान राजस्थान की मूल निवासी होने का प्रमाण-पत्र अथवा विवाह पंजीयन प्रमाण-पत्र, बैंक खाते का विवरण आदि दस्तावेज प्राप्त कर उनका चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा संधारण किया जायेगा एवं पीसीटीएस पोर्टल पर विवरण इन्द्राज किया जायेगा।

**योजना** के अन्तर्गत संस्थागत प्रसव से बालिका के जन्म होने की सुनिश्चितता पर प्रथम किस्त का लाभ बालिका की माता या माता न होने पर पिता अथवा अभिभावक के बैंक खाते में देय होगा।

**योजना** का लाभ प्राप्त करने एवं भविष्य में लाभार्थी की ट्रैकिंग के लिए प्रत्येक बालिका को जन्म के समय ही यूनिक आई.डी.पीसीटीएस आई.डी. नम्बर चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा दिया जायेगा।

**बालिका** की आयु एक वर्ष पूर्ण होने एवं सम्पूर्ण टीकाकरण की सुनिश्चितता ऑनलाईन करने के उपरांत चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा देय राशि बालिका की माता या माता ना होने पर पिता अथवा अभिभावक के बैंक खाते में ऑनलाइन ट्रांसफर की जायेगी।

**प्रथम** व द्वितीय किस्त का लाभ प्राप्त करने के लिये पृथक से आवेदन करने की आवश्यकता नहीं रहेगी। चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा ओजस पोर्टल के माध्यम से डी. बी.टी.प्रणाली द्वारा लाभार्थी को भुगतान किया जाएगा।

**द्वितीय** किस्त का लाभ लेने हेतु टीकाकरण के प्रमाण के रूप में मातृ-शिशु स्वास्थ्य कार्डध्ममता कार्ड के आधार पर टीकाकरण का समस्त डाटा चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के पीसीटीएस-ओजस पोर्टल पर अपलोड करने पर देय होगा।

**तीसरी** किश्त से लेकर छठी किस्त के लाभ हेतु प्रथम कक्षा से 12वीं कक्षा में प्रवेश लेने के उपरान्त सम्बंधित राजकीय विद्यालय अथवा राज्य सरकार से मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों के माध्यम से दिया जाना सुनिश्चित किया जाएगा। इस हेतु बालिका के माता-पिता/अभिभावक से पूर्व किस्तों की आई.डी. के अलावा किसी प्रकार का पृथक से कोई आवेदन नहीं करवाया जाएगा। पूर्व किश्तों की आई.डी. के माध्यम से पोर्टल पर बालिका का विवरण ट्रैक किया जाएगा।

**अंतिम** किस्त अर्थात् बालिका के स्नातक कक्षा में प्रवेश करने पर सम्बंधित समस्त दस्तावेज पोर्टल पर उच्च शिक्षा विभाग द्वारा अपलोड करने होंगे ताकि स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण करने तथा 21 वर्ष पूर्ण होने पर योजना का लाभ दिया जा सके।

इस योजना से अनेकों सकारात्मक परीणाम मिलेंगे जैसे- मातृ-मृत्युदर में कमी आयेगी, शिशु लिंगानुपात में सुधार होगा, बालिकाओं का सम्पूर्ण टीकाकरण सुनिश्चित किया जाएगा, बालिकाओं का स्कूलों में नामांकन एवं ठहराव बढ़ेगा, बालिकाओं की उच्च शिक्षा सुनिश्चित होगी एवं बाल-विवाह में कमी आयेगी।

इस योजना की जिला स्तर पर तीन माह में एक बार समीक्षा संबंधित जिला कलक्टर के द्वारा की जाती है। बेटी बचाओ, बेटी पढाओ योजना की जिला टास्क फोर्स द्वारा इस योजना का पर्यवेक्षण किया जाता है। इस योजना का प्रशासनिक विभाग निदेशालय महिला अधिकारिता, महिला एवं बाल विकास है।

## जानें योजना से जुड़े महत्वपूर्ण तथ्य

यह बालिकाओं के लिए राज्य सरकार की सबसे बड़ी डीबीटी आधारित योजना है।

योजना का लाभ लेने के लिए जाति, धर्म, वर्ग, आय सीमा जैसे कोई बंधन नहीं रखा गया।

योजना का लाभ लेने के लिए किसी प्रकार के आवेदन की आवश्यकता नहीं है, बल्कि अर्न्तविभागीय कर्न्वजन्स के माध्यम से पोर्टल द्वारा समस्त डाटा प्राप्त किया जायेगा। इस कारण किसी भी कार्यालय के चक्क र लगाने की आवश्यकता नहीं है।

बालिका के जन्म पर एक लाख रुपए की राशि का संकल्प पत्र माता-पिता अथवा अभिभावक को प्रदान किया जाता है। चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के ओजस पोर्टल पर लाभार्थी का पी.सी.टी.एस आई.डी नम्बर, आधार नम्बर अथवा जन आधार नम्बर डालने पर संकल्प पत्र का प्रिंट लिया जा सकता है।

सम्पूर्ण भुगतान 7 किश्तों के रूप में डीबीटी के माध्यम से ऑनलाइन किया जाता है।

बालिका के वयस्क होने तक पहली 6 किश्तें बालिका के माता-पिता, अभिभावक के बैंक खाते में एवं सातवीं किश्त बालिका के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से ऑनलाइन हस्तांतरित की जायेगी।

योजना की प्रथम दो किश्तों के बाद किसी चरण में किसी किश्त का लाभ नहीं लिए जाने की स्थिति में युक्ति युक्त कारण का उल्लेख करते हुए पात्रता पूर्ण करने वाली बालिका को अगली किश्त का लाभ दिया जा सकेगा।

## पृष्ठ 1 का शेष....सीएम शर्मा बोले...

**महिला सशक्तीकरण को मिल रहा बढ़ावा**–मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा गरीब परिवारों की बालिकाओं के जन्म पर डेढ़ लाख रुपये का सेविंग बॉन्ड प्रदान करने के लिए लाडो प्रोत्साहन योजना संचालित की जा रही है तथा लखपति दीदी योजना के माध्यम से स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना के तहत गर्भवती महिलाओं को दी जाने वाली 5 हजार रुपये की राशि को बढ़ाकर साढ़े छह हजार रूपये एवं बुजुर्ग, विधवाओं, एकल नारियों, दिव्यांग व्यक्तियों तथा लघु एवं सीमांत किसानों को दी जा रही पेंशन बढ़ाकर 1,250 रुपये प्रति माह किया है।

**वंचितों को वरीयता हमारी प्राथमिकता**–मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार वंचितों को वरीयता देते हुए कार्य कर रही है। हमारी सरकार ने घुमंतू और अर्द्ध–घुमंतू समुदायों के सशक्तीकरण एवं उत्थान की कड़ी को आगे बढ़ाते हुए 'दादूदयाल घुमन्तू सशक्तीकरण योजना' की घोषणा की है। साथ ही, कोई भी क्षेत्र विकास की दौड़ में पीछे नहीं रहे, इसके लिए बजट में डांग, मगरा एवं मेवात क्षेत्रीय विकास योजनाओं के लिए राशि बढ़ाकर 100–100 करोड़ रुपये किया है। उन्होंने कहा कि स्वामित्व योजना के तहत समस्त राजस्व ग्रामों का ड्रोन सर्वे पूरा कर आगामी वर्ष में 2 लाख परिवारों को नए पट्टे वितरित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार दिव्यांगजनों के लिए संवेदनशीलता के साथ उन्हें सशक्त बनाने को लेकर संकल्पित हैं। इसी दिशा में हमारी सरकार ने दिव्यांगजनों को प्रत्येक राजकीय संस्थापन में समान अवसर उपलब्ध कराने के लिए ''दिव्यांगजनों के लिए समान अवसर नीति 2025 भी जारी की है।

**पूर्ववर्ती सरकार ने युवाओं के साथ किया विश्वासघात** –शर्मा ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के समय में पेपरलीक की घटनाओं के कारण युवाओं के साथ विश्वासघात हुआ। हमारी सरकार काम करने में विश्वास रखती है और भर्ती परीक्षाओं का आयोजन पूर्ण पारदर्शिता के साथ करवाने के साथ ही, युवाओं को समय पर रोजगार उपलब्ध करवा रही है। हमारी सरकार मेंएक भी पेपर लीक नहीं हुआ है। सभा स्थल पर मुख्यमंत्री ने आमजनों से आत्मीयता के साथ मुलाकात की और उनकी कुशलक्षेम पूछी। इससे पहले मुख्यमंत्री ने एमएसजे कॉलेज में पूर्व सहपाठियों से संवाद किया और महारानी जया श्री जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।

इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश के हर क्षेत्र में विकास के साथ ही प्रत्येक वर्ग को योजनाओं का लाभ सुनिश्चित हो रहा है। गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए निरन्तर प्रयास कर रहे हैं। गरीब उत्थान के लिए संचालित की जा रही योजनाओं के लिए उन्हें आने वाली पीढ़ियां याद रखेगी। कार्यक्रम में श्रीयादे माटी कला बोर्ड अध्यक्ष प्रहलाद राय टांक, विधायक बहादुर सिंह, जगत सिंह, शैलेश सिंह, नौक्षम चौधरी, कुलदीप धनखड़, अतिरिक्त मुख्य सचिव सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग कुलदीप रांका, अतिरिक्त मुख्य सचिव ग्रामीण विकास विभा श्रेया गुहा सहित अन्य अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे। वहीं, विभिन्न जिलों से जनप्रतिनिधि एवं लाभार्थी वीसी के माध्यम से जुड़े।

## कोलसिया में बंदरों का आतंक, महिला को काटा

**झुंझुनूं।** जिले के गांव कोलसिया में इन दिनों बंदरों का आतंक बना हुआ है। बंदरों ने बुधवार रात को अपने घर में सो रही एक महिला पर हमला बोलते हुए उसे काट लिया। इससे महिला को गांव के राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाना पड़ा। जहां पर उसका उपचार किया गया। जानकारी के अनुसार कोलसिया निवासी कौशल्या जांगिड़ अपने घर के हॉल में सो रही थी। इस दौरान रात करीब साढ़े 11 बजे बंदरों ने महिला पर अचानक हमला बोल दिया। अचानक हुए हमले से महिला घबरा गई। महिला को बंदरों ने बुरी तरह से काट लिया। महिला के हो हल्ला मचाने पर आस-पड़ौस के लोग उसके घर पहुंचे। जिन्होंने कौशल्या को गांव के राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया। जहां पर उसका उपचार



किया गया। धर्मेन्द्र कुमार जांगिड़ ने बताया कि पिछले कई दिनों से ग्रामीण इन बन्दरों से परेशान है। बंदरों ने अब तक कई लोगों को काट लिया। इसको लेकर वन विभाग को भी अवगत करवाया गया। लेकिन अभी तक बंदरों को नहीं पकड़ा गया है। बंदर आए दिन लोगों पर हमला कर रहे हैं। वन विभाग की कार्यशैली से आमजन में रोष व्याप्त है। ग्रामीणों ने प्रशासन से बंदरों को पकड़वाकर समस्या का समाधान करने की मांग की है।

# रिफाइनरी और आसपास के 15 गांवों-ढाणियों में लेपर्ड की दहशत

**बाड़मेर।** बाड़मेर रिफाइनरी में लेपर्ड नजर आने के बाद तीन दिनों से 15 गांवों में दहशत का माहौल है। वन विभाग बाड़मेर, बालोतरा, जोधपुर और सिणधरी की टीमें लगातार लेपर्ड का रेस्क्यू कर रहे है। दरअसल, रिफाइनरी के अंदर मंगलवार दोपहर बाद अचानक नजर आए लेपर्ड की वन विभाग की टीमें लगातार रेस्क्यू कर रही है। सीसीटीवी कैमरे में लेपर्ड नजर आ रहा है। बुधवार को लेपर्ड के पगमार्क दिखे, फिर आंधी चलने से पगमार्क भी नजर नहीं आए। ऐसे में रिफाइनरी के आसपास बसे करीब 15 गांव-ढाणियों के लोगों में दहशत का माहौल देखने को मिल रहा है। बुधवार देर शाम को बन विभाग की टीम ने फिर रिफाइनरी में अंदर बकरा बांधकर पिंजरा लगाया ताकि लेपर्ड को पकड़ा जा सके।



बालोतरा रेंजर उमराव सिंह चंपावत ने बताया- बालोतरा में पहले से एक ट्रेंकुलाइजर गन है, इसके अलावा जोधपुर से आई टीम भी एक गन लेकर पहुंची है। अब दो गनमैन टीम के साथ लेपर्ड को लताश रहे है। निर्माणाधीन रिफाइनरी में जगह-जगह काम चल रहा है। इस वजह से पाइप सहित अन्य सामान पड़ा है। लेपर्ड इन पाइपों में छुप जाता है। इससे उसको ढूंढने में परेशानी हो रही है। रिफाइनरी में लगे सीसीटीवी में जरूर लेपर्ड नजर आ रहा है। लगातार ड्रोन से निगरानी के बावजूद लेपर्ड की मूवमेंट कहीं नजर नहीं आई।

### रात में 40 किलोमीटर तक मूवमेंट

रेंजर चंपावत ने बताया कि लेपर्ड रात में आस-पास के करीब 40 किलोमीटर तक मूवमेंट कर सकता है। इसके चलते आसपास के गांवों में अलर्ट जारी किया गया है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि सूर्यास्त के बाद कोई भी किसी भी इलाके में अकेले नहीं जाएं। बच्चों को बाहर अकेला ना छोड़े। दो से तीन के ग्रुप में ही बाहर निकलें, रात को घर से बाहर ना सोएं और टॉर्च के बिना बाहर ना जाएं। पैंथर संबंधी किसी प्रकार की सूचना देने के लिए कंट्रोल रूम 02988220010, 9530438083 अथवा 220442 और 9785579807 पर सूचित करें। वन विभाग के जानकार बताते है कि लेपर्ड की मूवमेंट रेतीले इलाके में कम ही देखने को मिली।

## परताणियों की बस्ती में लगी भीषण आग



**जैलमेर।** जैसलमेर की ग्राम पंचायत फलेडी में कई कच्चे घरों में भीषण आग ल गी। गुरुवार दोपहर को अचानक लगी आग से हड़कंप मच गया। आग बुझाने की व्यवस्था नहीं होने के कारण जैसलमेर से फायर ब्रिगेड को रवाना किया गया है। ग्राम पंचायत बीदा के समाज सेवक लियाकत अली ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम पंचायत फलेडी के परताणीयों की बस्ती में दोपहर बाद अचानक आग लगी। आग बस्ती के पांच घरों में लगी है। सम उप तहसील में फायर ब्रिगेड नहीं होने के कारण जिला मुख्यालय से सूचना देकर फायर ब्रिगेड को रवाना किया गया है। फिलहाल आग को बुझाने का ग्रामीण प्रयास कर रहे हैं। ग्रामीण इलाकों में तेज हवा के चलने के कारण आग ने विकराल रूप ले लिया है। हालांकि नुकसान कितना हुआ या कितनी जनहानि हुई है इसकी फिलहाल जानकारी नहीं मिली है।

## नववर्ष के कार्यक्रमों का आगाज आज से

▶▶ पांच दिन अलग-अलग कार्यक्रम, शोभायात्रा और दीपोत्सव भी

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जोधपुर।** नववर्ष चैत्र शुक्ला प्रतिपदा संवत् 2082 के स्वागत में जोधपुर शहर में विभिन्न कार्यक्रमों का आगाज गुरुवार से किया जा रहा है। इसके तहत विभिन्न प्रतियोगिताएं, सांस्कृतिक कार्यक्रम, स्नेह मिलन समारोह, शुभकामना शोभायात्रा, दीप उत्सव, प्रभाती भजन, सामूहिक योग, शहर के विभिन्न चौराहों, मंदिरों और गुरुद्वारों की सजावट, बस्तियों व गौशालाओं में सेवा कार्य और कन्या पूजन जैसे अनेकों आयोजन किए जाएंगे। नववर्ष महोत्सव समिति के अध्यक्ष अशोक चौहान ने बताया- समिति भारतीय नववर्ष को पूरे उल्लास के साथ मनायेगी, ताकि समग्र भारतीय समाज में यह स्पष्ट संदेश जा सकें कि वैदिक कालगणना पर आधारित नववर्ष तो चैत्र शुक्ला प्रतिपदा से ही शुरू होता है। इसके तहत 27 मार्च शाम 4:30 बजे अलग-अलग आसनों द्वारा गौशाला मैदान में 2082 की आकृति बनाकर नववर्ष का स्वागत किया जाएगा। वहीं शाम पांच बजे सरदारपुरा ए



रोड पर लघु उद्योग भारती महिला इकाई और नववर्ष महोत्सव समिति की ओर से मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। आयोजन की अगली कड़ी में 28 मार्च को समिति की ओर से पावटा बी रोड स्थित श्री हनवंत गार्डन में शाम छह बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम और स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। इसमें भजन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम, भारतीय संस्कृति पर आधारित प्रश्नोत्तरी का आयोजन होगा। इसमें विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा।

### 29 मार्च को निकलेगी शोभायात्रा

समिति के महासचिव वरूण धनाड़िया ने बताया- 29 मार्च की शाम चार बजे घंटाघर से शुभकामना शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो सोजती गेट, नई सड़क, रेलवे स्टेशन, राज रणछोड़ राय मंदिर, गांधी अस्पताल रोड, जालोरी गेट, गोल बिल्डिंग, सरदारपुरा बी रोड, राणीजी मंदिर, सरदारपुरा सी रोड होते हुए शाम सात बजे जलजोग सर्किल पहुंचेगी। यहां चौराहा पर अखंड भारतमाता मानचित्र पर दीप प्रज्वलन और संतों के आशीर्वचन होंगे। इसी क्रम में 30 मार्च को संस्कार भारती की ओर से लालसागर स्थित हनवंत आदर्श विद्या मंदिर में प्रातः 5:45 से 6:15 बजे तक प्रभाती भजन तथा 6:21 बजे सूर्य देव को अर्ध्य दिया जाएगा। इसी दिन अलसुबह सामूहिक योग भी किया जाएगा।

## जोधपुर : दो महिला चोर गिरफ्तार

**जोधपुर।** जोधपुर में ज्वेलरी शॉप से 19 जोड़ी चांदी की पायजेब चुराने के मामले में प्रताप नगर थाना पुलिस ने दो महिलाओं को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मामले में सुनीता (46) पत्नी शेर सिंह पुत्री मोहन राम नट निवासी नट बस्ती मसूरिया और रईसा (39) पत्नी बलवंत पुत्री सायब राम नट निवासी नट बस्ती मसूरिया को गिरफ्तार किया है। खरीदारी के बहाने दुकान पर तीन महिला आई थी।



### ▶▶ सीसीटीवी में सामने आई वारदात

प्रताप नगर थाने में सुंथला निवासी गुलाब सिंह राजपुरोहित ने रिपोर्ट दी थी। उन्होंने रिपोर्ट में बताया कि उनकी शॉप कृष्णा ज्वेलर्स के नाम से है, जहां पर 19 मार्च को खरीदारी के लिए तीन महिलाएं आई थी। उन्होंने मौका पाकर 19 जोड़ी चांदी की पायजेब चुरा ली। बाद में जब सामान देखा तो दुकान में कुछ पायजेब कम मिली। दुकान में लगे सीसीटीवी फुटेज ने महिलाओं को हरकत सामने आई। इस पर मामला दर्ज करवाया गया। फुटेज के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दो महिलाओं को गिरफ्तार किया है। फिलहाल महिलाओं से पूछताछ की जा रही है। जिसमें चोरी की कई अन्य वारदातों का खुलासा होने की भी उम्मीद है।

## बालोतरा पुलिस की 29 टीमों ने 58 जगह दी दबिश

▶▶ इनामी-वांटेड सहित 25 आरोपी गिरफ्तार

**बालोतरा।** बालोतरा जिले की पुलिस ने ऑपरेशन एरिया डोमिनेशन के तहत 29 टीमों ने धरपकड़ अभियान चलाकर 25 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इसमें सिणधरी पुलिस ने दो-दो हजार रुपए के दो इनामी आरोपी भी पकड़े हैं। एसपी हरि शंकर ने बताया कि जिले में अवैध गतिविधियों में शामिल स्थायी, गिरफ्तारी, कुर्की, वारंटी एवं क्राइम करने के बाद फरार आरोपियों को पकड़ने के लिए स्पेशल अभियान एरिया डोमिनेशन चलाया गया। जिलेभर में 29 टीमें बनाकर वांटेड आरोपियों, गिरफ्तारी वारंटियों व स्थायी वारंटियों के संदिग्ध और स्थायी निवासी स्थानों पर कुल 58 जगह दबिश देकर कुल 25 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इसमें 10 वारंटी, तीन स्थायी वारंटी और 12 वांटेड अपराधी है। एसपी ने बताया कि सिणधरी की पुलिस टीम ने संसार होटल संचालक मोहनलाल पुत्र लालाराम निवासी भूका भगतसिंह, सिणधरी के कब्जे से बड़ी मात्रा में किलोग्राम अवैध चोरी का कोयला बरामद किया। पुलिस ने जनवरी में मामला दर्ज किया। इस मामले में कोयला अवैध कारोबारी नवींदर सिंह संधू उर्फ गुलाम नवी संधू पुत्र भजनसिंह दुल्लासिंह वाला, मल्लानवाला, जिला फिरोजपुर पंजाब जो दो हजार रुपए का इनामी आरोपी है।



जिनको गिरफ्तार किया है। इसी तरह 23 फरवरी को थाना सिणधरी की पुलिस ने आरोपी विनोद कुमार पुत्र ताजाराम निवासी एवाड़ी मानजी, सिणधरी के कब्जे से दो प्लास्टिक के कट्टों से भरे कुल 20.800 किलोग्राम डोडा-पोस्त जब्त किए थे। साथ इलेक्ट्रिक कांटा व दो एंड्रॉइड मोबाइल जब्त किए थे। डोडा पोस्त सप्लायर वांटेड आरोपी गोपाल सारण पुत्र लाधाराम निवासी भूका भगतसिंह सिणधरी को गिरफ्तार किया। दो हजार रुपए का इनामी आरोपी है।

## जैसलमेर में 60 दिन की नहरबंदी शुरू

**जैसलमेर।** जैसलमेर में इंदिरा गांधी नहर परियोजना की नहरबंदी शुरू हो गई है। ऐसे में नहरी किसानों को इस बार सिंचाई का पानी नहीं मिलेगा। इस बार 26 मार्च से शुरू हुई नहरबंदी करीब 27 मई तक चलेगी। 60 दिन के क्लोजर में पहले 30 दिनों तक सिर्फ पेयजल के लिए ही पानी छोड़ा जाएगा। इस आंशिक क्लोजर में दो हजार क्यूसेक पानी छोड़ा जाएगा। इसके बाद 27 अप्रैल से 27 मई तक नहर में पूरी तरह से पानी की आवक बंद कर दी जाएगी। गौरतलब है कि नहरबंदी को लेकर जल संसाधन विभाग और जलदाय विभाग की ओर से पेयजल भंडारण कर लिया गया है। आंशिक क्लोजर के दौरान भी दो हजार क्यूसेक पानी फीडर से लिया जाएगा। ऐसे में पंजाब में पूरी तरह से 60 दिन का ही क्लोजर रहेगा।

इस दौरान पंजाब में इंदिरा गांधी नहर परियोजना की रिजाइनिंग का काम करवाया जाएगा। राजस्थान में इंदिरा गांधी नहर परियोजना की रिजाइनिंग सहित विभिन्न कार्यों के लिए 2018 में न्यू डवलपमेंट बैंक की ओर से तीनहजार 291 करोड़ रुपए का बजट स्वीकृत किया गया था। इससे इंदिरा गांधी नहर परियोजना, इंदिरा गांधी मुख्य नहर और इससे संबंधित वितरिकाओं की रिजाइनिंग होनी थी।

## जैसलमेर : कुत्तों ने किया प्यासे हिरण का शिकार

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जैसलमेर।** जैसलमेर जिले के देगराय ओरण में कुत्तों ने एक चिंकारा हिरण को गंभीर रूप से घायल कर दिया। आसपास के ग्रामीणों ने हिरण को कुत्तों से बचाया। ग्रामीणों ने वन विभाग और वन्य जीव प्रेमी सुमेर सिंह को जानकारी दी। मौके पर पहुंचे सुमेर सिंह और वन विभाग की टीम ने घायल हिरण का इलाज करवाया और उसको रेस्क्यू सेंटर भेजा। अब घायल हिरण वन विभाग के रेस्क्यू सेंटर में रहेगा, जहां उसके सही होने के बाद उसे फिर से जंगल में छोड़ दिया जाएगा। सुमेर सिंह ने बताया कि देगराय ओरण में स्थित तालाब पर सुबह हिरणों का एक झुंड पानी पीने के लिए आया था। इस दौरान वहां घूम रहे कुत्तों ने हमला कर दिया। बाकी हिरण तो भाग गए लेकिन एक हिरण कुत्तों के हत्थे चढ़ गया। बुरी तरह से काट देने से हिरण गंभीर रूप से घायल हो गया। हिरण के चिल्लाने की आवाज सुनकर वन्यजीव प्रेमी भीखाराम व हिम्मताराम देवासी सहित वन्यजीव प्रेमी तत्काल मौके पर पहुंचे और पत्थर मारकर कुत्तों को भगाया और हिरण को छुड़ाया। इसके बाद उन्होंने इसकी सूचना लाठी वन विभाग को दी। जिस पर लाठी वन विभाग के कर्मचारी व वन्यजीव प्रेमी सुमेरसिंह भाटी



घटनास्थल पर पहुंचे और घायल हिरण का पशु हॉस्पीटल में इलाज करवाकर अस्थाई रेस्क्यू सेंटर में भर्ती करवाया। पानी की तलाश में भटकते हैं वन्य जीव पर्यावरण प्रेमी सुमेर सिंह ने बताया- जैसलमेर जिले में भीषण गर्मी का दौर शुरू होते ही जंगल के पेयजल स्थलों पर घात लगाकर बैठे कुत्ते वन्यजीवों को मौत के घाट उतार रहे हैं। गर्मी के मौसम को देखते हुए प्यास बुझाने के लिए वन्यजीव तालाब पर आते हैं। उनके लिए शिकारी बने कुत्ते मौत का कारण बन रहे हैं। लाठी, देगराय ओरण, धोलिया, खेतोलाई, चांधन, ओढ़ाणियां व चाचा आस पास के गांव वन्यजीव बाहुल्य क्षेत्र है।

## दूसरों के नाम से बैंक खाता खुलवाकर करते साइबर ठगी

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जोधपुर।** जोधपुर में दूसरों के नाम पर बैंक खाता खुलवाने और धोखाधड़ी करने के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। कमीशन का लालच देकर भोले-भाले लोगों को शातिर ठग अपने चंगुल में फंसाते है। उनके नाम से बैंक खाता खुलवाते हैं। उसके बाद बैंक में साइबर ठगी की राशि डलवाते हैं ऐसे ही दो मामले जोधपुर जिले में सामने आए हैं। पहला मामला माता का थान थाना क्षेत्र में सामने आया। यहां उषा सोलंकी पत्नी देवी सिंह सांखला ने रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट में बताया कि अनिल विश्नोई और राजकमल बिश्नोई नाम के आरोपियों ने उनके बेटे के नाम से बैंक खाता खुलवाया। उस खाते में धोखाधड़ी कर ठगी की राशि डलवाई। दूसरा मामला जोधपुर ग्रामीण के ओसिया थाना क्षेत्र का है। यहां पर एक व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज करवाई बताया कि इंद्रोका निवासी राकेश गहलोत पुत्र कानाराम गहलोत ने उनके नाम से एसबीआई बैंक ओसियां में खाता खुलवा दिया। इसके बाद खुद उसमें लेन-देन कर धोखाधड़ी कर ली। बता दें कि पुलिस लगातार साइबर ठगी को लेकर जागरूक रहने के लिए लोगों से अपील भी कर रही है। इसके बावजूद साइबर ठग लोगों को कमीशन के नाम पर अपना शिकार बनाते हैं। उसके बाद उन खातों में साइबर ठगी की राशि डलवाते हैं। कई बार ऐसे खाते पकड़ में आते हैं। इसमें खाताधारक के खिलाफ कार्रवाई हो पाती है जबकि साइबर ठग कानूनी प्रक्रिया का लाभ उठाकर बच निकलते हैं।



# व्यापार जगत

## रामनवमी के दिन चालू हो जाएगा पंबन ब्रिज

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी छह अप्रेल को राम नवमी के अवसर पर रामेश्वरम में होंगे। इस अवसर पर वह रेलवे का नया पंबन पुल भी जनता को समर्पित करेंगे। नया पंबन पुल पुराने पुल की जगह लेगा। पुराने पंबन पुल को अंग्रेजों ने साल 1914 में बनाया था। उसमें जंग लगने की वजह से साल 2022 में उसे बंद कर दिया गया था। पुराने पंबन पुल की जगह अब नया पंबन ब्रिज बना लिया गया है। यह पुल 2.5 किलोमीटर से ज्यादा लंबा है। इसे रेल विकास निगम लिमिटेड ने 535 करोड़ रुपए की लागत से बनाया है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर लिखा है, "इसे (पंबन ब्रिज को) तेज गति वाली ट्रेनों और ज्यादा ट्रैफिक को संभालने के लिए बनाया गया है। नया पंबन ब्रिज सिर्फ काम का नहीं है, बल्कि यह तरक्की का प्रतीक है।




### इलेक्ट्रोमैकेनिकल सिस्टम से चलेगा

नए पुल को इलेक्ट्रोमैकेनिकल सिस्टम से चलाया जाएगा। इससे समुद्र में जहाजों का आना-जाना आसान हो जाएगा। जब जहाज के आने का समय होगा, पुल को उठा दिया जाएगा। पुल को उठाने में पांच मिनट लगेंगे और इसे सिर्फ एक आदमी ही कर सकता है। मतलब, पुल को उठाने के लिए ज्यादा लोगों की ज़रूरत नहीं पड़ेगी। हालांकि, एक समस्या है हवाओं की गति की भी। समुद्र में जब हवा की गति 58 कि.मी. प्रति घंटे या उससे ज्यादा हो जाएगी, तो पुल को उठाने वाला सिस्टम काम नहीं करेगा। ऐसा अक्सर अक्टूबर और फरवरी के बीच होता है। इन महीनों में तेज़ हवाएं चलती हैं।

### सुरक्षा मानक पर खरा

इस पुल के सारे परीक्षण पूरे हो चुके हैं। पुल को सुरक्षा प्रमाणपत्र भी मिल गए हैं। आरवीएनएल के वरिष्ठ उप महाप्रबंधक एन. श्रीनिवासन के हवाले से बीते फरवरी में ही खबर दी थी, "रेलवे सुरक्षा आयुक्त ने पुल के लिए 75 कि.मी. प्रति घंटे की गति सीमा को मंजूरी दी है। लेकिन, यह नियम पुल के बीच वाले हिस्से पर लागू नहीं होगा, जो ऊपर उठता है। नए पुल को 80 कि.मी. प्रति घंटे की गति के लिए बनाया गया है। एक घुमाव के कारण, रेलवे सुरक्षा आयुक्त ने 75 कि.मी. प्रति घंटे की गति सीमा को मंजूरी दी है।

## सोने-चांदी के तेवर फिर होने लगे गरम

**मुंबई।** शादियों के सीजन से पहले सोने-चांदी के तेवर गरम होने लगे हैं। बिना जीएसटी 24 कैरेट गोल्ड गुरुवार को 164 रुपए महंगा होकर 87955 रुपए पर खुला। दूसरी ओर, चांदी के रेट में 144 रुपए की बढ़त दर्ज की गई है। चांदी 98938 रुपए प्रति किलो की दर से खुली। ये रेट बिना जीएसटी के हैं। अगर तीन पर्सेंट जीएसटी जोड़ लें तो सोने के भाव 90593 रुपए प्रति 10 ग्राम और चांदी के 101906 रुपए प्रति किलो पर पहुंच रहे हैं। सर्राफा बाजार के रेट इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन ने जारी किए हैं, जिनमें जीएसटी नहीं लगा है। हो सकता है आपके शहर में इससे 1000 से 2000 रुपए का अंतर आ रहा हो। आईबीजेए दिन में दो बार रेट जारी करता है। एक बार दोपहर 12 बजे के करीब दूसरा पांच बजे के आसपास। आईबीजेए रेट्स के मुताबिक 23 कैरेट गोल्ड भी 164 रुपए महंगा होकर 87603 रुपए प्रति 10 ग्राम के भाव से खुला। वहीं, 22 कैरेट गोल्ड का औसत हाजिर भाव दोपहर एक बजे के करीब 150 रुपए तेज होकर 80567 रुपए पर खुला। 18 कैरेट गोल्ड का भाव भी 123 रुपए महंगा होकर 65966 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। जबकि, 14 कैरेट गोल्ड की कीमत 96 रुपये बढ़कर 51545 रुपए पर पहुंच गई है।



## प्रचय कैपिटल के सुरक्षित एनसीडीज बीएसई प्लेटफॉर्म पर सूचीबद्ध

**मुंबई।** प्रचय कैपिटल लिमिटेड, एक भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा पंजीकृत गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी – निवेश और ऋण कंपनी ने बीएसई लिमिटेड पर अपने सुरक्षित, रेटेड, पुनःभुगतान योग्य गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर को आधिकारिक रूप से सूचीबद्ध कर दिया है, जिससे निवेशकों के लिए नए अवसर खुल गए हैं। कंपनी ने अपने सार्वजनिक निर्गम (पब्लिक इश्यू) को 106% सब्सक्रिप्शन के साथ सफलतापूर्वक बंद किया, जो मजबूत निवेशक विश्वास को दर्शाता है। यह निर्गम 28 फरवरी को खुला था और 13 मार्च को बंद हुआ, जिसका लक्ष्य 50 करोड़ रूपए (ग्रीनशू विकल्प को छोड़कर) जुटाना था। यह ऐतिहासिक लिस्टिंग, प्रचय कैपिटल की स्थिर और उच्च-प्रतिफल (हाई-यील्ड) निवेश अवसरों की प्रतिबद्धता को और मजबूत करती है, खासकर अस्थिर इक्विटी बाजार स्थितियों के बीच। क्रिसिल द्वारा बीबीबी-/स्थिर रेटिंग प्राप्त एनसीडीज़, जो 13% प्रति वर्ष रिटर्न के साथ मासिक ब्याज भुगतान की पेशकश करते हैं, उन निवेशकों के लिए एक आकर्षक विकल्प हैं जो सुरक्षित निश्चित आय निवेश की तलाश में हैं। प्रचय कैपिटल लिमिटेड के संस्थापक और प्रबंध निदेशक गिरीश मुरलीधर लाखोटिया, ने कहा: "प्रचय कैपिटल लिमिटेड के लिए यह अत्यंत गर्व और उत्साह का क्षण है। हम अपने सुरक्षित गैर-परिवर्तनीय डिबेंचरों की बीएसई लिमिटेड पर सफल लिस्टिंग हमारी विस्तार रणनीति में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। संरचित कॉर्पोरेट ऋण और निजी ऋण निवेश पर मजबूत फोकस के साथ, हम एक ठोस वित्तीय नींव बनाए रखते हुए, निवेशकों को स्थायी और प्रतिस्पर्धी रिटर्न देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।




## शराब बनाने वाली कंपनी के शेयर ने कर दी नोटों की बारिश



**नई दिल्ली।** शेयर मार्केट पिछले हफ्ते से झूम रही है। गुरुवार को भी इसमें तेजी आई है। वहीं कई शेयर ऐसे हैं, जो मार्केट में मल्टीबैगर बने हुए हैं। इन्हीं में एक कंपनी के शेयर ने निवेशकों को मात्र पांच साल में करोड़पति बना दिया है। हालांकि पिछले कुछ समय से इसमें उतार-चढ़ाव बना हुआ है, लेकिन इसके बाद यह शेयर निवेशकों के पोर्टफोलियो का अहम हिस्सा बना हुआ है। इस कंपनी का नाम पिकैडिली एग्रो इंडस्ट्रीज लिमिटेड है। यह कंपनी शराब बनाती है। गुरुवार दोपहर 12:30 बजे यह शेयर 4.52 फीसदी की गिरावट के साथ 574 रुपए पर था। इस शेयर में पिछले कुछ समय से बेशक गिरावट आ रही हो, लेकिन इसने निवेशकों को जबरदस्त रिटर्न दिया है। बात अगर पांच साल के रिटर्न की करें तो इसने निवेशकों को करोड़पति बना दिया है। यानी एक लाख रुपए के निवेश को एक करोड़ रुपए से ज्यादा में बदल दिया है। इस शेयर के पिछले कुछ महीने नुकसान में गुजरे हैं।

छह महीने में यह शेयर करीब 22 फीसदी लुढ़क गया है। वहीं इस साल यानी एक जनवरी से अब तक इसमें करीब 40 फीसदी की गिरावट आ चुकी है। एक जनवरी को यह शेयर 955 रुपए पर था। वहीं बात अगर एक साल की करें तो गिरावट के बावजूद इसका रिटर्न काफी अच्छा रहा है। एक साल में इसने निवेशकों को 90 फीसदी से ज्यादा रिटर्न दिया है। वहीं एक साल से ज्यादा समय को देखें तो इसने निवेशकों को झोली भर दी है। चूंकि अभी इसकी कीमत में गिरावट है। ऐसे में जानकारों के मुताबिक इस शेयर को डिस्काउंट यानी कम कीमत में खरीदना फायदे का सौदा हो सकता है। इस शेयर ने पांच साल में निवेशकों को करोड़पति बना दिया है। पांच साल पहले इसके एक शेयर की कीमत 5.52 रुपए थी। अब यह 574 रुपए है। ऐसे में इसने पांच साल में करीब 10300 फीसदी रिटर्न दिया है। अगर आपने पांच साल पहले इस कंपनी के एक लाख रुपए के शेयर खरीदे होते तो इनकी वैल्यू आज एक करोड़ चार लाख रुपए होती। यानी आप एक लाख रुपए के निवेश पर पांच साल में ही करोड़पति बन चुके होते। यह कंपनी 1994 में शुरू हुई थी। यह माल्ट स्प्रिट बनाने और बेचने वाली देश की सबसे बड़ी कंपनी है।

## आप का राशिफल 28 मार्च

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने में सफल होंगे। व्यापार में स्थिति ठीक रहेगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। शुभांक-1-3-6

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): संतोष से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। शुभांक-4-6-8

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): मनोरथ सिद्ध होंगे, पूरे मनोयोग से काम में लगे रहे। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। शुभांक-2-5-7

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): स्वास्थ्य में ताजगी बनने से नई ऊर्जा का संचार होगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। शुभांक-5-7-8

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): सुनियोजित तरीके से कार्य आरम्भ करें, सफल होंगे। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-1-2-5

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): अध्ययन-अध्यापन में समय गुजरेगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभांक-3-5-7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): महत्त्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। रूकावटें आएंगी। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। कार्य भार बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। वैचारिक उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। शुभांक-5-6-8

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। खान-पान में सावधानी रखें। अच्छे समय का इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। नैतिक दायरे में रहें। शुभांक-2-5-7

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। राजकीय कार्यों से लाभ। मनोबल ऊंचा रखें। शुभांक-5-6-7

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। साक्षात्कार के लिए दिन शुभ रहेगा। शुभांक-5-7-8

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। निकट जनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। बुरी संगति से बचें। सुविधाओं में शनैः-शनैः बाधा आएगी। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। शुभांक-5-7-8

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): पूर्व में किये कार्यों से लाभ मिलेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। शांतिपूर्वक कार्य करें। शुभांक-1-4-5

# सारंगवास खेतलाजी मेला: डेढ़ लाख श्रद्धालुओं के निशुल्क भोजन प्रसादी होगी





**भजन संध्या के होंगे ये सितारे**

मेले में माही इवेंटस व मां फिल्म आना के संचालक गणेश चौधरी के बैनर तले प्रख्यात गायक सवाई भाट, नृत्यांगना दीपिका वैष्णव व आरती शर्मा अपनी प्रस्तुतियां देंगे। मंच संचालन प्रमोद परिहार करेंगे।

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**देसूरी।** सारंगवास में श्री सोनाणा खेतलाजी तीर्थ धाम पर 30 व 31 मार्च को आयोजित हो रहे 51 वें वार्षिक लक्खी मेले में मेलार्थियों के सैलाब के दृष्टिगत भोजन प्रसादी की व्यवस्था की गई हैं। गुरुवार दोपहर को भक्त राज राजेंद्र शांतिलाल लादाजी भण्डारी के सानिध्य में ढोल बाजे व विधि विधान से भोजनशाला की भट्टी का मुहूर्त किया गया। इस भोजन शाला में डेढ लाख श्रद्धलुओं के लिए निशुल्क भोजन व्यवस्था होगी। भोजनशाला शुभारंभ के दौरान अध्यक्ष भगाराम चौधरी, सचिव महेश अखावत, कोषाध्यक्ष मूलाराम मेघवाल, उपाध्यक्ष रताराम, सहसचिव अशोक सिंह राजपुरोहित, सहकोषाध्यक्ष दिनेश लोहार सहित ट्रस्ट सदस्य छतरसिंह सोलंकी, खरताराम चौधरी, मांगीलाल चौधरी, रामलाल प्रजापत, कमलेश सोनी, खरताराम मेघवाल, रताराम चौधरी, दिनेश आदिवाल व रमेश चौधरी और भक्त जन मौजूद थे।

**दो दिन तक होगा सिलसिलेवार आयोजन**

*30 मार्च को सुबह 8 बजे मंदिर श्रृंगार, सुबह 10.15 बजे शोभायात्रा व रात्रि 8 बजे विशाल भजन संध्या का आयोजन होगा। अगले दिन 31 मार्च को सुबह मंदिर पर ध्वजा, पूजा अर्चना, सुबह 9 बजे स्थापना व दोपहर 1 बजे गेर नृत्य आयोजित होगा और नदी की तपती रेत पर जालोर, सिरोही, पाली, बाड़मेर इत्यादि जिलों की रंग बिरंगे परिधानों में सजे प्रसिद्ध गेर नर्तक लोक संस्कृति के रंग बिखरेंगे।*

**ये होंगे मुख्य अतिथि**

इस मेले में पशुपालन एवं डेयरी,गोपालन एवं देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत, पंचायत राज,ग्रामीण विकास एवं आपदा प्रबंधन राज्य मंत्री ओटाराम देवासी, विधायक एवं पूर्व ऊर्जा राज्य मंत्री पुष्पेन्द्रसिंह राणावत व पूर्व जिला परिषद सदस्य गुलाब चौधरी का आतिथ्य रहेगा। मेले में मेलार्थियों को भक्त राज राजेंद्र शांतिलाल लादाजी भण्डारी, ट्रस्ट अध्यक्ष भगाराम चौधरी, सूरजमल खांडप न्योता भेज रहे हैं।

## सोनाणा खेतलाजी जुनीधाम वार्षिक मेले का 29 मार्च को




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नारलाई।** सोनाणा खेतलाजी जुनीधाम वार्षिक मेला 29 मार्च को भजन संध्या के साथ शुरू होगा जूनिधाम खेतलाजी का दो दिवसीय मेला 29 मार्च से भजन संध्या के साथ शुरू होगा। वहीं मेले में आने वाले हजारों भक्तों के लिए भोजन की व्यवस्था निःशुल्क की जाएगी। मेले को लेकर मन्दिर में प्रांगण को रोशनी से सजाया जा रहा है। जबकि मेले के सफल आयोजन को लेकर जूनीधाम खेतलाजी ट्रस्ट कमेटी के पदाधिकारियों व सदस्यों सहित सोनाणा के ग्रामीणों को अलग अलग जिम्मेदारी दी गई है। जूनिधाम खेतलाजी ट्रस्ट अध्यक्ष प्रकाशवन गोस्वामी ने बताया कि स्व. ओंकारमल नानचन्द भंडारी की प्रेरणा से मेला लाभार्थी कश्मीर अतुल मावडीकर बंबोरी परिवार निवासी जोजावर की ओर से जूनिधाम खेतलाजी का दो दिवसीय मेला 29 व 30 मार्च को आयोजित किया जाएगा। मेले को लेकर गांव में 28 मार्च को खेतलाजी को बंदोली निकाली जाएगी तथा 29 मार्च सुबह 10 बजे खेतलाजी को भक्तों की ओर 56 भोग लगाया जाएगा। रात्रि में भजन संध्या होगी, जिसमें इंडियन आइडल के नीतिन कुमार, महावीर सांखला नागौर, अर्जुन राणा भीलवाड़ा, विनोद गोमती, श्री राजपुरोहित जालोर, त्रिशा कुमारी उदयपुर भजन प्रस्तुत करेंगे। वहीं मेले के दूसरे दिन 30 मार्च को खेतलाजी मन्दिर में ध्वजारोहण किया जाएगा। उसके बाद धूमधाम के साथ खेतलाजी का वरघोड़ा निकाला जाएगा। वहीं ट्रस्ट के सचिव संदीपसिंह चारण व कोषाध्यक्ष अशोकसिंह राजपुरोहित ने बताया कि मेले में निःशुल्क भोजन व्यवस्था की गई है। मेले को सफल बनाने के लिए ट्रस्ट के पदाधिकारियों व सदस्यों को अलग अलग व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी दी गई है।

## भजन गायक रामलाल बामणिया का निधन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**



**बाली।** गोड़वाड़ क्षेत्र के विख्यात भजन गायक रामलाल बामणिया का निधन हो गया है। वे पिछले एक माह से बीमार चल रहे थे। रामलाल बामणिया ने अपने भजनों से न केवल बाली तहसील बल्कि पूरे गोडवाड़ क्षेत्र में विशेष पहचान बनाई थी। उनके देशी भजन क्षेत्र में बेहद लोकप्रिय थे। उनके निधन की खबर से पूरे इलाके में शोक की लहर है। उनके पिता लच्छा महाराज भी देशी भजनों के प्रख्यात गायक थे। इस तरह रामलाल ने अपने पिता की विरासत को आगे बढ़ाया। उनके निधन से क्षेत्र के सांस्कृतिक जगत को बड़ी क्षति पहुंची है। स्थानीय लोगों और भजन प्रेमियों ने उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है।

## एनएसएस शिविर, पक्षियों के लिए परिंडे लगाए




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाली।** पीएमश्री राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की संचालित इकाई का गुरुवार को तृतीय एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 11 की स्वयं सेविकाओं ने भाग लिया। प्रधानाचार्य भंवरसिंह ने विद्यालय में होने वाली वर्ष पर्यन्त एनएसएस गतिविधियों में स्वयं सेविकाओं के कार्यों की सराहना की। एनएसएस प्रभारी सारिका परिहार ने बताया कि स्वयं सेविकाओं की ओर से शिविर में विद्यालय के पेड़-पौधे की निराई-गुड़ाई की। स्वयंसेविकाओं ने पर्यावरण संरक्षण के लिए शहर के राजकीय चिकित्सालय सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर पक्षियों के पानी के लिए परिन्डे लगाए। साथ ही स्वयं सेविकाओं को सामाजिक दायित्व, समाज सेवा एवं अनुशासन के साथ श्रम के लिए प्रेरित किया।

## खांगड़ी में घांची समाज का वार्षिक मेला व स्नेह मिलन समारोह 5 व 6 को

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** उपखंड के खांगड़ी गांव स्थित चारभुजा नाथ मंदिर परिसर में समस्त क्षत्रिय घांची समाज महासभा के तत्वावधान में घांची समाज का दो दिवसीय वार्षिक मेला व स्नेह मिलन समारोह 5 व 6 अप्रेल को आयोजित होगा। मेले की तैयारियां जोरो पर चल रहीं हैं। समारोह को लेकर महासभा पदाधिकारियों द्वारा गांव-गांव, नगर-नगर जाकर मेले की पत्रिका बांटकर मेले में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जा रहा हैं। महासभा उपाध्यक्ष डा. मुकेश भाटी ने बुधवार को दिल्ली पहुंचकर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को पत्रिका देकर मेले में भाग लेने का निमंत्रण दिया।



डा. भाटी ने राजस्थान भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व राज्यसभा सांसद मदन राठौड़, केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री गजेन्द्रसिंह शेखावत, पाली सांसद पीपी चौधरी, सिरोही-जालोर सांसद लुंबाराम चौधरी, भाजपा राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष, अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी, भाजपा महामंत्री मधु कुमावत सहित अन्य जनप्रतिनिधियों को पत्रिका देकर मेले में भाग लेने का निमंत्रण दिया। उपाध्यक्ष भाटी ने बताया कि खांगड़ी में दो दिवसीय मेला साधू-संतों व महासभा अध्यक्ष आनंद सोलंकी के सानिध्य में आयोजित होगा। मेले में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद पीपी चौधरी, समाज के गौरव भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व राज्यसभा सांसद मदन राठौड़, केबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत, पाली विधायक भीमराज भाटी आदि शिरकत करेंगे। मेले में पहले दिन 5 अप्रेल की रात को भजन संध्या आयोजित होगी। जिसमें गायक कलाकार शंकर टांक, ललिता पंवार भजनों की प्रस्तुतियां देंगे। साथ ही नृत्य कलाकार ममता भारती व पूजा राठौड़ अपनी कलाकारी का प्रदर्शन करेंगी। अजय सुदामा एण्ड पार्टी दिल्ली देवी-देवताओं की झांकियां प्रस्तुत करेंगी। दूसरे दिन 6 अप्रेल को मेला भरेगा। मेले का शुभारंभ मंदिर परिसर से शोभायात्रा के साथ होगा। जिसमें आकर्षक रथ में चारभुजानाथ, गोमाराम महाराज, भद्रानंद महाराज, समाराम, पुरणदास महाराज सहित अन्य संतों की तस्वीर को विराजित कर शोभायात्रा गांव के विभिन्न मुख्य मार्गों से होकर निकलेगी। तत्पश्चात सम्मान समारोह आयोजित होगा जिसमें मेले में सहयोग देने वाले भामाशाहों, अतिथियों व समाज के विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों का बहुमान किया जाएगा। इस दौरान अगले वर्ष मेले में व्यवस्थाओं की बोलियां लगाई जाएगी। महाप्रसादी के साथ मेले का समापन होगा।

## आशापुरा माताजी व सोनाणा खेतलाजी पैदल संघ का स्वागत

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांडेराव।** विश्व शांति एवं आपसी सदभावना की कामना को लेकर सिरोही जिले के कालंद्री गांव से 36 कौम के 108 सदस्यों का एक पैदल यात्रा संघ कुलदेवी आशापुरा माताजी मंदिर नाडोल दर्शनार्थ के लिए रवाना हुआ था। इस पैदल यात्रा संघ व तखतगढ से सोनाणा खेतलाजी जा रहे दोनों पैदल यात्रा संघ के साण्डेराव गंगा वेरी चौराहे पहुंचने पर मारवाड़-गोड़वाड जन कल्याण सेवा समिति के अध्यक्ष जयदेव सिंह राणावत के सानिध्य में वरिष्ठ पत्रकार नटवर मेवाड़ा साण्डेराव सहित ग्रामीणों ने स्वागत किया। वहीं यहां पर पैदल यात्रियों के स्वागत को लेकर पहले से ही आतुर खड़ी महिलाओं ने इन पैदल यात्रियों का कुकुंम का तिलक लगा कर श्रीफल देकर फूलमाला पहनाकर ढोल धमाकों के साथ वदावने करते हुए रंग बिरंगी गुलाल उड़ाते हुए स्वागत कर उन्हें आगे की यात्रा के लिए आशापुरा माता के जैकारें लगाते हुए रवाना किया। सिरोही जिले के कालंद्री गांव से तेजाराम प्रजापत, देवाराम, अंबालाल, नारायण लाल, दिनेश कुमार सहित महिलाओं ने बताया कि वे इस बार 22 वीं पैदल यात्रा को 26 मार्च को लेकर निकले थे जो 29 मार्च की देर शाम को आशापुरा माताजी मंदिर नाडोल पहुंचेंगे। यहां 30 मार्च घट स्थापना पर विश्व शांति की कामना कों लेकर विशेष पूजा अर्चना कर देर शाम को सोनाणा खेतलाजी पर भक्ति की अलख जगाएंगे।



## कैबिनेट मंत्री कुमावत आज रहेंगे सुमेरपुर दौरे पर

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत शु वार को एक दिवसीय सुमेरपुर दौरे पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रमानुसार कैबिनेट मंत्री कुमावत 28 मार्च को सुमेरपुर विधानसभा क्षेत्र के स्थानीय कार्य मों में शामिल होंगे।

## एक दिवसीय रोजगार शिविर आज

**पाली।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार राजस्थान दिवस समाराहे के अवसर जिला रोजगार कार्यालय द्वारा जिला प्रशासन के संरक्षक एवं सहयोग से जिले के शिक्षित बेरोजगार आशार्थियों को लाभान्वित करने के लिए एक दिवसीय रोजगार सहायता शिविर शुक्रवार को सुबह 10 से शाम 3 बजे तक राजकीय बांगड़ महाविद्यालय मैदान पाली में आयोजित किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी मनीष थोरी ने बताया कि एक दिवसीय रोजगार शिविर में निजी क्षेत्रों की विभिन्न कम्पनियों को बुलाया गया। जिससे बेरोजगार आशार्थियों को निजी क्षेत्रों में रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाए जा सके।

## नागणेची माता धाम वार्षिक मेले को लेकर बैठक आयोजित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नाडोल।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी राठौड़ वंश कुलदेवी नागणेची माता के वार्षिक मेले की पूर्व तैयारी एवम मेले के सफल आयोजन के लिए मंदिर परिसर में मेला कमेटी के पदाधिकारियों की बैठक आयोजित हुई। जिसमे सभी पदाधिकारियों ने भाग लिया । मेला समिति के मीडिया प्रभारी वरिष्ठ अध्यापक प्रवीण खीमराज जोशी नाडोल ने जानकारी दी। बैठक का मुख्य उद्देश्य मेले का सफल आयोजन सहित सभी पूर्व तैयारी करना रहा । बैठक में मंदिर पुजारी लक्ष्मण राठौड़, उपाध्यक्ष नरेश राठौड़, नारायण सिंह जोजावर, कोषाध्यक्ष पपूराम सीरवी नारलाई, सह सचिव नर्सिंग ऑफिसर संपत राठौड़, वरिष्ठ सलाहकार चमनाराम राठौड़, एडवोकेट मानाराम राठौड़, भानाराम नाडोल, प्रकाश गुर्जर, पुनाराम गुड़ा पृथ्वीराज धनाराम मोबारसा गुड़ा पृथ्वीराज उपस्थित थे।

## जलेरी माता मेले में उमड़ा आस्था का ज्वार

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**खिंवाडा।** समीपवर्ती कोलर गांव में गुरूवार को जलेरी माता का एक दिवसीय धार्मिक मेला भरा गया। जिसमें समूचे अरावल व कांठा क्षेत्र की जनता उमड़ पड़ी। इस मौके पर श्रद्धालुओं ने मां के दरबार मे माथा टेक कर मन्नतें मांगी व खुशहाली की कामना की। इससे पूर्व गांव में शोभायात्रा निकली जो गांव के विभिन्न मार्गों से होती हुई मन्दिर प्रांगण पंहुचीं। इस दौरान जंहा गेर दलों ने गेर नृत्य किया।





**जमकर की खरीददारी**

मेले मे लगी मणिहारी की दुकानों पर जहां महिलाओं ने जमकर खरीददारी की वहीं युवाओं ने मेले मे लगे झूलों,चाट की दुकानों पर चाट का लुत्फ उठाया।

**भजन संध्या में झूमे श्रोता**

जलेरी माता के मेले की पूर्व संध्या पर जगदम्बा जलेरी उत्सव समिति अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण कोलरिया, वार्ड पंच जगदीश शर्मा व सचिव ओमप्रकाश कोलरिया के अतिथि में आयोजित एक शाम जलेरी माता के नाम भजन संध्या में श्रोता ने देर रात तक जमकर भजनों का लुत्फ उठाया। भजन कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी।भजन संध्या की शुरूआत पारस परिहार ने गणपति वंदना के साथ की।तप्पश्चात महावीर सांखला नागौर एण्ड पार्टी ने जहां झीणी-झीणी उड़े रे गुलाल कोलर रे मेला में, माला रो मणियों रमण वाली डोरी भजनों पर खूब दाद दी। गायक कलाकार ने वो महाराणा प्रताप कठे जैसे देश भक्ति गीत पर एंव नृत्य कलाकार के नृत्य पर सभी झूमने पर विवश हो गए। इस अवसर पर अरावली क्षेत्रिय विकास समिति कोलर नगर अध्यक्ष कैलाश पंवार, मांगीलाल पबावत, बस्तीमल, छोगालाल, श्रवण, गोरधनलाल, भंवरलाल, सोहनलाल आदि उपस्थित थे।

## जिला न्यायाधीश ने किया किशोर न्याय बोर्ड का निरीक्षण

### गृह आवासित बालकों से वार्ता कर व्यवस्थाओं की ली जानकारी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार राजेन्द्र कुमार अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सेशन न्यायाधीश) ने गुरूवार को किशोर न्याय बोर्ड पाली एवं बाल गृहों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार द्वारा बाल गृह के भवन की सफाई व्यवस्था, बालकों के लिये कपड़ें, बिस्तर, भोजन व आहार, चिकित्सा व्यवस्था, पालनागृह तथा भवन की स्थिति आदि के बारे में जायजा लिया गया। प्राधिकरण अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार द्वारा दौराने निरीक्षण सम्प्रेषण गृह में उपस्थित बालकों से वार्तालाप की गई तथा उनकों



गृह में मिलने वालें भोजन की गुणवत्ता, खेल, पढाई इत्यादि के बारे में जानकारी ली। गृह स्टाफ ने बताया गृह आवासित बालकों के अध्ययन के लिए शिक्षा विभाग से अध्यापक को विजिट बेस पर लगाया गया है। परीक्षा किशोर न्याय बोर्ड के आदेशानुसार दिलवाई जाती है। बालकों द्वारा गृह में पर्याप्त मात्रा में समय पर पोषित आहार तथा नाश्ता उपलब्ध करवाया जाना बताया। वर्तमान में बालकों के खेलने हेतु इंडोर गेम्स में केरम, सांप सीढ़ी, लुडो इत्यादि उपलब्ध है। पुस्तकालय में शैक्षणिक एवं नैतिक कहानियों की किताबों का संग्रह भी बालकों के लिए उपलब्ध हैं। बाल गृह में चिकित्सक द्वारा नियमित रूप से



विजिट कर बालकों के स्वास्थ्य जांच की जाती है। न्यायाधीश राजेन्द्र कुमार ने किशोर न्याय बोर्ड पाली में लंबित प्रकरणों के संबंध में प्रिंसिपल मजिस्ट्रेट से जानकारी ली गई तथा लंबित प्रकरणों का शीघ्र ही निस्तारण के भी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान निलेश सिंह चौधरी, प्रिंसिपल मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड पाली, कन्हैयालाल समन्वयक आदि उपस्थित थे।

आईपीएल-2025

# सीएसके-आरसीबी का दिखेगा दम



▶▶ दोनों टीमों ने खेले 33 मैच

**चेन्नई।** आईपीएल 2025 में चेन्नई सुपर किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बंगलूरु (आरसीबी) की शानदार शुरुआत हुई है। दोनों टीमें अपना-अपना पहला मुकाबला जीत चुकी हैं। अब 28 मार्च को दोनों टीमें चेन्नई के चेपॉक मैदान पर खेलेंगी। दोनों टीमों का अपना एक अलग फैन बेस है और स्क्वाड में स्टार प्लेयर्स की फौज है। रोमांच मुकाबला होने की उम्मीद है। आरसीबी के कप्तान रजट पाटीदार हैं। वहीं, सीएसके की कमान रुतुराज गायकवाड़ केपास हैं। इस सीजन में सीएसके का पलड़ा भारी है।

### सीएसके का पलड़ा भारी

आईपीएल में आसीबी और सीएसके के बीच अभी तक कुल 33 मुकाबले खेले गए हैं, जिसमें से 21 में चेन्नई सुपर किंग्स की टीम ने बाजी मारी है। वहीं, 11 में आरसीबी की टीम जीत दर्ज करने में सफल रही है। जबकि एक मैच का कोई नतीजा नहीं निकला है। चेन्नई की टीम ने आरसीबी के खिलाफ ज्यादा मैच जीते हैं। ऐसे में आंकड़ों के हिसाब से चेन्नई का पलड़ा भारी है।

### सीएसके की 6 विकेट से जीत

आरसीबी और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच पिछले सीजन दो मुकाबले खेले गए थे, जिसमें से एक में सीएसके ने और एक में आरसीबी ने जीत हासिल की है। जबकि दोनों टीमों के बीच जो आखिरी मैच हुआ था, जिसमें सीएसके ने 6 विकेट से जीत दर्ज की थी।

### दोनों टीमों की शानदार शुरुआत

आसीबी और सीएसके दोनों टीमों की ही आईपीएल 2025 में शानदार शुरुआत हुई है। आरसीबी की टीम ने अपने पहले मुकाबले में केकेआर को 7 विकेट से शिकस्त दी थी। वहीं चेन्नई सुपर किंग्स ने अपने मुकाबले में चार विकेट से पटखनी दी थी। दोनों टीमों के दो-दो अंक हैं। लेकिन आरसीबी का नेट रन रेट प्लस 2.137 है। इसी वजह से वह प्वाइंट्स टेबल में दूसरे नंबर पर है। वहीं सीएसके का नेट रन रेट प्लस 0. 493 है। इसी वजह से वह प्वाइंट्स टेबल में चौथे नंबर पर है।



# रोहित से बेहतर माही



"आईपीएल के सर्वश्रेष्ठ कप्तान पर माइकल वॉन का जवाब

**नई दिल्ली।** रोहित शर्मा और महेंद्र सिंह धोनी का नाम आईपीएल इतिहास के सबसे सफल कप्तानों की लिस्ट में शामिल है। दोनों ने ही अपनी टीम के लिए पांच बार आईपीएल खिताब जीता है, जो किसी भी अन्य कप्तान की तुलना में सबसे अधिक है। अक्सर इस बात की तुलना होती है कि दोनों में बेहतर कौन है और अब इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर माइकल वॉन ने इस डिबेट पर जवाब दिया है। क्रिकबज से बात करते हुए माइकल वॉन से जब पूछा गया कि महेंद्र सिंह धोनी और रोहित शर्मा में कौन बेहतर कप्तान है, इसका जवाब देते हुए उन्होंने महेंद्र सिंह धोनी का नाम लिया है। बता दें, महेंद्र सिंह धोनी ने आईपीएल में 133 मुकाबले जीते हैं। बात अगर धोनी के कप्तानी रिकॉर्ड की करें तो उन्होंने 226 मैचों में कप्तानी की है। इस दौरान उनकी अगुवाई में टीम मे 133 मुकाबले जीते हैं। बतौर कप्तान धोनी का जीत प्रतिशत 58.84 का है। जबकि रोहित शर्मा ने 158 मैचों में कप्तानी की है। मुंबई इंडियंस के कप्तान के तौर पर रोहित ने इस दौरान 87 मैच जीते हैं और उनका जीत प्रतिशत 42. 40 का है।

### महेंद्र सिंह धोनी का आईपीएल करियर

▪ महेंद्र सिंह धोनी ने आईपीएल में अभी तक 265 मुकाबले खेले हैं, जिसमें उन्होंने 39.12 की औसत और 137. 46 की स्ट्राइक रेट से 5243 रन बनाए। धोनी 96 मौकों पर नॉट-आउट लौटे हैं। धोनी आईपीएल में कोई शतक नहीं लगा पाए हैं, लेकिन उन्होंने 24 अर्द्धशतक लगाए हैं। धोनी के नाम आईपीएल में 363 चौके और 252 छक्के हैं और उन्होंने 152 कैच और 43 स्टंपिंग भी की है।

### रोहित शर्मा का आईपीएल करियर

▪ रोहित शर्मा ने आईपीएल में 258 मैचों की 253 पारियों में 29. 58 की औसत और 131. 03 की स्ट्राइक रेट से 6628 रन बनाए हैं। इस दौरान उनका सर्वोच्च स्कोर 109 का रहा है। रोहित ने आईपीएल में 2 शतक और 43 अर्द्धशतक लगाए है। रोहित 599 चौके और 280 छक्के लगाए हैं। रोहित 29 मौकों पर नाबाद गए हैं।

# हार से मायूस रियान पराग

## राजस्थान की गलतियों को गिनाया



**नई दिल्ली।** गुवाहाटी के बारसापारा क्रिकेट स्टेडियम में कोलकाता ने राजस्थान को क्विटंन डी कॉक की नाबाद 97 रनों की पारी के दम पर 8 विकेट से हरा दिया। यह राजस्थान की इस सीजन की लगातार दूसरी हार है। राजस्थान इस मुकाबले में बल्ले और गेंद, दोनों से संघर्ष करती नजर आई। पहले बल्लेबाज बड़ा स्कोर खड़ा करने में विफल रहे, फिर गेंदबाज विकेट के लिए तरस गए। वहीं, मैच के बाद रियान पराग ने बताया कि आखिर राजस्थान के कहां गलती हुई। बता दें कि, राजस्थान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 9 विकेट के नुकसान पर 151 रन बनाए थे। इसके जवाब में कोलकाता ने डी कॉक की 61 गेंदों में 8 चौके और छह छक्कों के दम नाबाद 97 रनों की पारी के दम पर 15 गेंद रहते ही मुकाबला अपने नाम किया और दो महत्वपूर्ण अंक हासिल किए। रियान पराग ने कहा,"170 वास्तव में एक अच्छा स्कोर होने वाला था, हम उसी का लक्ष्य कर रहे थे। यहां के विकेट को जानते हुए मैंने भी थोड़ी जल्दबाजी दिखाई। हम 20 रन पीछे रह गए। प्लान यह था कि क्विन्नी (क्विंटन डी कॉक) को जल्दी आउट करें, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इसलिए, हम बीच के ओवरों में नियंत्रण की ओर बढ़ गए। उसने वास्तव में अच्छा खेला, इसलिए उसे बधाई। "रियान पराग ने नंबर-3 पर बल्लेबाजी को लेकर कहा,"पिछले साल, टीम चाहती थी कि मैं नंबर 4 पर बल्लेबाजी करूं, मुझे ऐसा करने में खुशी हुई। इस साल, वे चाहते हैं कि मैं नंबर 3 पर बल्लेबाजी करूं, इसलिए टीम जहां भी मुझे चाहे, वहां बल्लेबाजी करने के लिए मुझे पेशेवर होना होगा।

## टीम इंडिया में नायर की होगी एंट्री!

### 'ए' टीम का हो सकते हैं हिस्सा



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम इंग्लैंड दौरे की तैयारी के लिए मई-जून में दो चार-दिवसीय मैच खेलेगी। इस दौरान कुछ सीनियर टीम के खिलाड़ी इंडिया 'ए' की टीम का हिस्सा हो सकते हैं, ताकि वे पांच टेस्ट मैचों की सीरीज से पहले मैच प्रैक्टिस हासिल कर सकें। भारत की टीम 20 जून को हेडिंग्ले में पहला टेस्ट खेलेगी और 2007 के बाद पहली बार इंग्लैंड में सीरीज जीतने का लक्ष्य रखेगी। इंग्लैंड में 'ए' टीम के मैच 30 मई, द स्पिटफायर ग्राउंड, कैंटरबरी और 6 जून को काउंटी ग्राउंड, नॉर्थम्प्टन में खेले जाएंगे। खबर आ रही है कि इन मुकाबलों में करुण नायर को मौका मिल सकता है। भारतीय चयनकर्ताओं के पास 'ए' टीम की घोषणा के लिए अभी काफी समय है, और करुण नायर इस दौरे का हिस्सा बन सकते हैं। इस खिलाड़ी ने 2024-25 डोमेस्टिक सीजन में करुण नायर ने शानदार प्रदर्शन किया है। वो सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे।

## बुरी तरह फंसी टीम इंडिया : आईपीएल फाइनल के 4 दिन बाद ही इंग्लैंड में मैच

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के बाद भारतीय टीम को इंग्लैंड दौरे पर जाना है, जहां उसे पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है, लेकिन इससे पहले इंडिया-ए की टीम वहां 2 प्रैक्टिस मैच खेलेगी। इन प्रैक्टिस मैचों का शेड्यूल जारी हो गया है और भारतीय खिलाड़ी बुरी तरह फंस गए हैं। दरअसल भारतीय क्रिकेट टीम की इंग्लैंड टेस्ट टूर की तैयारी के लिए बीसीसीआई (बीसीसीआई) और इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के बीच एक अहम समझौता हुआ है। इसके तहत, इंडिया ए टीम इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दो 4-दिवसीय प्रैक्टिस मैच खेलेगी। ईसीबी ने पुष्टि की है कि पहला मैच 30 मई से 2 जून तक कैंटरबरी के स्पिटफायर ग्राउंड में होगा, जबकि दूसरा मैच 6 से 9 जून के बीच नॉर्थम्पटन के काउंटी ग्राउंड में खेला जाएगा।




### खिलाड़ियों पर थकान का दिखेगा असर

बड़ी बात ये है कि आईपीएल 2025 फाइनल और इंडिया ए मैच के बीच सिर्फ 4 दिन का अंतर है। आईपीएल 2025 का फाइनल 25 मई को खेला जाएगा, जिसका मतलब है कि आईपीएल के खत्म होने और इंग्लैंड टूर की तैयारी शुरू होने के बीच महज 4 दिन का अंतर होगा। इसका सीधा असर उन खिलाड़ियों पर पड़ेगा जो आईपीएल के फाइनल तक पहुंचेंगे। वैसे आईपीएल के ग्रुप स्टेज के मैच 18 मई तक खत्म हो जाएंगे, इसलिए कुछ खिलाड़ियों को आराम और तैयारी का समय मिल जाएगा। लेकिन जो खिलाड़ी फाइनल में होंगे, वो पहले 4-दिवसीय मैच में शामिल नहीं हो पाएंगे।

# म नो रं ज न

## जीनत अमान को ऐसे मिली 'सत्यम शिवम सुंदरम'




जीनत अमान की फिल्म 'सत्यम शिवम सुंदरम' बॉलीवुड की उन फिल्मों में से एक है, जिसे आज भी खूब देखा जाता है। जीनत अमान की सत्यम शिवम सुंदरम 24 मार्च 1978 को रिलीज़ हुई थी और हाल ही में इसके 47 साल पूरे होने पर यह फिर से चर्चा में आई। इस फिल्म को राज कपूर ने डायरेक्ट किया था और फिल्म में जीनत अमान और शशि कपूर लीड रोल में नजर आए। फिल्म के निर्देशक राज कपूर शुरू में जीनत को इस रोल के लिए नहीं लेना चाहते थे। दरअसल, राज कपूर फिल्म में साधारण और ग्रामीण सुंदरता को दर्शाने वाली अभिनेत्री चाहते थे, जबकि जीनत उस दौर की मॉडर्न और ग्लैमरस छवि वाली एक्ट्रेस थीं। लेकिन जीनत इस रोल को किसी भी कीमत पर करना चाहती थीं। जीनत अमान ने एक दिन खुद को गांव की लड़की के रूप में तैयार किया, साधारण साड़ी, ढंका हुआ चेहरा, और नकली घावों के साथ राज कपूर के ऑफिस पहुंच गईं। जब राज कपूर ने उन्हें इस रूप में देखा, तो पहले तो वे हंस पड़े, फिर उनकी मेहनत से प्रभावित हुए। जीनत ने बताया कि राज कपूर ने उन्हें साइनिंग अमाउंट के तौर पर सोने की गिन्नियां दी थीं।

## 'सिकंदर' की भगवा घड़ी छाई



हाल ही में सलमान खान ने सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीर शेयर की है, जिसमें वह शानदारा वॉच पहने नजर आ रहे हैं। अभिनेता इस समय 'सिकंदर' फिल्म से काफी चर्चा में हैं। अब इस पोस्ट ने फिर से दर्शकों का ध्यान खींच लिया है। अभिनेता सलमान खान ने अपने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें शेयर कीं हैं। इन तस्वीरों में सलमान भगवा रंग की राम जन्मभूमि घड़ी पहने दिख रहे हैं। साथ ही उन्होंने कैप्शन मे लिखा कि 30 मार्च को सिनेमाघरों में मिलते हैं। इस पोस्ट के साथ अभिनेता ने एक भाई चारे का संदेश देने का प्रयास किया है। सलमान खान ने जो घड़ी पहनी है वह अयोध्या राम मंदिर, भगवान राम, भगवान हनुमान और अन्य पवित्र प्रतीकों से जुड़ी हुई हैं। एपिक एक्स राम जन्मभूमि रोज गोल्ड एडिशन नाम की यह शानदार घड़ी लग्जरी ब्रांड जैकब एंड कंपनी की है और इसकी कीमत 61 लाख रुपये है। 'सिकंदर' रिलीज से पहले अभिनेता ने इस वॉच को पहनकर एक खास संदेश देने का काम किया है।

## सारा को आलिया से जलन



आलिया भट्ट बॉलीवुड की टॉप एक्ट्रेसेस में गिनी जाती हैं, जिन्होंने प्रतिष्ठित नेशनल अवॉर्ड अपने नाम किया है। दरअसल, 2023 में उन्हें संजय लीला भंसाली की गंगूबाई काठियावाड़ी का बेस्ट एक्ट्रेस का नेशनल अवॉर्ड मिला था, जो कि उनका फिल्ममेकर के साथ पहला कोलाब्रेशन था और उन्होंने इससे फैंस के दिलों में अपनी अलग छाप छोड़ दी। एक्ट्रेस के लिए 2022 काफी खास रहा क्योंकि जहां उन्होंने गंगूबाई काठियावाड़ी में दमदार परफॉर्मेंस दी तो वहीं इसी साल अप्रैल में उन्होंने रणबीर कपूर से शादी की और नवंबर 2022 में ही उनकी बेटी राहा कपूर का जन्म हुआ। इसी का जिक्र करते हुए सारा अली खान ने कुबूल किया कि आलिया की सक्सेस से उन्हें जलन महसूस होती है। सारा ने कहा, "जब आलिया को नेशनल अवॉर्ड मिला, तो मुझे लगा, 'भगवान ने उसे यह अवॉर्ड दिलाया, उसका एक बच्चा भी है, उसकी ज़िंदगी सेट है।' लेकिन मुझे नहीं पता कि उसे यह पुरस्कार पाने के लिए क्या-क्या सहना पड़ा। एक एक्टर के तौर पर मैंने उसे अमानवीय बना दिया। आप नहीं जानते, उसे भी चुनौतियों और निराशाओं का सामना करना पड़ा होगा। लेकिन मुझे नहीं पता कि इसके पीछे क्या-क्या था। हर सिक्के के दो पहलू होते हैं।" उन्होंने कहा, कहानी के दोनों पक्षों को जानना क्यों जरुरी है, इस बारे में बोलते हुए सारा ने कहा, "अक्सर, जब हम दूसरे लोगों से जलन करते हैं, तो हम बिना किसी जानकारी के ऐसा महसूस करते हैं। हम जलन महसूस इसलिए करते हैं क्योंकि हम बस सफलता देखते हैं और फिर हम उसे चाहते हैं। हम नहीं देखते कि इसके पीछे क्या है, हम इसे कभी नहीं देखते। ईर्ष्या का मतलब है अंधापन।" गौरतलब है कि सारा अली खान ने दिवंगत सुशांत सिंह राजपूत के साथ अभिषेक कपूर की केदारनाथ से डेब्यू किया था।

## धक-धक गर्ल ने साड़ी में चुराया दिल



57 वर्षीय माधुरी दीक्षित ने सोशल मीडिया पर साड़ी में अपनी कई खूबसूरत तस्वीरें शेयर कीं हैं। बालीवुड में धक-धक गर्ल से मशहूर माधुरी दीक्षित दी अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर ये खूबसूरत तस्वीरें पोस्ट कीं हैं, जिसकी फैंस खूब तारीफ कर रहें हैं। माधुरी दीक्षित नारंगी रंग की साड़ी में पोज देती नजर आ रही हैं। उन्होंने हरे रंग के नेकपीस के साथ साड़ी पहनी है। वहीं उनका हेयरस्टाइल बेहद खूबसूरत लग रहा है। अपनी तस्वीरें शेयर करते हुए माधुरी ने लिखा, "गोल्डन समय, गोल्डन चमक और धूप से भरा दिल।"इन तस्वीरों पर फैंस ने हार्ट इमोजी की बहार लगा दी है। जबकि फैंस उनकी खूबसूरती की तारीफें करते नहीं थक रहे हैं।

## प्रभास बनेंगे दुल्हा ?



साउथ सिनेमा के मशहूर अभिनेता प्रभास ने अपनी बेहतरीन अदाकारी से हर किसी का दिल जीता है। प्रभास ने अपनी एक्टिंग के जरिए लाखों लड़कियों के दिल भी चुराए हैं। लेकिन जो खबर हम आपके लिए लेकर आए हैं वो लाखों लड़कियों का दिल तोड़ सकती है। प्रभास अब घोड़ी चढ़ने के लिए तैयार हैं। हालांकि, प्रभास की टीम ने इस संबंध में एक बयान जारी किया है जिसमें कहा गया है कि प्रभास की शादी की खबर झूठी है। बता दें कि ,शादी की खबरों के वायरल होते ही एक्टर की टीम ने बयान जारी कर दिया। प्रभास की टीम ने शादी की खबरों को झूठा बताया है। बयान के मुताबिक टीम ने कहा 'ये बिल्कुल झूठी खबर है। इसे इग्नोर करें। यहां तक कि एक्टर के मुंबई में मौजूद स्पोक्सपर्सन ने भी शादी की खबरों को सिरे से खारिज कर दिया।' बता दें कि , प्रभास 45 साल की उम्र में दूल्हा बनने जा रहे हैं। उनके फैंस को लंबे समय से एक्टर की शादी का इंतजार था तो अब फैंस का इंतजार खत्म होने को है। फैंस सोच रहे होंगे कि प्रभास बाहुबली की 'देवसेना' अनुष्का शेट्टी संग सात फेरे लेंगे तो ऐसा नहीं हैं, बल्कि वो एक बिजनेमैन के घर के दामाद बनने वाले हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक प्रभास की फैमिली ने सुपरस्टार के लिए दुल्हन ढूंढ ली है। हालांकि लड़की कौन है और क्या करती है ये जानकारी सामने नहीं आई है। लड़की के पिता हैदराबाद के एक बड़े बिजनेसमैन हैं। फिलहाल प्रभास की शादी की महत्वपूर्ण जानकारियों को सीक्रेट रखा गया है। खबर ये भी है कि प्रभास बिजनेसमैन की बेटी के साथ बहुत जल्द ही शादी के बंधन में बंध सकते हैं। कथित तौर पर फैमिली ने शादी की तैयारियां शुरू कर दी हैं। श्यामला देवी (प्रभास की चाची) शादी की तैयारियां देख रही हैं। हालांकि इनके अलावा कोई अन्य बड़ी जानकारी सामने नहीं आई है।

# हर पांच किमी पर हो स्वास्थ्य सुविधाएं : सीएम

▸▸ स्वास्थ्य सेवाओं में डिजिटल तकनीक का उपयोग बढ़ाएं

▸▸ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में 13 स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराएं।

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**मुंबई।** राज्य के सभी नागरिकों को पांच किलोमीटर के भीतर गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं मिलनी चाहिए। स्वास्थ्य विभाग की अधिकतम योजनाएं और सुविधाएं ऑनलाइन उपलब्ध कराई जाएं। इसके लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य अवसंरचना निगम की स्थापना का प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाए और अत्याधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं विकसित की जाएं, ऐसे निर्देश मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने दिए। विधान भवन में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की अध्यक्षता में सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में चिकित्सा शिक्षा मंत्री हसन मुश्रीफ, सार्वजनिक स्वास्थ्य मंत्री प्रकाश आबिटकर, स्वास्थ्य राज्यमंत्री मेघना बोर्डीकर और मुख्य सचिव सुजाता सौनिक उपस्थित थे।

### बेहतर समन्वय स्थापित हो

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग और चिकित्सा शिक्षा विभाग के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया जाए। जो चीजें पुरानी और अप्रभावी हो गई हैं, उनमें सुधार किया जाए। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) में अधिकतम उपचार उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाए। तमिलनाडु मॉडल के आधार पर 13 आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं पीएचसी में प्रदान की जाएं। राज्य सरकार नागरिकों को सस्ती और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए प्रयासरत है। इसके लिए सभी अध्ययनों को पूरा कर विस्तृत जानकारी तत्काल प्रस्तुत की जाए।

### सीएम ने दिए अधिकारियों को निर्देश

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि विशेषज्ञ डॉक्टरों की संख्या बढ़ाई जाए, स्वास्थ्य विभाग में नई सुविधाएं शुरू की जाएं, जिला और उप-जिला अस्पतालों का आधुनिकीकरण किया जाए, और ग्रामीण क्षेत्रों में "आयुष्मान स्वास्थ्य मंदिर" की स्थापना की जाए। मुख्यमंत्री फडणवीस ने आगे कहा कि दवाओं की आपूर्ति और उपकरण प्रबंधन में सुधार किया जाए। स्वास्थ्य सेवाओं में डिजिटल तकनीक का उपयोग बढ़ाया जाए। आयुष्मान भारत और राज्य सरकार की बीमा योजनाओं के तहत सरकारी और निजी अस्पतालों की संख्या बढ़ाई जाए।

### टेलीमेडिसिन सेवाएं स्थापित की जाए

चिकित्सा उपचार की लागत को नियंत्रित करने के लिए कठोर उपाय अपनाने होंगे। इसके अलावा, आदिवासी और दूरदराज के क्षेत्रों में विशेष स्वास्थ्य केंद्र, मोबाइल स्वास्थ्य इकाइयां और टेलीमेडिसिन सेवाएं स्थापित की जानी चाहिए। स्थानीय प्रशासन के साथ समन्वय करके स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार किया जाए। निजी अस्पतालों पर सख्त नियमों का पालन सुनिश्चित किया जाए और नागरिकों के लिए स्वास्थ्य शिक्षा और जन जागरूकता अभियान चलाए जाएं। स्वास्थ्य विभाग के डेटा प्रबंधन के लिए एक समर्पित प्रणाली स्थापित करने के निर्देश भी मुख्यमंत्री ने दिए।

# बनसोडे निष्पक्ष रूप से करेंगे सभागृह का संचालन: पवार

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**मुंबई।** विधानसभा के नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष अण्णा बनसोडे ने अपनी कड़ी मेहनत और संघर्ष के बलबूते यह पद हासिल किया है। उनका राजनीतिक सफर हर कार्यकर्ता के लिए प्रेरणादायक है। मेहनत, संघर्ष और जनसेवा के सिद्धांतों पर विश्वास रखते हुए उन्होंने यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी स्वीकार की है। सदन के प्रत्येक सदस्य के अधिकारों की रक्षा करना, सभी को समान न्याय और अवसर प्रदान करना तथा विधानसभा की कार्यवाही को निष्पक्ष रूप से संचालित करना – ये सभी जिम्मेदारियां वे सफलतापूर्वक निभाएंगे, ऐसा विश्वास उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने व्यक्त किया।

### बिना विरोध के निर्वाचित और सदन में अभिनंदन

▪ पिंपरी विधानसभा क्षेत्र के विधायक अण्णा दादू बनसोडे महाराष्ट्र विधानसभा के 22वें उपाध्यक्ष के रूप में निर्विरोध चुने गए। इस अवसर पर विधानसभा में अभिनंदन प्रस्ताव पेश किया गया, जिस पर बोलते हुए उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने उनके कार्यों की सराहना की।

### सदन में निष्पक्षता की जिम्मेदारी

▪ उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने कहा कि जब कोई विधानसभा अध्यक्ष या उपाध्यक्ष बनता है, तो वह किसी एक पार्टी का नहीं, बल्कि पूरा सदन का होता है। इसलिए सदस्य के अधिकारों की रक्षा करना, सभी को न्याय और समान अवसर देना, साथ ही सदन की कार्यवाही को निष्पक्ष रूप से संचालित करना, यह एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी होती है। उन्होंने कहा, "मुझे पूरा विश्वास है कि अण्णा बनसोडे यह जिम्मेदारी पूरी निष्ठा और निष्पक्षता के साथ निभाएंगे।

### भविष्य के लिए शुभकामनाएं

▪ उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने विश्वास व्यक्त किया कि अण्णा बनसोडे अपनी समाजसेवा की परंपरा को आगे बढ़ाएंगे और उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी निष्पक्षता और सफलता के साथ निभाएंगे।

# पालतू कुत्तों का महिला साइंटिस्ट पर हमला

▸▸ महिला को करानी पड़ी नाक की सर्जरी

**मुंबई।** मुंबई के पवई इलाके में एक 37 वर्षीय महिला साइंटिस्ट पर पड़ोस में रहने वाले एक व्यक्ति के दो पालतू कुत्तों ने हमला कर दिया, जिसमें वो बुरी तरह से घायल हो गईं। महिला साइंटिस्ट को कुत्तों के हमले में कई चोटें आई हैं और उन्हें नाक की सर्जरी करानी पड़ी। पुलिस ने बताया कि दो कुत्ते- एक पिटबुल और एक डॉबरमैन, जिनके मालिक दिवेश विर्क हैं। 22 मार्च की सुबह जब यह घटना हुई, तब दोनों कुत्ते उनके ड्राइवर और घरेलू नौकरानी की देखरेख में थे। अधिकारी ने बताया कि तीनों व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। एक निजी फर्म में काम करने वाली शोध वैज्ञानिक ऋचा कौशिक अरोड़ा पवई के जल वायु विहार में अपने फ्लैट की ओर जा रही थीं, जिसका रिनोवेशन का काम चल रहा है। आरोपी नौकरानी और ड्राइवर कुत्तों के साथ एक कार में वहां पहुंचे, जिनका घर पड़ोस की एक इमारत में है। नौकरानी ने कुत्तों के पट्टे पर कंट्रोल खो दिया, जिसके बाद दोनों कुत्तों ने महिला पर हमला कर दिया। इस हमले में महिला के चेहरे, नाक, हाथ और पैर में चोटें आई है।



# मुख्य निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित

मुंबई। मुख्य निर्वाचन अधिकारी एवं सामान्य प्रशासन विभाग के प्रधान सचिव एस. चोक्कलिंगम की अध्यक्षता में राज्य के मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में मतदाता सूची के सतत अद्यतन की प्रक्रिया और प्रत्येक मतदान केंद्र के लिए राजनीतिक दलों द्वारा मतदान केंद्रस्तरीय प्रतिनिधियों की नियुक्ति पर चर्चा की गई। इस बैठक में सामान्य प्रशासन विभाग के उप सचिव एवं सह मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोहर पारकर, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के डॉ. गजानन देसाई, भारतीय जनता पार्टी के गोपाल दळवी, शिवसेना के विलास जोशी, राष्ट्रवादी कांग्रेस (शरद पवार) के रविंद्र पवार, शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के सचिन परसनाईक समेत विभिन्न मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। राजनीतिक दल चुनाव प्रक्रिया के महत्वपूर्ण भागीदार हैं। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार, चुनाव से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर समन्वय बनाए रखने के लिए क्षेत्रीय और राज्य स्तर पर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ नियमित बैठकें की जाती हैं। इसी क्रम में, राज्य के मतदाता पंजीकरण अधिकारी और जिला निर्वाचन अधिकारी स्तर पर 17 से 20 मार्च 2025 के बीच मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के स्थानीय प्रतिनिधियों के साथ बैठकें आयोजित की गईं, यह जानकारी मुख्य निर्वाचन अधिकारी एस. चोक्कलिंगम ने दी। इस बैठक में मुख्य निर्वाचन अधिकारी एस. चोक्कलिंगम ने मतदाता सूची के सतत अद्यतन की प्रक्रिया और प्रत्येक मतदान केंद्र के लिए राजनीतिक दलों द्वारा मतदान केंद्रस्तरीय प्रतिनिधियों की नियुक्ति के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही, उन्होंने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से प्राप्त सुझावों को सुना। बैठक में इन विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई।

▸▸ मतदाता सूची के सतत अद्यतन प्रक्रिया पर राजनीतिक दल हुए शामिल

# नागपुर में तीन आरोपी गिरफ्तार

**नागपुर।** नागपुर के इमामवाड़ा थाना क्षेत्र में एक पिता को बेटी से छेड़छाड़ का विरोध करना भारी पड़ा। पिता ने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने बीच सड़क पर उनकी हत्या कर दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज मामले की जांच शुरू की। मृतक की पहचना नरेश वालदे (53) के तौर पर हुई है, जो पेशे से पेंटिंग का काम करते थे। हत्या के बाद पुलिस ने क्राइम ब्रांच यूनिट-4 की टीम के साथ जांच शुरू की और तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों के नाम निलेश उर्फ नाना मेश्राम और ईश्वर उर्फ जैकी सोमकुवर हैं। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर बाकी आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। परिजनों के मुताबिक बेटी को कुछ युवक लंबे समय से परेशान कर रहे थे। जब नरेश ने इसका विरोध किया, तो आरोपियों से उनका विवाद हुआ। इसके बाद आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी थी।

# अब कुणाल कामरा को 'प्रसाद' देने का वक्त आ गया : शंभूराज देसाई

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**मुंबई।** स्टैंडअप कॉमेडियन कुणाल कामरा के कॉमेडी वीडियो को लेकर महाराष्ट्र में बवाल मचा हुआ है। इसे लेकर मुख्यमंत्री व मंत्री सभी के बयान एक-एककर सामने आ रहे हैं। पिछले दिनों मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस ने कामरा पर कार्रवाई की बात कही तो अब महाराष्ट्र सरकार के शिंदे गुट के मंत्री ने कैमरे पर ही कुणाल कामरा को पीटने की बात कह दी है। बीते दिनों कुणाल कामरा ने निर्मला सीतारमण पर भी एक कॉमेडी वीडियो बनाई थी, जिस वीडियो को देखकर महाराष्ट्र सरकार के मंत्री शंभूराज देसाई भड़क उठे हैं और उन्होंने कैमरे के सामने ही कहा कि कुणाल कामरा ने मर्यादा लांघ दी है और पानी सिर से ऊपर चला गया है। अब उसे प्रसाद(पीटने) देने का समय आ गया है। महाराष्ट्र सरकार के मंत्री शंभूराज देसाई ने कहा कि अब बहुत हो गया, पानी सर से ऊपर चला गया है। कामरा ने जब पहला वीडियो पोस्ट किया था, उसी दिन हमारे शिव सैनिकों ने स्टूडियो में जाकर उन्हें प्रसाद दिया था। कुणाल कामरा जानबूझकर बार-बार लगातार ऐसी हरकतें कर रहा है। कामरा ने एकनाथ शिंदे, प्रधानमंत्री, सुप्रीम कोर्ट और अब निर्मला सीतारमण के खिलाफ आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग किया। अब कुणाल कामरा को शिवसेना स्टाइल में शिवसैनिकों का प्रसाद देने का समय आ गया है।

# सीपी ने किया नए पुलिस भवन का उद्घाटन



विरार। मांडवी पुलिस स्टेशन के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन मीरा भायंदर वसई विरार पुलिस आयुक्त मधुकर पांडेय ने गुरुवार को फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि अब नए भवन के अंतर्गत सभी पुलिस पदाधिकारियों और कर्मियों के रहने सहित अन्य सुविधाएं मिलेगी। इस भवन में कार्यालय से लेकर आवास मीटिंग रूम सहित सभी तरह की आवश्यक कमरे बनाए गए हैं। पुलिस स्टेशन में पहुंचकर लोग अपनी कार्य का निपटारा करा सकेंगे। उससे पहले वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक संजय हजारे द्वारा नए भवन के उद्घाटन के लिए विधिवत रूप से पूजा पाठ कराया गया। मौके पर अपर पुलिस आयुक्त दत्तात्राय शिंदे, जयंत बजबले (पुलिस उप आयुक्त परिमंडल -3 विरार), बजरंग देसाई (सहायक पुलिस आयुक्त विरार विभाग), जितेंद्र वनकोटी (वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक पेल्हार) सहित पुलिस स्टेशन के सभी पुलिस कर्मी उपस्थित थे।

# महाप्रीत-एनबीसीसी के बीच समझौता




**मुंबई।** महात्मा फुले नवीकरणीय ऊर्जा एवं आधारभूत प्रौद्योगिकी लिमिटेड (महाप्रीत) और एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड, नई दिल्ली, जो कि आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय के अंतर्गत भारत सरकार की नवरत्न कंपनी है, इनके बीच मुंबई में विविध आधारभूत सुविधाओं के परियोजनाओं के क्रियान्वयन हेतु एक समझौता ज्ञापन संपन्न हुआ। एनबीसीसी (इंडिया) देश-विदेश में आधारभूत संरचना परियोजनाओं की संकल्पना और अमल तथा ऐसे प्रोजेक्ट्स के लिए निधि उपलब्ध कराने के क्षेत्र में कार्यरत है। ठाणे क्लस्टर डेवेलपमेंट प्रोजेक्ट, भिवंडी मनपा और चंद्रपुर मनपा जैसे प्रमुख प्रोजेक्ट्स में पीएमएवाई और किफायती गृहनिर्माण योजनाओं का क्रियान्वयन महाप्रीत द्वारा किया जा रहा है।

▸▸ मुंबई में गृहनिर्माण सोसाइटियों के पुनर्विकास का मामला

### 56 एसआरए परियोजनाएं की जाएंगी संचालित

मुंबई में लगभग 56 एसआरए परियोजनाएं महाप्रीत द्वारा संचालित की जाएंगी। एमएमआर और विशेष रूप से मुंबई शहर की विभिन्न निजी सहकारी गृहनिर्माण संस्थाओं ने अपने परिसर के पुनर्विकास के लिए महाप्रीत के साथ चर्चा की है। इस समझौता ज्ञापन के अंतर्गत मुंबई शहर की गृहनिर्माण आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए महाप्रीत और एनबीसीसी ये दोनों कंपनियां सहयोग करेंगी। महाप्रीत ईएसजी अनुपालन, स्वच्छ और हरित ऊर्जा मानकों का पालन, कचरा पुनर्चक्रण, डीकार्बोनाइज्ड सामग्री, नवीनतम और पर्यावरण-संवेदनशील लचीली निर्माण तकनीक, राष्ट्रीय पर्यावरण मानक, राज्य के वंचित घटकों के लिए रोजगार के अवसरों का निर्माण और परियोजनाओं की निगरानी के लिए अंतरराष्ट्रीय मानकों पर ध्यान केंद्रित कर रही है। परियोजनाओं के क्रियान्वयन के क्षेत्र में महाप्रीत अग्रणी कंपनी है।

### मरीन लाइन्स जूनियर चैंबर चैरिटेबल ट्रस्ट

# जिला परिषद स्कूल परियोजना नवीनीकरण कार्य पूरा





**मुंबई।** मरीन लाइन्स जूनियर चैंबर चैरिटेबल ट्रस्ट ने हाल ही में फाइनेंशियल बेंचमार्क्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्रायोजित सीएसआर परियोजनाओं के तहत जिला परिषद स्कूल, सखारशेत, जिला पालघर के नवीनीकरण, सौंदर्यीकरण और पुनर्निर्माण कार्य को पूरा किया। इस परियोजना के अंतर्गत स्कूल की चारदीवारी, लड़कों और लड़कियों के लिए स्वच्छ शौचालय सुविधा, मध्यान्ह भोजन पकाने के लिए रसोई क्षेत्र, स्मार्ट क्लासरूम, कंप्यूटर, टीवी और अन्य आवश्यक सुविधाएं स्कूल को प्रदान की गईं। इसका भव्य उद्घाटन समारोह 25 मार्च को जेसीआई सेन डा. जीवराज शाह (संस्थापक अध्यक्ष, पूर्व अध्यक्ष-सार्वजनिक स्वास्थ्य समिति, नगरसेवक मुंबई महानगर पालिका) के करकमलों द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जेएफएस किंजल शाह (जोन अध्यक्ष, जोन 8, जेसीआई इंडिया) थे। विशिष्ट अतिथियों में शामिल थे। जयवंत कमडी (गट शिक्षण अधिकारी, शिक्षण विभाग, पंचायत समिति, वाडा),कृष्ण रोज (सरपंच, ग्राम पंचायत उज्जैनी, तालुका वाडा), द्यानेश्वर वाव्हरे (प्रधानाचार्य, जिला परिषद स्कूल, सखारशेत), इस अवसर पर स्कूल के छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। छात्रों को शैक्षणिक किट वितरित की गईं। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जेसीआई सेनटर प्रेमराज लुनावत (ट्रस्टी, एमएलजेसीसी ट्रस्ट) थे। बोरवेल सुविधा भी स्थापित की गई, जो फाइनेंशियल बेंच मार्क्स इंडिया प्रा. लि. के वित्तीय सहयोग और स्व. जेसी एचजीएफ उषा प्रेमराज लुनावत (पूर्व उपाध्यक्ष, जेसीआई मरीन लाइन्स) की स्मृति में बनाई गई। इसका उद्घाटन जेसीआई सेनटर प्रेमराज लुनावत (ट्रस्टी, एमएलजेसीसी ट्रस्ट) द्वारा किया गया। कल्याणकारी वृक्षारोपण अभियान (जेसीआई मरीन लाइन्स के कल्पतरु प्रोजेक्ट के अंतर्गत) भी आयोजित किया गया, जिसमें स्कूल परिसर में पौधारोपण किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जेसीआई सेनटर पुखराज भंसाली (ट्रस्टी, एमएलजेसीसी ट्रस्ट) थे और विशिष्ट अतिथि जेसीआई सेनटर इंदर यू. जैन (ट्रस्टी, एमएलजेसीसी ट्रस्ट) थे। इस अवसर पर फाइनेंशियल बेंचमार्क्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के उपाध्यक्ष असीत कुमार रॉय को सम्मानित किया गया। सभी उद्घाटनकर्ताओं, मुख्य अतिथियों और विशिष्ट अतिथियों ने फाइनेंशियल बेंचमार्क्स इंडिया प्रा. लि. का उनके सीएसआर प्रोजेक्ट के तहत दिए गए समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया और एमएलजेसीसी ट्रस्ट को छात्रों और शिक्षकों के इस सपने को साकार करने के लिए धन्यवाद दिया। अपने संबोधन में, संस्थापक अध्यक्ष जेसीआई सेन डॉ. जीवराज शाह ने कहा कि सीएसआर परियोजना के तहत ग्रामीण महाराष्ट्र के अन्य गांवों के स्कूलों में भी विकास परियोजनाएं संचालित की जाएंगी। इस कार्यक्रम का संचालन अध्यक्ष जेसी एचजीएफ अरुण संघवी ने किया और सभी अतिथियों, पूर्व अध्यक्षों, सदस्यों, स्कूल शिक्षकों, छात्रों आदि का स्वागत किया। धन्यवाद ज्ञापन नियुक्त सचिव जेसी भरत बोकाडिया द्वारा प्रस्तुत किया गया।

# दूध में मिलावट पर महाराष्ट्र सरकार सख्त

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने दूध में मिलावट को लेकर सख्त रवैया अपनाया है। सरकार ने दूध में मिलावट पर मकोका कानून लगाने को लेकर प्रस्ताव पेश करने की बात की है। यह बैठक विधानभवन में उपमुख्यमंत्री अजित पवार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। सरकार का कहना है कि दूध और इससे जुड़े खाद्य पदार्थों में होने वाली मिलावट एक बेहद गंभीर मामला है, जिससे लोगों की जान को खतरा पैदा होता है। इसे किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दूध और अन्य खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वालों के खिलाफ मकोका (महाराष्ट्र कंट्रोल ऑफ ऑर्गेनाइज्ड क्राइम एक्ट) के तहत कड़ी कार्रवाई करने के लिए मौजूदा कानून में जरूरी संशोधन किए जाएंगे। इस संबंध में एक प्रस्ताव तैयार कर मंत्रिमंडल के सामने पेश करने के निर्देश उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने बैठक में दिए। राज्य में 'एनालॉग चीज' को 'एनालॉग पनीर' के नाम से बेचे जाने की घटनाओं के साथ ही सोलापुर जिले के पंढरपुर तालुका के भोसे गांव में सामने आए दूध मिलावट मामले पर विधानसभा में उठाए गए ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के तहत यह बैठक आयोजित की गई थी। यह बैठक विधान भवन में उपमुख्यमंत्री अजित पवार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इससे पहले भी विधानसभा में घोषणा की गई थी कि दूध में मिलावट करने वालों के लिए तीन साल तक की सजा का कानून जल्द ही लागू किया जाएगा।

# वासुदेव सहदेव कोडसकर लापता



**मुंबई।** हनुमान नगर, मुंब्रा निवासी 54 वर्षीय वासुदेव सहदेव कोडसकर विगत 23 मार्च शाम चार बजे से लापता हैं। घर से निकलने से पूर्व उन्होंने परिवार के किसी सदस्य से कोई चर्चा नहीं की थी कि वे कहां जा रहे हैं और अभी तक लौट कर घर वापस नहीं आए हैं। उनके यूं अकस्मात गायब हो जाने से परिवार के सदस्य काफी चिंतित हैं। परिवार के सदस्यों ने स्थानीय पुलिस में जानकारी देने के साथ साथ अपने स्तर पर भी इनकी तलाश कर रहे हैं। उन्होंने लोगों से अनुरोध किया है कि यदि किसी को उनकी जानकारी मिले तो स्थानीय पुलिस थाने में या मोबाइल नंबर 8286568113 पर सूचित करें।

### दीनदयाल जन आजीविका योजना

# नासिक में क्रियान्वयन को टास्क फोर्स गठित



▸▸ नासिक महानगरपालिका में बैठक आयोजित

**नासिक।** नासिक महानगरपालिका, नासिक अंतर्गत "दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका अभियान" (डीएवाई-एनयूएलएम) के अंतर्गत नवीन लागू "दीनदयाल जन आजीविका योजना - शहरी" (डीजेएवाई-एस) योजना के अंतर्गत मनीषा खत्री (भा.प्र.से.), आयुक्त तथा प्रशासक, नासिक मनपा की अध्यक्षता में गठित की गई "शहर कार्य योजना टास्क फोर्स" (सीएलटीएफ) समिति की मंगलवार, 25 मार्च को मनपा कार्यालय में पहली बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में समिति की उपाध्यक्ष स्मिता झगडे, अतिरिक्त आयुक्त (सेवा), अजित निकत (उपायुक्त), नितिन नेर (उपायुक्त तथा सदस्य सचिव), जे.एन. पाटोले (कार्यकारी अभियंता, पीडब्ल्यूडी, नामनपा), प्रदीप शिंदे (क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी), राजश्री गुंड (उप क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, आरटीओ), डॉ. प्रज्ञा आहिरे (चिकित्सा अधिकारी, जिला अस्पताल), निलेश आहिरे (सहायक कार्यक्रम अधिकारी, रोजगार गारंटी योजना, जिलाधिकारी कार्यालय), अनीसा तडवी (सहायक आयुक्त, कौशल, रोजगार, उद्यमिता विभाग), सुनील दुसाने (जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी), जिला अग्रणी बैंक – बैंक ऑफ महाराष्ट्र की प्रतिनिधि अनुराधा लोंढे, एनयूएलएम विभाग की शहर अभियान प्रबंधक पल्लवी वक्ते, रंजना शिंदे, संदीप भोसले, संतोष निकम, समुदाय संयोजक संदीप कोठेकर, तुषार बोरसे, विशाल पाटील, पवन वझरे और यश बारगजे आदि सरकारी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। वंचित घटकों के लिए कार्य कर रही विभिन्न संस्थाओं एवं संगठनों के लिए समाचार पत्रों में विज्ञापन देकर आवाहन किया गया था, जिसके अनुसार प्राप्त आवेदनों में से 33 संस्थाओं/संगठनों के प्रतिनिधि इस बैठक में उपस्थित थे। केंद्र सरकार की मार्गदर्शिका के अनुसार गृहनिर्माण एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा शहरी गरीबी उन्मूलन हेतु वर्ष 2024 से "दीनदयाल अंत्योदय योजना - राष्ट्रीय शहरी आजीविका अभियान" देशभर में क्रियान्वित किया गया है। अब उसकी जगह आगामी 5 वर्षों के लिए केंद्र सरकार की मार्गदर्शिका के अनुसार शहरी गरीबी उन्मूलन हेतु "दीनदयाल जन आजीविका योजना - शहरी" नामक नई योजना नासिक मनपा कार्यक्षेत्र में आगामी 5 वर्षों हेतु वंचित घटकों के लिए नई योजना क्रियान्वित करने हेतु "शहर आजीविका कार्य योजना" तैयार करने के लिए "शहर कार्य योजना टास्क फोर्स" समिति गठित करने के निर्देश दिए गए हैं।

### नई योजना के अंतर्गत वंचित मुख्य घटक

निर्माण कार्य करने वाले श्रमिक, परिवहन श्रमिक, गिग वर्कर, व्यक्तिगत सेवाएं प्रदान करने वाले श्रमिक, स्वच्छता कार्य करने वाले श्रमिक, घरेलू कामगार, महिलाएं, दिव्यांगजन, वृद्धजन एवं अन्य वंचित वर्ग को ध्यान में रखते हुए कार्यान्वियन किया जाना है। नासिक मनपा क्षेत्र में इन घटकों के लिए विभिन्न सरकारी विभाग, संस्थाएं एवं संगठन कार्यरत हैं।

# साल 2023 मामले में मुंबई हाईकोर्ट ने बनाई जांच कमेटी

▪ 16 नवजात सहित 31 मरीजों की मौत का मामला
▪ नांदेड़ और छत्रपति सांभाजी जिले के सरकारी अस्पताल की घटना
▪ कोर्ट कई योजनाओं पर कर रही थी सुनवाई, कमेटी उपाय भी बताएगी

**मुंबई।** महाराष्ट्र के नांदेड़ और छत्रपति सांभाजी नगर जिले में 2023 में सरकारी अस्पतालों में मौत के मामले में अचानक वृद्धि देखी गई थी जिसे बॉम्बे हाई कोर्ट ने गंभीर करार दिया है और इसकी जांच के लिए एक कमेटी का गठन किया। चीफ जस्टिस आलोक अराधे और जस्टिस एम एस कार्णिक ने कहा कि कमेटी उपाय भी बताएगी ताकि ऐसी घटनाएं दोबारा ना हों। कोर्ट विभिन्न याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी जिनमें नांदेड और छत्रपति सांभाजी नगर जिले के सरकारी अस्पतालों में 2023 में मौत में हुई वृद्धि के मामलों को उठाया गया था। नांदेड़ के मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में अक्टूबर 2023 में 31 मरीजों की मौत हो गई थी जिनमें 16 नवजात थे। जबकि छत्रपति सांभाजी नगर के सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में 2 और 3 अक्टूबर 2023 के बीच 18 मरीजों की मौत हो गई थी।

### सरकार ने अस्पताल को दे दी थी क्लीन चिट


सरकार ने इस मामले में कोर्ट को बताया था कि इसमें अस्पताल की ओर से किसी तरह की बड़ी लापरवाही नजर नहीं आ रही है क्योंकि ये निजी अस्पतालों और छोटे क्लीनिक्स के मरीजों का भार झेल रहे थे। कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि इस मामले मेडिकल एक्सपर्ट की टीम द्वारा जांच कराना उचित रहेगा। यह मामला गंभीर है। हम नहीं चाहते कि ऐसे मामले फिर सामने आएं।

### विशेष सूचना

जागरूक टाइम्स अपने पाठकों के सुख-दु:ख का साथी है। अपने पाठकों के साथ हमेशा खड़ा रहने वाले जागरूक टाइम्स में अब राजस्थानी समाज के शोक संदेश (संक्षिप्त में) नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे। राजस्थानी समाज के समस्त पाठक प्रकाशानार्थ शोक संदेश jagruktimes@gmail.com पर मेल अथवा मोबाइल नंबर- 9930850102 पर व्हाट्सएपकरसकते हैं।

### ओला उबर को मिल सकती है टक्कर

# केंद्र सरकार शुरू करने जा रही 'सहकार टैक्सी', ड्राइवर राइडर दोनों का फायदा




**नई दिल्ली।** ओला और उबर जैसी कंपनियों को केंद्र सरकार की नई सहकार टैक्सी सर्विस से चुनौती मिल सकती है, जिससे ड्राइवर सीधे कमाई कर सकेंगे। अमित शाह ने घोषणा की कि इस सर्विस में कमीशन नहीं देना होगा और सारा मुनाफा ड्राइवर को मिलेगा। सहकार टैक्सी सस्ती और प्रभावी ट्रांसपोर्ट सेवा देने का उद्देश्य रखती है।

ओला उबर जैसी सर्विसेज के साथ अपनी गाडियां चलाने वाले ड्राइवरों की हमेशा एक शिकायत रहती है कि उन्हें सही भुगतान नहीं किया जाता। तमाम ड्राइवरों को यह आरोप लगाते हुए देखा गया है कि कम्पनियां उनसे ज्यादा कमीशन लेती है और उन्हें कम पेमेंट होता है। ओला-उबर को अब एक नई चुनौती मिल सकती है। रिपोर्ट के अनुसार, केंद्र सरकार बहुत जल्द 'सहकार टैक्सी' नाम से एक नई टैक्सी सर्विस शुरू करने जा रही है। कहा जा रहा है कि इससे ओला, उबर और रैपिडो जैसे प्लेटफॉर्म्स को टक्कर मिलेगी। इस सर्विस के तहत लोग बाइक, कैब और ऑटो बुक करा पाएंगे एक जगह से दूसरी जगह जाने के लिए।

#### » नहीं देना होगा कमीशन, सीधे मुनाफा

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने संसद में 'सहकार टैक्सी' का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि इसका मकसद ड्राइवरों को बड़ी कंपनियों को मुनाफा दिए बिना सीधे कमाने में मदद करना है। कहा जा रहा है कि किसी राइड से जो भी मुनाफा होगा, वह सीधे ड्राइवर को मिलेगा। उसे कहीं कोई कमीशन नहीं देना होगा।

#### » पूरे देश में शुरू की जाएगी सहकार टैक्सी

सरकार का कहना है कि आने वाले महीनों में सहकार टैक्सी पूरे देश में शुरू हो जाएगी। इस सर्विस से होने वाला सारा मुनाफा सीधे ड्राइवरों को मिलेगा। एक सहकारी बीमा कंपनी भी बनाई जाएगी, जो बीमा सेवाएं देने का काम करेगी।

#### » टू और फोर-वीलर का होगा रजिस्ट्रेशन

बताया जा रहा है कि सर्विस से जुड़ने के लिए टू वीलर और फोर वीलर्स का रजिस्ट्रेशन सहकार टैक्सी में किया जाएगा। सरकार का कहना है कि सर्विस से जो भी मुनाफा होगा, वह किसी बिजनेसमैन की जेब में नहीं जाएगा। वह सीधे गाड़ी चलाने वाले को मिलेगा।

# कठुआ में दो आतंकियों को सेना ने मार गिराया

### तीन की तलाश जारी

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच गुरुवार सुबह से जारी मुठभेड़ में दो आतंकी मारे गए। तीन आतंकियों की तलाश जारी है। डीएसपी धीरज सिंह समेत पांच सुरक्षाकर्मी घायल हैं।

सभी को जम्मू मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। जुठाना इलाके में 4-5 आतंकियों के छिपे होने की सूचना मिलने के बाद सुरक्षाबलों ने सर्च ऑपरेशन शुरू किया, इस दौरान फायरिंग शुरू हो गई। इससे पहले सोमवार को कठुआ के हीरानगर सेक्टर में आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ हुई थी। तब आतंकियों ने एक बच्ची और उसके माता-पिता को पकड़ लिया था। मौका मिलने पर तीनों आतंकियों के चंगुल से भाग निकले थे। इस दौरान बच्ची की मामूली चोटें आई थीं। आतंकी भी भाग निकले थे।

# राणा सांगा पर विवादित टिप्पणी से उदयपुर में आक्रोश

### श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना का ऐलान सांसद की जुबान काटकर लाने वाले को 5.51 लाख रुपए इनाम देंगे



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**उदयपुर।** तत्कालीन मेवाड़ के शासक राणा सांगा पर सपा सांसद रामजीलाल सुमन की विवादित टिप्पणी के बाद मामला बढ़ता जा रहा है। राजस्थान में भी सांसद के खिलाफ प्रदर्शन और उन पर कार्रवाई की मांग की जा रही है। उदयपुर में आज श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना ने प्रदर्शन किया। राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना उदयपुर के अध्यक्ष अर्जुन सिंह चूंडावत ने ऐलान किया है कि जो भी व्यक्ति सांसद सुमन की जुबान काटकर लाएगा, उसे 5.51 लाख रुपए का इनाम दिया जाएगा। उन्होंने कहा अगर सांसद सुमन ने सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांगी तो मेवाड़ में आने वाले समाजवादी पार्टी के हर बड़े नेता का मुंह काला किया जाएगा। इस ऐलान के बाद सेना के कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट के बाहर सांसद सुमन के खिलाफ प्रदर्शन कर जमकर नारेबाजी की। इसके बाद राज्यसभा सांसद सुमन का पुतला फूंका। कार्यकर्ताओं ने सांसद सुमन को बर्खास्त करने की मांग की है। प्रदर्शन कर रहे सेना के कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

मामले में राणा सांगा के वंशज हनुवंत सिंह बोहेड़ा ने कहा था कि नेताओं-हिंदुस्तान की जनता से मेरी विनती है कि पहले इतिहास की जानकारी लें। पृथ्वीराज चौहान के बाद अगर कोई हिंदुस्तान में राजा था तो वे राणा सांगा थे, जिन्होंने पूरे देश को एक झंडे के तले लाने का काम किया था। बोहेड़ा ने बताया- राणा सांगा ने कभी बाबर को नहीं बुलाया था। उन्होंने देश की राजनीतिक व्यवस्था को ये समझाया था कि अगर अफगानिस्तान और हिंदुस्तान के बीच पड़ने वाले दर्रे में 10 हजार लोगों को लगा दें तो वे देश में नहीं आ पाएंगे। उन्होंने हिंदुस्तान के राजाओं को समझाया कि मुझे अपने पुत्र दो। उसी से उन्होंने उस दर्रे में सेना बना कर खड़ी की।

# बीजेपी कार्यालय में नहीं होगी जनसुनवाई

### भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने मंत्रियों को आवास पर जनसुनवाई के लिए पाबंद किया



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** वसुंधरा राजे सरकार के समय बीजेपी कार्यालय में शुरू हुई जनसुनवाई फिलहाल शुरू नहीं होगी। उस समय सरकार के मंत्री और पार्टी पदाधिकारी प्रतिदिन प्रदेश कार्यालय में जनसुनवाई करते थे। भजनलाल सरकार में करीब 9 माह पहले जनसुनवाई कार्यक्रम शुरू किया गया था। लेकिन इसमें मंत्री शामिल नहीं हुए थे। तत्कालीन प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने इसे शुरू करवाया था। लेकिन सरकार की ओर से सहयोग नहीं मिलने के चलते यह जनसुनवाई कार्यक्रम बंद हो गया। अब इसके फिर से शुरू होने की संभावनाएं बहुत कम है। बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ का कहना है कि हमने पहले भी दो से तीन बार जनसुनवाई शुरू करने का प्रयास किया था। कार्यालय में कार्यकर्ता की जगह जनता अधिक संख्या में आ जाती है। ऐसे में अत्यधिक लोड बढ़ जाता है।

#### मंत्रियों को जनसुनवाई के लिए पाबंद किया

मदन राठौड़ ने कहा कि प्रदेश कार्यालय में किस तरह से जनसुनवाई हो, इसे लेकर क्या तरीका अपनाया जाए। इस पर हम विचार कर रहे हैं। हमने सभी मंत्रियों को पाबंद किया है कि वह अभी अपने आवास पर जनसुनवाई करें। इसके लिए सभी मंत्रियों को निर्देशित किया गया है कि वे जनसुनवाई के लिए दिन व समय तय करें। इससे लोगों को राहत प्रदान की जा सके। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी जनसुनवाई करते हैं। वे जनता के बीच जाते है, उनकी समस्याएं सुनते हैं और उनका समाधान करने के लिए अधिकारियों को निर्देश भी देते हैं। इसी तरह से अब मंत्रियों को भी अपने यहां जनसुनवाई के लिए पांबंध किया गया है।

#### कार्यालय में केवल 4 दिन चली जनसुनवाई

प्रदेश में बीजेपी की सरकार बनने के बाद 13 जून 2024 को प्रदेश कार्यालय में जनसुनवाई शुरू हुई थी। लेकिन यह केवल 4 दिन ही चली। इसमें दावा किया गया था कि सरकार के मंत्री भी इसमें शामिल होंगे। एक दिन भी कोई मंत्री जनसुनवाई के लिए नहीं पहुंचा था।

#### कांग्रेस के शासन में लगता था जनता दरबार

सबसे पहले प्रदेश कार्यालय में जनसुनवाई कार्यक्रम की शुरुआत वसुंधरा राजे ने की थी। उसके बाद अशोक गहलोत सरकार के तीसरे कार्यालय में इसे कांग्रेस ने भी फॉलो किया। पीसीसी में जनता दरबार के नाम से जनसुनवाई कार्यक्रम चलता था। इसमें सरकार के मंत्री और पीसीसी पदाधिकारी जनता की समस्याएं सुनकर मौके से ही अधिकारियों को समस्या हल करने के निर्देश देते थे।

# लोकसभा में इमिग्रेशन बिल पास

### अमित शाह बोले, भारत धर्मशाला नहीं, बांग्लादेशियों से सख्ती से निपटेंगे

**नई दिल्ली।** लोकसभा में गुरुवार को इमिग्रेशन एंड फॉरेनर्स बिल 2025 पास हो गया। बिल पर चर्चा का जवाब देते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, पश्चिम बंगाल से बांग्लादेशियों और रोहिंग्या की घुसपैठ हो रही है। ऐसे में जो लोग भारत की व्यवस्था में योगदान करने, व्यापार और शिक्षा के लिए आते हैं, ऐसे सभी लोगों का स्वागत है। लेकिन चाहे रोहिंग्या हो या बांग्लादेशी अगर यहां अशांति फैलाने के लिए आते हैं, तो ऐसे लोगों के साथ बड़ी कठोरता के साथ व्यवहार होगा। अगर कोई भारत को नुकसान पहुंचाने की मानसिकता के साथ आता है तो उससे सख्ती से निपटा जाएगा।

उन्होंने कहा, मोदी सरकार केवल उन लोगों को भारत आने से रोकेगी जिनके इरादे गलत हैं। यह देश कोई धर्मशाला नहीं है। भारत में आने वाले सभी विदेशी नागरिकों की जानकारी रखी जाएगी। वे किस रास्ते से आ रहे हैं। कहां रुक रहे हैं। क्या कर रहे हैं। इमिग्रेशन एंड फॉरेनर्स बिल लोकसभा में 11 मार्च को पेश किया गया था। इस पर सत्ता और विपक्ष के 30 सांसदों ने अपनी बात रखी।



#### नियम बनाकर अवैध घुसपैठियों को रोक रहे

हमारी सीमा पर कुछ संवेदनशील स्थान हैं, सेना के अड्डे हैं, उनको दुनियाभर के लिए खुले नहीं छोड़ सकते थे। पहले भी घुसपैठियों को रोका जाता था, लेकिन तब इसका नियम नहीं था। हममें हिम्मत है नियम बनाकर रोकने की। पूरी व्यवस्था को वैज्ञानिक तरीके से एक कानून में बांधने का काम किया गया है। सुरक्षा की दृष्टि से ड्रग्स कार्टल, घुसपैठियों की कार्टल, हवाला व्यापारियों को समाप्त करने की व्यवस्था हम इस बिल में कर रहे हैं। पासपोर्ट एक्ट में पासपोर्ट-वीजा अनिवार्य होगा। विदेशियों के रजिस्ट्रेशन को और पुख्ता किया जाएगा।

### विशेषयोग्य जन बच्चों के लिए गुरुवार को 'देखो अपना शहर' जागरूकता यात्रा का हुआ आयोजन

# प्रकृति से विशेष प्रतिभा और ऊर्जा प्राप्त हैं विशेषयोग्य जन बच्चे: दिया कुमारी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राजस्थान दिवस के अवसर पर पर्यटन विभाग की ओर से आयोजित हो रहें सप्ताहभर के कार्यक्रमों की श्रृंखला में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी की उपस्थिति में जंतर मंतर पर प्रात: 9.15 बजे से विशेषयोग्य जन बच्चों के लिए गुरुवार को 'देखो अपना शहर' जागरूकता यात्रा का आयोजन किया गया।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने इस अवसर पर विशेषयोग्य जन बच्चों से स्नेहपूर्वक बातचीत भी की। उनके इस आत्मीय संवाद से विशेषयोग्य जन बच्चे उत्साहित और प्रसन्न नजर आये। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने इस अवसर पर कहा कि विशेष योग्यजन बच्चों को प्रकृति की ओर से विशेष प्रतिभा और ऊर्जा प्राप्त है। उन्होंने कहा कि यह बच्चे कई मायनो में सामान्य बच्चों से भी अधिक योग्य हैं। इनकी योग्यता, प्रतिभा और ऊर्जा का सदुपयोग राष्ट्र और प्रदेश के विकास के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण है। राजस्थान को अग्रणी प्रदेश बनाने में राज्य सरकार ऐसे विशेष योग्यजन बच्चों की प्रतिभा का सदुपयोग करने के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। उन्हें प्रेरित और प्रोत्साहित करने के लिए संकल्पित है।



#### » विशेषयोग्य जन बच्चों ने फूल देकर किया स्वागत, उपमुख्यमंत्री ने दिए उन्हें उपहार

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने विशेषयोग्य जन बच्चों को उपहार दिए जबकि बच्चों ने उनको फूल देकर उनका स्वागत किया। उपमुख्यमंत्री ने विशेषयोग्य जन बच्चों को जंतर मंतर, सिटी पैलेस और अल्बर्ट हॉल सहित आमेर भ्रमण करवाने के भी अधिकारियों को निर्देश दिए।

#### » ग्रामीण पर्यटन को बढ़ाने पर दिया जोर

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी के साथ जंतर मंतर देखने आये विदेशी पर्यटकों ने फोटो खिचवाए। उपमुख्यमंत्री ने विदेशी पर्यटकों को राजस्थान के गावों का भ्रमण करने के लिए भी प्रोत्साहित किया। वहीं उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए बाड़मेर यात्रा में उत्तरलाई के गांव में की गई अपनी यात्रा को अवस्मरणीय बताया। उन्होंने कहा सीमावर्ती क्षेत्र की महिलाएं अपने गांव में मजबूती के साथ दैनिक जीवन के सारे काम करती हैं। मैंने उन महिलाओं के साथ समय बिताया उनके दैनिक जीवन के काम जैसे चक्की पीसना और अन्य काम भी उनके साथ किये। महिलाएं सशक्त हो रही हैं। उन्होंने कहा कि बाड़मेर में आयोजित महिला सम्मलेन बहुत सफल रहा। उन्होंने कहा कि उक्त सम्मलेन में 20 हजार महिलाओं के स्थान पर 30 हजार महिलाओं ने सहभागिता की। सरकार महिला सशक्ति करण के नित नए नवाचार कर रही है। जिससे महिलाओं और बालिकाओं के विकास के नये अवसर मिल रहें हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में महिला सशक्ति करण की कई योजनाएं संचालित हो रही है।

# जयपुर एयरपोर्ट पर यात्री के रेक्टम में मिला सोना

### एक्स-रे में दिखा 70 लाख का गोल्ड पेस्ट, मास्टरमाइंड को भी दबोचा

**जयपुर।** जयपुर के इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर करीब 70 लाख के गोल्ड पेस्ट को आरोपी यात्री के शरीर से रिकवर किया गया है। डायरेक्टरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस की टीम ने गुरुवार (27 मार्च) सुबह आरोपी यात्री के साथ गोल्ड स्मगलिंग के मास्टरमाइंड को भी दबोचा है। सूत्रों के अनुसार एजेंसी के हाथ लगे मास्टरमाइंड तस्कर अजय फगोड़िया से पूछताछ में कई बड़े खुलासे होने की संभावना है।

डीआरआई के अधिकारियों के पास जानकारी थी कि एयर अरेबिया से आ रहा एक पैसेंजर गोल्ड की स्मगलिंग कर रहा है। सऊदी अरब की राजधानी रियाद से जयपुर पहुंची फ्लाइट के गेट जैसे ही खुले एजेंसी की टीम अलर्ट हो गई। डीबोर्डिंग शुरू होते ही एजेंसी के लोगों ने पहले से मिली सूचना के आधार पर आरोपी पैसेंजर की तलाश शुरू कर दी।

सूत्रों के अनुसार शक के आधार पर आरोपी पैसेंजर को कस्टम जांच के लिए रुकवाया गया, लेकिन उसके पास कुछ नहीं मिला। हालांकि, जांच के दौरान आरोपी के बदले हावभाव से जांच करने वाली टीम का शक गहरा गया। आरोपी पैसेंजर की अलग से ले जाकर फिर जांच की गई और पूछताछ शुरू हुई, लेकिन कुछ नहीं मिला। शक के आधार पर एजेंसी ने कोर्ट से तुरंत यात्री का एक्स-रे करवाने की परमिशन ली। जिसमें पेस्ट के तौर पर (रेक्टम) में छुपाया गया गोल्ड नजर आया। इसकी कीमत करीब 70 लाख रुपए बताई जा रही है।

आरोपी पैसेंजर से जब अधिकारियों ने गोल्ड स्मगलिंग को लेकर पूछताछ शुरू की तो उसने बड़ा खुलासा किया। आरोपी ने गोल्ड तस्करी के मास्टरमाइंड अजय फगेड़िया के बारे में जानकारी दी। जो उसी के साथ ही रियाद से आया था। इसके बाद दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया।

# जयपुर में परिचित ने किया विवाहिता से रेप

**जयपुर।** जयपुर में परिचित युवक के एक विवाहिता से रेप करने का मामला सामने आया है। कोल्ड ड्रिंक में नशा मिला पिलाकर आरोपी ने रेप किया। विरोध करने पर अश्लील वीडियो वायरल कर जान से मारने की धमकी दी। चाकसू थाने में पीड़ित विवाहिता ने आरोपी परिचित के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है। मामले की जांच एसएचओ (चाकसू) मनोहर लाल कर रहे हैं। पुलिस ने बताया चाकसू की रहने वाली 27 साल की विवाहिता ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। परिचित होने के कारण आरोपी से बातचीत होती रहती थी। आरोप है कि 13 जनवरी को गाड़ी लेकर आरोपी परिचित रास्ते में मिला। बातचीत कर उसे गाड़ी में बैठाकर फागी की तरफ ले गया। चाकसू रेलवे स्टेशन के आगे गाड़ी रोककर कोल्ड ड्रिंक पीने को दी। कोल्ड ड्रिंक में नशा मिला होने के कारण पीते ही बेहोशी छाने लगी। बेहोशी की हालत में आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया। उसके अश्लील फोटो-वीडियो मोबाइल में बना लिए। होश आने पर विरोध करने पर अश्लील फोटो-वीडियो मोबाइल दिखाकर शांत करवा दिया। परिजनों को बताने की कोशिश करने पर आरोपी ने अश्लील वीडियो वायरल करने के साथ जान से मारने की धमकी दी। ब्लैकमेलिंग के टॉर्चर से परेशान होकर पीड़ित विवाहिता ने चाकसू थाने में आरोपी परिचित के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई।

# जस्टिस यशवंत वर्मा के ट्रांसफर पर सीजेआई का बार एसोसिएशनों को आश्वासन, कहा करेंगे विचार

**नई दिल्ली।** गुजरात हाई कोर्ट, केरल हाई कोर्ट, कर्नाटक हाई कोर्ट, लखनऊ बार एसोसिएशन, इलाहाबाद हाई कोर्ट सहित छह बार प्रमुखों ने भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना को चिट्ठी लिखकर दिल्ली हाई कोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा के ट्रांसफर आदेश पर रोक लगाने की मांग की है। दिल्ली हाई कोर्ट के न्यायाधीश के घर बड़ी मात्रा में नकदी मिली थी।

चिट्ठी मिलने के बाद, मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने दिल्ली में बार एसोसिएशनों के प्रमुखों से मुलाकात की। चिट्ठी में एसोसिएशन ने वर्मा के 30, तुगलक क्रीसेंट स्थित आवास से नकदी बरामदगी से संबंधित मामले में जवाबदेही और उचित जांच की मांग की है। इसके अलावा, चिट्ठी में कहा गया है कि दिल्ली हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय की रिपोर्ट को सार्वजनिक किया जाए और न्यायाधीशों की जवाबदेही तय की जाए।

इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल तिवारी ने बताया कि मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने आश्वासन दिया है कि वे न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के तबादले की कॉलेजियम की सिफारिश वापस लेने की वकीलों की मांग पर विचार करेंगे।बार एसोसिएशनों ने चीफ जस्टिस खन्ना के सामने रखी ये मांग

बार एसोसिएशनों ने मुख्य न्यायाधीश और सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम से जस्टिस वर्मा का ट्रांसफर वापस लेने और पहले से वापस लिए गए न्यायिक कार्यों के अतिरिक्त सभी प्रशासनिक कार्य भी वापस लेने का अनुरोध किया है। एक संयुक्त बयान में कहा गया है, जस्टिस यशवंत वर्मा का ट्रांसफर आदेश को वापस न लेने की स्थिति में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष इलाहाबाद में मिलेंगे और इलाहाबाद हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के साथ एकजुटता दिखाएंगे। यह बयान ऐसे समय में आया है जब इलाहाबाद हाई कोर्ट बार एसोसिएशन जस्टिस वर्मा को उनके मूल न्यायालय में ट्रासंफर करने के खिलाफ है।

# सहकारिता मंत्री के न्यायालय में सुनवाई का समय बदला

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राज्य सरकार द्वारा एक आदेश जारी कर सहकारिता मंत्री के न्यायालय में सुनवाई का समय बदलकर दोपहर 2.30 बजे के स्थान पर प्रात: 11.00 बजे किया गया है।

सहकारिता विभाग के सहायक शासन सचिव जी.एस.चतुर्वेदी ने बताया कि राजस्थान सहकारी सोसाइटी अधिनियम 2001 की धारा 104 एवं 107 के तहत दर्ज अपील व निगरानी के प्रकरणों की सुनवाई प्रात: 11 बजे से होगी। उन्होंने बताया कि यह समय 15 अप्रैल 2025 से 27 जून 2025 तक प्रभावी रहेगा।

# अमेरिका-यूरोप में टेस्ला कार जला रहे, भारत लाने की तैयारी

### 2025 में मस्क को 11 लाख करोड़ का नुकसान



**वॉशिंगटन।** बिजनेसमैन इलॉन मस्क की नीतियों से नाराज अमेरिका और यूरोप के लोग उनकी इलेक्ट्रिक कार टेस्ला को जला रहे हैं। पिछले बीते चार महीने में 100 से ज्यादा टेस्ला कारों में आगजनी या तोड़फोड़ की गई। यह सब घटनाएं ऐसे समय पर हो रही हैं, जब जल्द ही टेस्ला के इंडियन मार्केट में एंट्री की खबरें हैं। अमेरिका और यूरोप में टेस्ला कारों में आगजनी से मस्क और उनकी कंपनी को बड़ा नुकसान उठाना पड़ रहा है। अमेरिकी जांच एजेंसी एबीआई ने 25 मार्च को टेस्ला पर हमलों की जांच के लिए एक विशेष टास्क फोर्स की घोषणा की है।

#### टेस्ला का बॉयकॉट क्यों कर रहे लोग

सरकारी कर्मचारियों की छंटनी से मस्क के खिलाफ नाराजगी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने इलॉन मस्क को सरकारी विभाग में सुधार के लिए डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी का प्रमुख बनाया है। यह डिपार्टमेंट सरकारी खर्च में कटौती पर जोर दे रहा है। मस्क के डिपार्टमेंट ने खर्च में कटौती के लिए करीब 20 हजार लोगों को सरकारी नौकरियों से नौकरी से निकाल दिया है, जबकि 75 हजार लोगों ने बायआउट (मर्जी से नौकरी छोड़ना) का फैसला किया है। इसे लेकर उनके खिलाफ बड़े पैमाने पर नाराजगी दिखी है।

स्वत्वाधिकारी - नारायण पब्लिकेशन प्रा. लि., प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक, हेमल पुरोहित के लिए अम्बर ऑफसेट प्रा. लि., डी.एल. टॉवर, 3-ए, विद्याश्रम संस्थानिक क्षेत्र, जे.एल.एन. मार्ग, जयपुर से मुद्रित एवं कोरल स्टूडियो-1, प्लॉट नं. बी-64/65 , फ्लैट नं. 106, सहकार मार्ग, इमली फाटक, जयपुर से प्रकाशित। रजि. नं. RAJHIN/2009/31386 सम्पादक- हेमल पुरोहित। सम्पर्क करें: 0141-6766677, 0141-2743001, e-mail : Jtjaipur@gmail.com